फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 72 संख्याः 194 प्रभात जयपुर, गुरुवार 17 फरवरी, 2022 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.00 रु.

ARBiT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

"Aap Ki Nazron Ne Samjha Pyar Ke Kabil Mujhe"

The players knew that it was Raj Singh that saw the players receiving Rs one lakh each through the Delhi show.

AQI: Work From Home Worse

Obituary: Rahul Bajaj The Prince Of Bombay Club



*ऑस्ट्रेलिया की सरकार ने अधिकृत रुप से कोआला को संकटग्रस्त प्रजाति घोषित कर दिया है। जंगलों की कटाई और जंगलों में आग लगने की वजह से इनकी आबादी निरंतर घट रही है। राष्ट्रीय कानून के तहत ''संकटग्रस्त'' का दर्जा मिलने से यह स्पष्ट हो गया है कि कोआला के संरक्षण के लिए तुरंत ध्यान देने की जरुरत है। सन् 2012 में कोआला को ''वल्नरेबल'' वर्ग में रखा गया था लेकिन उसके बाद से इसकी स्थिति निरंतर बिगड़ती गई, इससे स्पष्ट है कि ऑस्ट्रेलिया की सरकारें इसके संरक्षण के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा पाईं। थ्रैटन्ड स्पीशीज़ कमेटी ने ऑस्ट्रेलिया की सरकार से सिफारिश की थी कि क्वीन्सलैण्ड, न्यूसाउथवेल्स और ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टैरिटरी के कोआला समूहों के ''कंज़र्वेशन स्टेटस'' को अपग्रेड किया जाए। नैशनल लॉ में सूचीकरण का स्टेटस इस बात को स्वीकार करता है कि कोआला की स्थिति पर ध्यान देना और अधिक ''अर्जैन्ट'' हो गया है। ऑस्ट्रेलिया की पर्यावरण मंत्री सूसन ली ने कहा कि, सरकार ने कोआला को एन्डेन्जर्ड जीवों की लिस्ट में शामिल करने के अलावा, लम्बे समय से लम्बित पड़ा नैशनल रिकवरी प्लान भी अपनाया है। पर्यावरण समूह लम्बे समय से मांग कर रहे थे कि कोआला का संरक्षण स्टेटस अपग्रेड किया जाए। ह्यूमन सोसायटी इन्टरनैशन, डब्ल्यु.डब्ल्यु.एफ. ऑस्ट्रेलिया तथा इन्टरनैशनल फंड फॉर एनिमल वैलफेयर ने इसे एन्डेन्जर्ड जानवरों की सूची में डालने की मांग की थी। ''एन्डेन्जर्ड'' दर्जा मिलने से अब कोआला को अतिरिक्त सुरक्षा मिलेगी और एक बार जब रिकवरी प्लान अपना लिया जाएगा तो सरकार के मंत्री ऐसे निर्णय नहीं ले पाएंगे जिनसे कोआला को खतरा हो। इसके लिए वो अब कानूनन बाध्य होंगे। सन् 2020 में एक संसदीय जांच में पाया गया था कि, अगर सरकार ने कोआला के प्राकृतिक आवास की सुरक्षा के लिए कोई एक्शन प्लान नहीं बनाया तो 2050 तक ये लुप्त हो सकते हैं, अगर तुरंत कदम उठाए गए तो इन्हें बचाया जा सकता है।*

# भाजपा, पहले दो चरणों के दुष्परिणाम की भरपायी करना चाहती है, तीसरे राउण्ड में

## पर, पिछले विधानसभा चुनाव की सफलता दोहराना आसान नहीं भाजपा के लिये, आगामी तीसरे राउण्ड के मतदान में

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। उत्तर प्रदेश के 16 जिलों की 59 सीटों के लिये होने वाले मतदान के तृतीय चरण से चार दिन पहले, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इटावा में एक जनसभा को संबोधित करते हुये, एक बार फिर पूर्ववर्ती सपा सरकार के ''गुंडा राज'' पर जमकर हमला बोला। इसके साथ ही हाल ही के दिनों में एक सोशल मीडिया अभियान भी छेड़ा गया है, जिसमें विपक्षी दलों की ''जातिवादी राजनीति'' के कारण, ''हिन्दू धर्म के लिये खतरे'' पैदा होने की आशंकाओं पर विशेष जोर दिया गया है।

जहाँ आम धारणा यह है कि भाजपा ने जाट-बहुल प्रथम चरण में तथा मुस्लिम बहुल दूसरे चरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, वहीं तीसरा चरण सत्तारूढ़ दल को उन नुकसानों की भरपाई करने का अवसर प्रदान करेगा।

- पिछले चुनाव में इस क्षेत्र की 59 सीटों में से 49 सीटें भाजपा जीती थी। इसका प्रमुख कारण था, भाजपा ने सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले के अंतर्गत गैर यादव ओ.बी.सी. को अपने पक्ष में संगठित कर लिया था।
- पर, इस बार गैर यादव ओ.बी.सी. भाजपा के पक्ष में नज़र नहीं आते। इस बार शाक्य, मौर्य, सैनी, पाल व कुशवाहा, भाजपा से विमुख हैं।
- पिछले चुनाव में यादव वोट भी विभाजित था, कुछ तो निष्क्रिय होकर घर बैठे रहे और कुछ भाजपा के पक्ष में आये थे। और अखिलेश भी परिवार की कलह में फंसा हुए थे, पर, अब पारिवारिक विवादों से निपट कर अखिलेख यादवों को एक छत्र नेता के रूप में स्वीकार हो गए हैं, तथा यादव भी सत्ता से बाहर रहने के बाद, अखिलेश के पक्ष में पूरी तरह एकजुट हुए हैं।
- तीसरे चरण में भी भाजपा सपा के ''गुण्डाराज'' व ''हिन्दू धर्म'' संकट का नारा दे रही है।

वर्ष 2017 के चुनावों में, भाजपा ने गैर-यादव ओ.बी.सी. को अपने पक्ष में लामबंद करके, इस क्षेत्र 59 में से 49 सीटें जीती थीं। लेकिन कुछ ऐसे कारण हैं, जिनके चलते उसी रणनीति के पूर्व की तरह सफल होने की संभावना इस बार नहीं है। एक कारण तो यह है कि गैर-यादव ओ.बी.सी. जैसे शाक्य, सैनी, पाल या कुशवाहा 2017 की तरह, भाजपा का समर्थन नहीं कर रहे हैं। यह वही क्षेत्र है, जहाँ महान दल के केशव प्रसाद मौर्य, जो सपा के गठबंधन-पार्टनर हैं, का काफी अच्छा प्रभाव है। योगी आदित्यनाथ सरकार में मंत्री रहे स्वामी प्रसाद मौर्य सपा में आ ही चुके हैं। राजा रामपाल, जो एक महत्वपूर्ण कुर्मी नेता हैं, भी इस बार सपा का समर्थन कर रहे हैं। संक्षेप में, भाजपा के उस सोशल इंजीनियरिंग फॉर्मूले, जिसे पार्टी ने 2017 के विधानसभा चुनावों के अलावा, 2014 तथा 2019 के लोक सभा चुनावों में सफलतापूर्वक काम में लिया था, के निष्फल रहने का खतरा मँडरा रहा है।

इस तथ्य के बावजूद कि इस क्षेत्र की 32 विधानसभा सीटों पर, यादव दमदार स्थिति में हैं, सपा 2017 के चुनाव में यहाँ बिल्कुल साफ हो गई थी क्योंकि यादव के कई वर्ग या तो उदासीन

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# आधार कार्ड कोई कवच नहीं, सरकारी योजनाओं का पैसा लीक नहीं होने के लिये

## पी.एम. किसान सम्मान निधि के छोटे व मार्जिनल किसानों को दी जाने वाली चौथाई राशि गलत जगह पहुंच गई है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। मोदी सरकार का दावा है कि इसके कार्यक्रमों में फंड का कोई लीकेज नहीं हो रहा है क्योंकि कार्यक्रम आधार से ''लिंक्ड'' हैं, लेकिन इसके विपरीत सरकार ने दिसम्बर 2016 में शुरु हुई आधार पर आधारित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में अब तक 58.08 लाख अपात्र किसानों को 2,589 करोड़ रू. से ज्यादा का भुगतान किया है। इस योजना में छोटे व सीमान्त किसानों को प्रतिवर्ष 2,000 रू. तीन किश्तों में 6,000 रू. का भुगतान किया जाता है।

सूचना के अधिकार के तहत पूछे गए एक सवाल के जवाब से पता चला है कि हालांकि यह राशि सीधे किसान के बैंक खाते में जाती है पर 24 प्रतिशत (13.73 लाख) लाभार्थी आयकर दाता है। यह जानकारी तब सामने आई है जब मौजूदा वित्त वर्ष की अंतिम किश्त शीघ्र ही जारी होने वाली है। सरकार ने पहले ही जांच के आदेश दे दिए हैं कि पैसा गलत हाथों में कैसे जा रहा है। यह जवाब इस माह के आरम्भ में केंद्र सरकार के कृषि और परिवार कल्याण विभाग से मिला है।

- सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार, 2589 करोड़ रू. की यह सहायता राशि, उन लोगों के हाथ में पहुंची, जिन्हें यह सहायता लेने का कोई अधिकार ही नहीं था।
- स्कीम के अनुसार हरेक निर्धन व कमजोर किसान को 6000 रू. की राशि प्रतिवर्ष दे रही है सरकार।
- शर्त है कि, यह राशि केवल उन किसानों को मिलेगी, जो इन्कम टैक्स नहीं देते हैं तथा आधार कार्ड से सरकार यह जानकारी आसानी से प्राप्त कर लेती है कि, कौन इन्कम टैक्स देता है और कौन नहीं।
- आधार कार्ड वैरिफिकेशन के बावजूद इस सहायता राशि का इतना बड़ा अंश उन लोगों को कैसे मिला, जो यह सहायता पाने के हकदार ही नहीं थे।

पी.एम. किसान वैबसाइट में साफ लिखा है कि ऐसे किसान परिवार जिनके परिवार में एक भी आयकर दाता है वे इस योजना के तहत लाभार्थी बनने के पात्र नहीं हैं।

फरवरी 2022 में उत्तर प्रदेश में सबसे 14.9 लाख अपात्र किसानों की जानकारी मिली जिनसे 98 करोड़ रू. वसूले जाने हैं। दूसरे स्थान पर आश्चर्यजनक रूप से असम है जहां 13.35 लाख अपात्र किसान हैं जिनसे 768.3 करोड़ रू. वसूले जाने हैं। दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार है।

आर.टी.आई. कार्यकर्ता अविनंदन जना, जिन्होंने पी.एम. किसान निधि योजना के आकंडे जुटाए थे, का कहना है कि सरकार को आयकर दाताओं से 1,067 करोड़ रू. वसूलने है, इनमें से अधिकांश की आय का जरिया व्यापार है वे किसान नहीं हैं। उनका दावा है कि लिस्ट में फर्जी लाभार्थियों के नाम जिला प्रशासन की जानकारी से जोड़े गए थे। योजना के

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# शादी निरस्त

-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक विवाह को खारिज कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला इस आधार पर दिया कि वह महिला 12 साल से अपने पति और ससुराल वालों के साथ नहीं रह रही थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर वह महिला वैवाहिक रिश्ते को बहाल नहीं करना

- सुप्रीम कोर्ट ने उस महिला की शादी निरस्त की, जो गत बारह साल से अपने ससुराल में रहने में कोई रूचि नहीं दिखा रही।

चाहती है तो वह उस पर दबाव डालना नहीं चाहता है।

जस्टिस अजय रस्तोगी और अभय एस. ओका की बैंच ने कहा कि महिला ने अपने वैवाहिक रिश्ते को दोबारा शुरु करने की कोशिश नहीं की ना ही उसने अपने वैवाहिक अधिकार पर दावे के लिये कोई याचिका ही दायर की है। वह गुवाहाटी के कॉलेज में काम करती है और उसका पति असम के ही तेजपुर जिले में व्यापार करता है। वह सिर्फ एक बार दिसम्बर 2009 में ही ससुराल गई

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# सी.बी.आई. को भय है, बैंक स्कैम में लिप्त ''स्कैमस्टर'' विदेश भागने में सफल हो जाएंगे

## बैंकों ने प्र.मंत्री को चिट्ठी लिखकर आशंका व्यक्त की कि, गैर भाजपा सरकारों के असहयोग के कारण सी.बी.आई. इन अपराधियों के खिलाफ जांच करने में कुण्ठित हो रही है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सैन्ट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सी.बी.आई.) ने प्रधानमंत्री कार्यालय को सावधान कर दिया है कि वे गैर भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात करें, कि इससे पहले कि बड़े बैंक घोटालेबाज देश से भाग जायें, वे राज्य ऐसे करीब 100 लोगों को गिरफ्तारी में मदद करें, क्योंकि जब तक राज्यों में कार्यवाही करने के लिये सरकार की सामान्य सहमति/स्वीकृति नहीं होगी, तब तक सी.बी.आई. लुकआउट नोटिस जारी नहीं कर पायेगी।

पी.एम.ओ. को भेजी गई अपनी रिपोर्ट में, एजेंसी ने कहा है, ''बहुत बड़े बैंक फ्रॉड के करीब 100 ऐसे केस हैं, जो दर्ज नहीं किये जा सकते क्योंकि राज्यों ने, दिल्ली स्पेशल पुलिस ऐस्टाब्लिशमेंट एक्ट (जिसके तहत सी.बी.आई.) कार्यवाही करती हैं, के तहत विशिष्ट स्वीकृति देने से इंकार कर दिया है या संबंधित राज्य सरकारों द्वारा दी स्वीकृतियाँ वापस ले ली गई हैं।''

- सरकारों के इस रवैये के कारण, अपराधियों को मौका मिल जाता है, भारत से पलायन करने का।

उन राज्यों में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, छत्तीसगढ़ तथा तमिलनाडू शामिल हैं, जहाँ गैर भाजपा सरकारों के कारण, बैंक-फर्जीवाड़ा की सी.बी.आई. द्वारा शुरू की गई जाँचें गति नहीं पकड़ सकीं। मुम्बई में ऐसे सर्वाधिक बैंक हैं तथा सी.बी.आई. वह बैंक फर्जीवाड़ों की जाँचों में तेजी नहीं ला पा रही है।

सी.बी.आई. के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि एजेंसी ने गुजरात के ए.बी.जी. शिपयार्ड के शीर्ष प्रबंधन को 2300 करोड़ रू. के कथित बैंक-फ्रॉड में ''लुकआउट सर्कुलर'' जारी कर दिया है ताकि कम्पनी के किसी भी व्यक्ति को हवाई अड्डों तथा सीमा पार करके देश से भाग जाने से रोका जा सके।

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# नये कानून

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने, चार वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपने साथ मोटर साइकिल पर ले जाते समय, बच्चों की सुरक्षा के लिये मोटर वीकल एक्ट के तहत, नये नियम अधिसूचित कर दिये हैं।

15 फरवरी को जारी की गई अधिसूचना में उनके लिये सेफ्टी हार्नेस तथा क्रैश हैलसेट का उपयोग अनिवार्य

- चार साल से कम उम्र के बच्चे को मोटरसाइकिल पर साथ बिठाने के लिये नये कानून बनेंगे।

कर दिया गया है तथा मोटर साइकिल की गति अधिकतम 40 किमी/घंटा तक सीमित कर दी गई है। इसका मसौदा अक्टूबर 2021 में जनता की टिप्पणियों एवं सुझावों के जारी कर दिया गया था।

ये नियम सैन्ट्रल मोटर वीकल (दूसरा संशोधन) रूल्स 2022 कहा गया है तथा ये नियम गजट अधिसूचना के एक साल बाद लागू हो जायेंगे। 4 से

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# कोविड की भांति आतंकवाद पूरी तरह खत्म नहीं हो रहा, विशेषकर सीमा पार से आने वाला आतंकवाद

## जब भी भारत या पाकिस्तान के शासकों को ''सुविधाजनक'' लगता है, सीमा पार से आने वाला आतंकवाद खबरों में छाने लगता है

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 16 फरवरी। जैसे महामारी विशेषज्ञ कहते हैं कि कोविड-19 अब कमोबेश अब रहेगा ही, ठीक वैसे ही, आतंकवाद भी रहेगा, खासतौर से इसका सीमा-पार वाला वैरिएंट तो जाता दिखाई नहीं देता, बस कभी-कभी यह कमज़ोर पड़ जाता है। लेकिन यह नियमित रूप से अपना सिर उठाता रहता है या फिर जब भी भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को इसे उभारना करना या जनता में इसकी चर्चा करना सुविधाजनक लगता है, यह अपना सिर उठा ही लेता है।

अब हमें इसका सामना करना है। भारत में चुनावों के लिये मतदान चल रहा है तथा पाकिस्तान का नेतृत्व अपनी खराब अर्थव्यवस्था एवं राजनैतिक प्रशासन की और से दबाव महसूस कर रहा है।

ये कारण सम्भवतः भारत और पाकिस्तान के बीच अनवरत चल रहे वाक् युद्ध समझा सकते हैं। दोनों ही देश इस समय एक-दूसरे पर पश्चिमी सीमा पर संकट को उकसाने एवं भड़काने के आरोप लगा रहे हैं।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ की न्यूयॉर्क-स्थित ''काउन्टर टैररिज़्म कमेटी'' (सी.टी.सी.) को सूचित किया है कि पाकिस्तान पाक-अधिकृत कश्मीर में आतंकवाद को समर्थन एवं वित्तीय मदद देने के लिये जिम्मेदार है। इधर पाकिस्तान ने सीमा-पार अफगानिस्तान से आ रहे आतंकवाद पर चिन्ता जताई है।

पाकिस्तान के दैनिक ''डॉन'' की रिपोर्ट कहती है कि यू.एन. मिशन में पाकिस्तान के वकील उमर सिद्दीकी ने यू.एन. की सुरक्षा परिषद में दी गई दलीलो में उन ''मास्टर माइन्ड्स'' को जिम्मेदार ठहराया, जो पाकिस्तान सीमा के अन्दर सीमा पर के आतंकी हमलों को समर्थन, प्रोत्साहन एवं पैसा दे रहे हैं। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से आ रहे क्रॉस-बॉर्डर आतंकवाद का मुद्दा सुरक्षा परिषद में भारत द्वारा इस सप्ताह के शुरू में यू.एन. के मंच का उपयोग करते हुये पाक-अधिकृत कश्मीर में आतंकवाद को प्रोत्साहित करने के लिये पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद उठाया।

- अभी भारत में चुनाव हैं तथा पाकिस्तान की सरकार इकोनॉमिक व राजनीतिक संकटों में घिरी हुई है, अतः दोनों देशों के बीच गर्मा-गर्म शब्दों का खुलकर उपयोग हो रहा है।

भारत की पहल से न्यूयॉर्क में हुई यू.एन. की काउन्टर-टैररिज़्म कमेटी (सी.टी.सी.) की वार्षिक मीटिंग दक्षिण एशिया की इन दो परमाणु-ताकतों के बीच के वाक् युद्ध में बदल गई। जनवरी के बाद कमेटी की यह पहली मीटिंग थी, जिसकी अध्यक्षता भारत ने की।

डॉन ने कहा कि पिछले सप्ताह पाक की सुरक्षा सेनाओं ने बलूचिस्तान के उनके शिविरों पर हुये दो हमले नाकाम किये थे। लड़ाई में, कम से कम 13 आतंकी मारे गये थे, जबकि पाकिस्तान के सात सैनिक तथा एक अधिकारी शहीद हो गये थे।

पिछले महीने, इसी प्रकार का एक हमला बलूचिस्तान के कैच नामक स्थान पर हुआ था जिसमें पाकिस्तान के 10 सैनिक शहीद हो गये थे।

इस सप्ताह के शुरू में, इन्टर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आई.एस.पी. आर.) ने घोषणा की थी कि पाकिस्तान ने उन लोगों के बीच हो रहे संदेशों के आदान-प्रदान को पकड़ा, जिन्होंने बलूचिस्तान में हमले किये थे तथा जो लोग अफगानिस्तान और भारत से उन्हें निर्देश प्रदान कर रहे थे।

पाकिस्तान की कड़ी कूटनीतिक निन्दा करते हुये, भारत के प्रतिनिधि राजेश परिहार ने इस्लामाबाद पर दोषारोपण करते हुये कहा कि वह इस क्षेत्र में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, परिहार ने अपने दावे की पुष्टि के लिये 2016 के पठान कोट हमले तथा 2019 के पुलवामा हमले का उल्लेख भी किया था। ऐसा ही अप्रत्यक्ष तरीका अपनाते हुये, पाकिस्तान के प्रतिनिधि ने यू.एन. की इस संस्था से कहा कि वह सुनिश्चित करे कि पाकिस्तान में आतंकी हमले करने के लिये अफगानिस्तान की ज़मीन का उपयोग न हो।

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कमेटी-सदस्यों को याद दिलाया कि पाकिस्तान ने एक से अधिक बार कि उनके देश में हुये आतंकी हमलों में बाहरी (भारतीय) लिप्तता के अकाट्य साक्ष्य यू.एन. सुरक्षा परिषद के साथ साझा किये हैं।

सिद्दीकी ने कहा, ''हम सब जानते हैं कि तहरीके-तालिबान पाकिस्तान (टी.टी.पी.) तथा जमात-उल-अहरार (जे.यू.ए.) जैसे आतंकी समूहों को समर्थन एवं पैसा कौन दे रहा है।''

पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने मूलभूत मानवाधिकारों, जैसे कश्मीर में आत्मनिर्णय के अधिकार के लिये होने वाला जायज संघर्ष को आतंकवाद से अलग देखने की जरूरत पर भी बल दिया। उन्होंने कहा, ''हमें तकनीकी निकायों की हाईजैकिंग की अनुमति भी

( शेष पृष्ठ 7 पर )

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पैंथर की मौत

उदयपुर, 16 फरवरी (कासं)। उदयपुर से डबोक जाने वाले मार्ग पर देबारी के समीप जिंक चौराहे पर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक पैंथर की मौत हो गई। घटना देर रात की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार देबारी जिंक चौराहे पर देर रात पास की पहाड़ियों से आया पैंथर सड़क पार अन्य पहाड़ी की

- देबारी ज़िक चौराहे पर देर रात पास की पहाड़ियों से पैंथर नीचे आकर सड़क पार दूसरी पहाड़ी की ओर जा रहा था, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे चपेट में ले लिया।

ओर जा रहा था इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। सुबह सड़क पर मृत पैंथर को देख वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने मृत पैंथर को सड़क से किनारे किया। इसके पश्चात मौके पर

( शेष पृष्ठ 7 पर )

## विचार बिन्दु

काम-क्रोध और लोभ, ये तीनो नरक के द्वार है। –गीता

# सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव के दौर में मीडिया अशांत

मीडिया और समाज दोनों ही पिछले दो दशकों में आये सामाजिक-आर्थिक बदलावों और तकनीकी विकास के कारण अपने आप को उथल-पुथल में पाकर अशांत हैं। सामाजिक भूमिका की अपनी समझ और बाजार के दबाव के परस्पर विरोधी हितों के बीच समाचार संगठनों में ऐसा तनाव हमेशाही बना रहा है। विशेषज्ञों ने परंपरागत रूप से इसे पत्रकारिता-उन्मुख और व्यवसाय-उन्मुख श्रेणियों में विभाजित किया है। उनका कहना है कि जैसे-जैसे प्रतियोगिता कड़ी होती जाती है और आर्थिक विचार तेजी से केंद्र में आ जाते हैं तब पत्रकारिता और व्यवसाय के बीच संतुलन बनाये रखने के लिए संपादकीय नेतृत्व की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। नई परिस्थितियों में काम करना और समाचार प्रस्तुतीकरण के कारोबारी माहौल को लगातारबदलना जब जरूरी हो जाता है तब समाचार संगठनों के भीतर व्यावसायिक क्षमता की आवश्यकता भी बढ़ जाती है। इस प्रकार बदलते मीडिया परिदृश्य में संपादकीय टीम के नेता से यह अपेक्षा बढ़ जाती है कि वह अपनी पत्रकारिता के साथ व्यावसायिक दक्षता का भी कौशल रखे और उसका प्रदर्शन करे क्योंकि किसी भी समाचार संगठन में चुनौतियों से निपटने के लिए प्रथम उसी की जिम्मेदारी बनती हैं। नये अर्थतंत्र में समाचार संगठन के नेतृत्व की जिम्मेदारी अब उसी को सौंपी जाने लगी है जो बाज़ार को साध सके। यह स्थिति पत्रकारी नैतिकता और बाजार की मांग के बीच तनाव पैदा करती है। मीडिया जगत में यह तनाव समाचारों के चयन और प्रस्तुतीकरण में प्रकट होता है। बाज़ार की ताकतों का हावी होना परंपरागत पत्रकारिता के लोगों को अवांछनीय लगता है।

सर्वत्र महसूस किए जा रहे इस तनाव को समझने के लिए पहले यह समझना आवश्यक है कि मीडिया से हमारा आशयक्या है? मीडिया अर्थात् माध्यम। माध्यम का स्वयं का अपना कोई रूप नहीं होता है। वह एक मंच होता है जिस पर अनेक लोग और संस्थाएं लोकसंचार की भूमिका में सक्रिय होते हैं। यह लोकसंचार सर्व लोकहित का हो सकता है, व्यावसायिक हित वाला हो सकता है तो असामाजिक और आतंकी हितों को साधने वाला भी हो सकता है, जैसा कि सोशल मीडिया के उपयोग का हमारा अनुभव बताता है। सही बात तो यह है कि जब हम मीडिया की भूमिका की बात करते हैं तब मीडिया का उपयोग करने वालों की भूमिका की बात करते हैं। इसलिए विस्फोटक हालात तक पहुंचे हुए आर्थिक तनाव को समाचार माध्यमों के कर्मियों की भूमिका के परिपेक्ष्य में समझना समीचीन होगा। पहले जब अधिकतर समाचार माध्यम छपे हुए समाचार पत्र ही हुआ करते थे तब यह विधा पत्रकारिता कहलाती थी। मगर कालांतर में यंत्र तकनीक के जबर्दस्त विस्तार के चलते जनसंचार के अन्य माध्यमों – रेडियो, टीवी और इंटरनेट – ने सारा परिदृश्य बदल दिया है। इस तकनीकी विस्तार ने मनोरंजन की दुनिया से आगे जाकर समाचार जगत में प्रवेश करलिया है जिससे खेल के नियम आमूल बदल गए हैं। यंत्र तकनीक का यह विकास बाज़ार जनित है। इसका एक मात्र उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच बना कर उपभोग की वस्तुओं और सेवाओं के लिए ग्राहक जुटाना होता है। इस नए परिवेश में समाचार माध्यमों को ही नहीं समाचारों को भी मनोरंजक बनाने और उसी तरह उन्हें प्रस्तुत करने की कला सीखते हुए पत्रकार मीडियाकर्मी बन गए जिन्हें नये गुर सिखाने के लिए प्रचार या विज्ञापन विधा के लोगों का दखल स्वाभाविक रूप से होना ही था। इससे पत्रकारिता पूर्वकाल जैसी नहीं रही और मीडियाकर्म में बदल गई। मीडिया पर निगाह रखने वाले बहुत से लोग मानते हैं कि इस कारण पुराने जमाने की पत्रकारिता में जो एक वैचारिक ईमानदारी का आग्रह हुआ करता था वह शनैः शनैः तिरोहित होता चला गया है।

पत्रकारिता को यदि हम एक मानवीय और सामाजिक संस्कार मान लें तो गलत भी नहीं होगा। संस्कारवान समाचार मीडिया, भले ही वह किसी भी काल का हो, उसकी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका सच्ची जानकारी देने की मानी जाती रही है। मगर इसके लिए पहली जरूरत होती है मीडियाकर्मी के खुद के पास सच्ची जानकारी का होना। कभी पत्रकार से यह अपेक्षा होती थी कि वह इतना काबिल हो कि वह सूचनाओं के सत्य की सभी परतें पहचान सके और उन्हें बिना किसी मिर्च मसाले की लेई में लिपटाये प्रस्तुत कर सके। वही अपेक्षा आज के मीडियाकर्मी से करना गलत भी नहीं है। इसीलिए समाचार माध्यमों से सामाजिक सरोकारों की अपेक्षा की जाती हैं। मीडियकर्मी इस भूमिका में तभी रह सकता है जब वह चिरस्थाई विपक्ष की तोहमत झेल कर भी आम जन के साथ खड़ा रहे। मीडियाकर्मी एक ऐसे शिक्षक की भूमिका में भी होता है जो सत्य को उजागर करे तथा लोगों के सम्मुख ऐसी अप्रीतिकर बातें रखने में भी गुरेज नहीं करे। मगर मीडिया संस्थानों का नया आर्थिक मॉडल मीडियाकर्मी को वस्तुओं के लिये बाज़ार बनाने की नई भूमिका में धकेलता है। बाज़ार की ताकतें यह काम बड़ी चतुराई से करवाती हैं। ऐसी ताकतों के हाथों में खेलता हुआ मीडियाकर्मी ऊपर से तो जनहित का सबसे बड़ा पैरोकार नज़र आता है मगर वह वास्तव में बाज़ार का हित साध रहा होता है। इससे वह खुद भी बेखबर होता है। प्रत्येक तेजी से आगे बढने वाला संस्थान समाचार को बिक्री योग्य उत्पाद बना कर उसे मनोरंजक और ध्यान आकर्षित करने वाला बनाने की एक दूसरे से होड़ करता नज़र आता है। खबरों को रंग देकर लोगों में कौतूहल जगाया जाता है ताकि पढने-देखने वालों को उनमें रस आये और वे उससे जुड़े रहें। इस जुड़े रहने के समय में बाज़ार अपना माल बेचने के प्रपंच रचता है। हम जानते हैं कि किसी अखबार की लागत का अधिकांश हिस्सा उसे अपने पाठक से उसके दाम के रूप में नहीं मिलता। लागत और बिक्री मूल्य के बीच का अंतर विज्ञापनों से होने वाली आय से पाटा जाता है। ऐसे में यह तनाव और अधिक गंभीर हो जाता है। डिजिटल मीडिया में प्रिन्ट मीडिया जैसा लागत-बिक्री का यह तनाव तो नहीं होता किन्तु उसके नए प्रकार के व्यावसायिक मॉडल की अपनी शर्तें और जरूरतें होती हैं जहां ग्राहक को लगातार ललचाना होता है। या तो ग्राहक उसके कंटेन्ट का पैसा दे या उसे विज्ञापन से आय हो। दोनों ही परिस्थितियों में ग्राहक को लुभाने के जबरदस्त इंतजाम करने पड़ते हैं। यह स्थिति तनाव पैदा करती है। ऐसे तनाव के माहौल में समाजशास्त्री पत्रकारिता को बचाने की बात करते हैं।

> **कभी पत्रकार से यह अपेक्षा होती थी कि वह इतना काबिल हो कि वह सूचनाओं के सत्य की सभी परतें पहचान सकें और उन्हें बिना किसी मिर्च मसाले की लेई में लिपटाये प्रस्तुत कर सकें। वही अपेक्षा आज के मीडियाकर्मी से करना गलत भी नहीं है। इसीलिए समाचारमाध्यमों से सामाजिक सरोकारों की अपेक्षा की जाती हैं।**

यह तो सभी मानते हैं कि स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की महत्वपूर्ण जरूरत है। यह भी कि लोकतंत्र को बचाना है तो असहमति का होना जरूरी है। असहमति को अभिव्यक्ति का अधिकार भी बताया जाता है। अभिव्यक्ति की आज़ादी की बात करते हुए बहसों में अकादमिक लोगों के साथ मीडिया को अपनी राय के हिसाब से नियंत्रण करने वाले भी कूद पड़ते हैं और एक नया तनाव पैदा करते हैं। हम जानते हैं कि डिजिटल मीडिया के जमाने में इन दिनों सामाजिक सरोकारों के किसी मुद्दे पर बात करना आसान नहीं रहा है। ज्यों ही किसी ने ज़बान खोली इसे राजनीति के दो में से किसी एक पाले में खड़ा कर दिया जाता है। जब ऐसा किया जाता है तब संवाद नहीं रह जाता। भिडंत हो जाती है। यहां लगने लगता है कि असहमति लोकतंत्र का जरूरी पहलू है तथा संवाद की अहमियत है जैसे आदर्श वाक्य धरे रह जाते हैं। स्वतंत्र मीडिया और लोकतंत्र कैसे और क्यों संकट में है यह खासकर उदारवादियों के लिए अधिक चिंता का विषय लगने लगा है। संपूर्ण उदारवादी लोकतांत्रिक प्रणाली उन दार्शनिक विचारों पर आधारित है जो हमें 18वीं शताब्दी से विरासत में मिली है। खास कर व्यक्ति की स्वतंत्र इच्छा का विचार उदार वैश्विक नज़रिये को रेखांकित करता है, जैसे मतदाता सबसे बेहतर जानता है, ग्राहक हमेशा सही होता है, सुंदरता देखने वाले की निगाह में होती है, अपने दिल की मानें और वह करें जो मन को अच्छा लगे। ये सभी उदारवादी मॉडल, जो हमारी राजनीतिक और आर्थिक प्रणाली की नींव हैं, वे मानते हैं कि अंतिम अधिकार व्यक्तियों की स्वतंत्र पसंद है। दिलचस्प बात यह है कि मुक्त बाज़ार का भी यही मंत्र है, ग्राहक हमेशा सही होता है। स्वतंत्र इच्छा की घोषणा इस दार्शनिक और आध्यात्मिक नज़रिये पर आधारित है कि ग्राहक की पसंद मानव की स्वतंत्र इच्छा का प्रतिनिधित्व करती है, जो दुनिया में सबसे महत्वपूर्ण अधिकार है इसलिए हमें इसे मानना चाहिए। राजनीतिक क्षेत्र में यही बात कुछ इस तरह से कही जाती है कि मतदाता सबसे बेहतर जानता है। परंतु जब चुनावों के परिणाम विचारों के विपरीत आते हैं तब उसी मतदाता को भ्रम में पड़ना बता दिया जाता है। जानकार कहते हैं कि स्वतंत्र इच्छा हमेशा एक मिथक ही रही है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं रहा। विज्ञान तो प्रकृति में केवल दो प्रकार की प्रक्रियाओं को जानता है। एक तो नियतिकारक (डिटर्मिनिस्टिक) तथा दूसरी आकस्मिक (रेंडम)। कहते हैं कि आकस्मिक और संभाव्यता को स्वतन्त्रता नहीं कह सकते। मानव में इच्छाशक्ति होती है। वे फैसला लेते हैं। वे अपनी पसंद बनाते हैं लेकिन क्या वे सच में अपनी इच्छानुसार चयन कर सकते हैं, यह बड़ा सवाल हमेशा से ही बना रहा है। विचारवान लोग कहते हैं कि पसंद स्वतंत्र नहीं होती। मीडिया के जरिये ग्राहक की पसंद तैयार की जाती है जिसके लिए आज डिजिटल तकनीक नये-नये औजार तैयार कर रही है। दबाव में आया मीडिया और मीडियाकर्मी इनका उपयोग करने के लिए अभिशापित हैं।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# ''खबर लहरिया'' साक्षर महिलाओं के बदलाव की कहानी : ऑस्कर में नॉमिनेशन का सम्मान



राजेन्द्र मोहन शर्मा




साक्षर महिलाओं की टीम की ओर से संचालित अखबार जो अब पोर्टल पर आ गया है 'खबर लहरिया' के नाम से विख्यात समाचारों की दुनिया ने महिला शक्ति की पहल का इतिहास रच दिया है। महज दो दशक की यात्रा में खबर लहरिया ने सिद्ध कर दिया कि सामाजिक सरोकारों पर आधारित पत्रकारिता की जाए तो लोगों का ध्यान ही नहीं जाता अपितु वह यथोचित सम्मान भी हासिल करता है। इसी क्रम में खबर लहरिया की डॉक्यूमेंट्री 'राइटिंग विद फायर' ने ऑस्कर अवाड्र्स में नॉमिनेशन हासिल कर धमाका कर दिया।

खबर लहरिया हिन्दी की उपबोली बुन्देली में प्रकाशित एक आंचलिक समाचार पत्र था जिसका प्रकाशन 2002में महज दो पन्नों से हुआ और फिर आठ पन्नों के अखबार के रूप में आगे बढा। अखबार आदिवासी और ठेठ ग्रामीण महिलाओं से जुड़ा था जिसमें सभी महिलाएं भी पत्रकार हैं, प्रकाशक हैं ने अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर 2009 में यूनेस्को साक्षरता पुरस्कार जीत कर अपने इरादे जता दिए थे। यही अखबार अब डिजिटल न्यूज चैनल दलित ग्रामीण महिलाओं द्वारा 'निरन्तर' नामक एन.जी.ओ. संस्था के प्रोत्साहन से निकाला जाता है। 'राइटिंग विद फायर' डॉक्यूमेंट्री को ऑस्कर में एंट्री मिलने के बाद से यह लगातार चर्चा में है। यहां संपादन और समाचार संकलन का पूरा काम महिलाएं करती हैं।

आरम्भिक समूह से जुड़ी मीरा कहती हैं कि शुरुआत में संवाददाता के रूप में गांव की गरीब महिलाओं के जुड़ने का उनके परिवार व समाज के लोग ही विरोध करते थे लेकिन अब यह विरोध कम हो गया है। अखबार के रूप में 2015 तक इसकी प्रसार संख्या साढे चार हजार हो गई थी और पाठकों की संख्या बीस हजार से अधिक। मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश के अलावा बिहार में भी अनेक जिलों से निकलने लगा। इसकी सम्पादक कविता बुन्देलखण्डि कहती हैं अखबार 2002 में शुरू हुआ और दो दशक के सफर में आज जा पंहुचा आस्कर के नोमिनेशन तक, यह सब महिलाओं की सामूहिक शक्ति का नतीजा है।

आस्कर के 94वें एकेडमी अवॉड्र्स के नॉमिनेशन्स की लिस्ट ज्यों ही सामने आई भारत की 'राइटिंग विद फायर' डॉक्यूमेंट्री ने ऑस्कर 2022 की फाइनल नॉमिनेशन में जगह बना कर सब को चौंका दिया । जबकि जय भीम और मरक्कर जैसी दो फिल्में जो पहले से इस लाइन में थी फाइनल नॉमिनेशन में जगह हासिल नहीं कर पाई। 'राइटिंग विद फायर' डॉक्यूमेंट्री एक अखबार की कहानी है। आस्कर अवार्ड नोमिनेशन लिस्ट में किसी अखबार की कहानी को जगह मिलना अपने आप में एक चमत्कार कहा जा रहा है।

राइटिंग विद फायर डॉक्यूमेंट्री दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाले अखबार खबर लहरिया की कहानी है 30 जनवरी 2021 को रिलीज हुई, इसे सुमित घोष और रिंतु थोमस ने निर्देशित किया है और प्रॉड्यूस भी। यह डॉक्यूमेंट्री दलित, अल्पसंख्यक और आदिवासी महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाले अखबार खबर लहरिया की कहानी है। कई सालों तक गांव की महिलाओं ने मोबाइल फोन व सीमित संसाधनों के सहारे रिपोर्टिंग की और इस अखबार के जरिए क्राइम, महिलाए संबंधी और दलित-पिछड़ों समेत कई मुद्दों को कवर किया। इन महिलाओं के जुनून और इरादे ने वो कर दिखाया जो पढ़े-लिखे बड़े-बड़े दिग्गज नहीं कर पाए। इसी असली कहानी पर सुमित घोष और रिंतु थोमस ने राइटिंग विद फायर डॉक्यूमेंट्री बनाई थी।

रिंतु थोमस की राइटिंग विद फायर डॉक्यूमेंट्री के बाद इस खबर लहरिया अखबार की खूब चर्चा हो रही है। इस न्यूजपेपर का नाम खबर लहरिया है। यह अखबार सिर्फ खबरें नहीं छापता बल्कि बल्कि महिलाओं और बच्चों को जीवन में आगे बढने के उनके इर्दगिर्द की सफल कहानियों के माध्यम से जबरदस्त ढंग से प्रेरित करता है। इसी जज्बे की कहानी को बयां करती यह डॉक्यूमेंट्री विश्वभर में प्रशंसा प्राप्त कर रही है।


साल 2002 में खबर लहरिया चित्रकूट समेत बुंदेलखंड के कई जिलों में प्रकाशित होने लगा था। यह ग्रामीण महिलाओं में जरूर लोकप्रिय होने लगा था ऐसा इसीलिए हुआ क्योंकि इस अखबार में महिलाएं खबरें भेज और प्रकाशित कर रही थीं । जिन्हें खुद हिंदी या इंग्लिश नहीं आती थी। इन महिलाओं को सिर्फ अपने काम-काज और रहन-सहन की स्थानीय बोली आती थी। उन्होंने अपने मुद्दों को अपनी देसी भाषा में उठाया। उनकी बोली की ताकत ने ही आज उनकी कहानी को देश-विदेश में काफी लोकप्रिय बना दिया है। बुंदेली के बाद अवधि और भोजपुरी भाषाओं में इसे प्रकाशित किया जाने लगा। 40 ग्रामीण महिलाओं का एक समूह बना और इन्होंने अखबार के हर छोटे बड़े काम को करना शुरू किया। इस सफर की शुरुआत करने वाली महिला मीरा जाटव, शालिनी जोशी और कविका बुंदेलखंडी ने साथ मिलकर की। कविता एक दलित परिवार से आती हैं उनकी शादी महज महज 12 साल की उम्र में हो गई वे पढ़ाई पूरी नहीं कर पाई थी। बस इसी कसक ने कविता को हौसला और विचार दिया। अखबार खबर लहरिया की सबसे खास बात ये है कि इनकी पूरी टीम महिला पत्रकारों से जुड़ी है। ये महिला पत्रकार समाज के अनछुए मुद्दे, सरकार के वादे, भ्रष्टाचार, महिलाओं के खिलाफ हिंसा, दलित-आदिवासी के विषय और गरीबों व महिलाओं से जुड़े मुद्दों को कवर करती हैं। साल 2015 में ये प्रिन्ट अखबार तो बंद हो गया लेकिन इसकी वेबसाइट शुरू की गई। अब ये पूरी तरह से डिजिटल तौर पर काम करता है और स्थानीय भाषाओं में शुरू किया गया ये सफर, आज इंग्लिश भाषा में भी खबरें परोसता है।

खबर लहरिया के पत्रकार अपने क्षेत्र में अन्याय की जांच और दस्तावेजीकरण भी करते हैं। वे स्थानीय पुलिस बल की अक्षमता पर सवाल उठाती हैं। जातीय और लिंग आधारित हिंसा के शिकार लोगों की सुनवाई करती हैं और उनके साथ खड़ी होती हैं।

वस्तुतः लहर खबरिया ने यह सिद्ध कर दिया है कि भाषाएं किसी भी सफलता और विकास की राह को नहीं रोक सकती हैं। बुंदेलखंडी, अवधि और फिर न जाने कितनी ही क्षेत्रिय बोलियों और भाषाओं में अखबार के डिजिटल प्लेटफॉर्म ने न केवल अपनी आवाज पूरी दुनिया में पहुंचा दी है बल्कि महिलाओं के मुद्दों को सशक्त ढंग से उठाया है । ऑस्कर में फाइनली नामांकित होने के लिए हम सब पाठक वर्ग लहर खबरिया अखबार में काम कर रही बहनों का स्वागत करते हैं और उन्हें बधाई देते हैं। इस अखबार ने राजस्थान सहित अन्य प्रांतीय और क्षेत्रीय बोलियों के लिए भी नए रास्ते खोल दिए हैं। जरूरत है गैर सरकारी संस्थाओं और साक्षर तथा सशक्त महिलाओं के द्वारा पहल करने की है।

**राजेन्द्र मोहन शर्मा,**
**साहित्यिकार, शिक्षाविद एवं चिन्तक**

# गंगाजल और तुलसी



डॉ. श्रीगोपाल काबरा

1950 के दशक में कोलकत्ता के मेडिकल कॉलेज में जब रोगी मर्णासन्न हो जाता था तो मरीज के रिश्तेदारों को बता कर हम उसके बेड हैड टिकट पर लिखते थे गंगाजल और तुलसी दें। तब घर पर भी आखरी समय पर गंगाजल और तुलसी देने का प्रचलन था। आज भी दी जाती है, गांवों में, जहां चिकित्सा सेवायें उपलब्ध नहीं है। उसके बाद अस्पताल में प्रचलन शुरू हुआ कोरामिन इन्जेक्शन का। जब मरीज की सांस उखड़ती और हृदय गति लड़ख़ड़ा कर बंद होती तब कोरामिन का इन्जेक्शन दिया जाता, यहां तक कि सीधा दिल के अन्दर कोरामिन इन्जेक्ट किया जाता था। आक्सीजन दी जाती थी। पेशेन्ट आक्सीजन पर है का माने होता था कि मरीज आखरी सांसे गिन रहा है।

लेकिन अब मेडिकल सांईस ने काफी प्रगति कर ली है। हर अंग का कार्य करने के लिए क्रत्रिम उपकरण उपलब्ध हैं। सांस के लिए वेन्टीलेटर; हृदय गति लड़खड़ाने पर पेसमेकर। दिल की धड़कन बंद होने को पहले मौत का लक्षण माना जाता था, अब नहीं। धड़कन रुकते ही सी पी आर – कार्डियो पलमोनेरी रिसेसिटेशन शुरू होता है। हर रोगी पर ऐसा करना अब लाजमी है। आवश्यक हो तो बिजली का झटका दे कर भी कोशिश की जाती है। रक्त में आक्सीजन आदि का स्तर मापने का ऐसा यंत्र उपलब्ध है जो पलपल का स्तर दिखाता है। गुर्दे काम करना बंद कर दें तो डायालिसिस मशीन उपलब्ध है। रक्त चाप बनाये रखने को दवाएं व एओर्टिक पम्म है। सब अंगों को सपोर्ट करने के यंत्र हैं, बस नहीं है तो मस्तिष्क को चालू रखने या फिर से चालू करने का कोई यंत्र। अंत समय में हर विशेषज्ञ अपनी सेवायें देता है। इसी लिए आधुनिक अस्पताल में आज रोगी मल्टीऑर्गन फेलियोर से मरते हैं केवल हार्ट फेलियोर से मरने नहीं दिया जा सकता। आधुनिक अस्पताल के मोक्षद्वार – आई सी यू – में मोक्ष को, स्तर अनुरूप भव्यता प्रदान की जाती है। गंगाजल तुलसी से अब मोक्ष नहीं मिलता। नोरएड्रेनिल, डोपामिन (रक्तचाप बढाने को), मेरुपेनम (उच्चस्तरीय महंगी एन्टीबायोटिक) के बिना अब मोक्ष नहीं मिलता।

किसी प्रकार के आधात या शॉक से अगर हटात् हृदय गति रुक गई है, दिल की धड़कन बंद हो गई है, व्यक्ति संज्ञाशून्य मृत (मर्णासन्न) है तो तुरंत सी पी आर विधि से उसे जीवित किया जा सकता है। मरे हुए व्यक्ति को जीवित करना चमत्कार था। बड़ी आसान विधि है। सीने पर सामने से दबाव डालिए जिससे उसके पीछे स्थित हृदय, स्टर्नम और रीड के बीच भिंचे। एक मिनट में जितनी बार दिल धड़कता है उतनी बार ऐसा करने पर रक्त संचार चालू रहेगा, विशेष कर मस्तिष्क को, और अंग जीवित रहेंगे। साथ ही नाक बंद कर मृत के मुंह में फूंक मारिए ताकि उसके फेफड़े हवा से भर जायें। उतनी बार करिये जितनी बार एक मिनट में सांस ली जाती है। संचारित होते रक्त का आक्सीकरण होता रहेगा। अंगो को, हृदय को भी, प्राणवायु मिलती रहेगी। समयोपरांत धड़कन वापस चालू हो सकती है।

आई.सी.यू. में सी पी आर में स्वांस, यंत्र से दी जाती है, अन्यथा विधि वही है। अब हर मरणासन्न रोगी की सी.पी.आर. की जाती है। करनी भी चाहिए। ऐसी ही अन्य विधियों का सामुहिक प्रयोग अंत समय में होता है, मल्टीडिसिप्लिनेरी ट्रीटमेन्ट से मल्टीऑर्गन फेलियोर टालने के लिए। ऐसा न करना नेग्लिजेंस की श्रेणी में आता है। कोर्ट कचहरी से बचने के लिए डॉक्टर इसी में अपना मोक्ष ढूंढते हैं। ऐसा करना ही सेहत के लिए भी लाभकारी है।

**डॉ. श्रीगोपाल काबरा**
**वरिष्ठ चिकित्सक, जयपुर**

## पश्चिम मध्य रेलवे पूरे भारत में अव्वल

**कोटा,** (निसं)। रेल पर वार्षिक रिपोर्ट के दौरान त्रैमासिक आंकलन के साथ केपीआई में अप्रैल से जनवरी अवधि के दौरान की गई विभिन्न कार्यों में रेल राजस्व के मदों का आंकलन किया गया गौरतलब है कि पश्चिम मध्य रेल द्वारा वार्षिक रिपोर्ट के त्रैमासिक आंकलन के साथ माह जनवरी 2022 में केपीआई रिपोर्ट के अंतगर्त पूरे भारतीय रेलवे में शीर्ष स्थान पर है। इसके अंतर्गत रेलवे राजस्व, सामान्य कार्य व्यय, संड्री रेल राजस्व एवं पूंजीगत व्यय के साथ बेहतर प्रदर्शन किया। वित्तीय प्रदर्शन से भारतीय रेल के राजस्व में अधिक वृद्धि करना एवं व्यय को कम करने का फायदा होता है। संरक्षा प्रदर्शन में बेहतर आंकलन के साथ शत प्रतिशत प्रदर्शन किया गया है। रेलवे विद्युतीकरण, रेल लाइन दोहरीकरण, न्यू रेलवे लाइन, गेज परिवर्तन, प्राइवेट साइडिंग का कमीशन। मानवीय संसाधन के अंतर्गत रेलवे के कार्यों का अध्ययन कर उनका युक्तिकरण करके बेहतर प्रदर्शन किया गया है। इसके साथ ही साथ रेलवे कर्मचारियों की गुणवत्ता का भी आंकलन किया जाता है।

# आदिवासी महाकुंभ बेणेश्वर मेले में हजारों भक्त उमड़े

## महंत न श्रीफल उछाले जिन्हे भक्तों ने प्रसाद के रूप में लिया

**डूंगरपुर,** (निसं)। शहर से 70 किमी दूर बेणेश्वर धाम पर बुधवार को माघ पूर्णिमा पर आदिवासियों के महाकुंभ में हजारों भक्त आए। सोम, माही, जाखम नदियों के संगम के कारण इसे वागड का हरिद्वार कहते है। महाकुंभ 300 साल से चली आ रही परंपराओं का साक्षी है।

महाकुंभ में राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित देशभर के कोने-कोने से आए भक्तों ने त्रिवेणी संगम के नदी घाटों पर पवित्र स्नान किया। नदी में सुबह उगते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया । शिव मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर, ब्रह्मजी मंदिर, वाल्मीकि मंदिरों में दर्शनों के लिए भक्तों की कतारें रही। मुख्य आकर्षण महंत अच्युतानंद महाराज की पालकी यात्रा रही। साबला श्रीहरि मंदिर से रवाना हुई। 5 किलोमीटर की पालकी यात्रा में हजारों श्रद्धालु जुडते गए। पालकी की धाम पर पंहुचते ही जयकारे लगाते हुए पालकी का स्वागत ओर दर्शन किए।



बेणेश्वर मेले में शाही स्नान के दौरान हजारों श्रद्धालु उमड़े।

महंत की पालकी सोम, माही, जाखम नदियों के त्रिवेणी संगम बेणेश्वर धाम आबूदर्रा घाट पर पहुंची। हजारों भक्तों के साथ महंत अच्युतानंद महाराज ने आबूदर्रा घाट पर त्रिवेणी संगम में शाही स्नान किया। महंत ने श्रीफल उछाले, जिसे श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में लिया। आबूदर्रा घाट राजा बलि के यज्ञस्थली के रूप में प्रसिद्ध है। सालभर में जिन परिवारों में लोगों की मौत हुई है उनकी अस्थियों का त्रिवेणी संगम में विसर्जन किया।

### कोरोना में छूट के बाद लगी दुकानें

कोरोना से छूट मिलने के बाद धाम पर बडी संख्या में दुकानें लगी। खाने-पीने से लेकर खेतीबाडी, खिलौने, श्रृंगार, बर्तन की खरीद दारी हुई। मेले में करीब 500 से ज्यादा छोटी-बडी अस्थाई दुकानें लगी। सरकार की ओर से छूट कर बाद मेले में दुकानें लगाई गई है।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**गुरूवार 17 फरवरी, 2022**

फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2078, मघा नक्षत्र सांय 4:11 तक, अतिगंड योग सांय 7:46 तक, बालव करण दिन 10:34 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-धनु, बुध-मकर, गुरू-कुम्भ, शुक्र-धनु, शनि-मकर, राहु-वृष, केतु-वृश्चिक राशि में। आज माघी मासय (दक्षिण भारत में) है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 8:30 तक, चर 11:17 से 12:41 तक, लाभ-अमृत 12:41 से 3:28 तक, शुभ 4:52 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:06, सूर्यास्त 6:16

**मेष**
परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है। परिवार में आपसी ईर्ष्या-वैमनस्यता के कारण परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धार्मिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

**वृष**
परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। चलते कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**मिथुन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**कर्क**
वाणी पर संयम रखना ठीक रहेगा। वाणी की कटुता के कारण परिवार में मतभेद बढ़ सकते हैं। जीवनसाथी से वाद-विवाद टालना ठीक रहेगा।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक सुगमता से बनने लगेंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि का भय बना रहेगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**तुला**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित परामर्श मिलेगा।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। यात्रा में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मीन**
अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

# यदि प्रदर्शन फ्लॉप शॉ था तो फिर पुलिस की लाठियां और पानी की बौछारें क्यों चलाई : डॉ. सतीश पूनिया

## 'युवाओं की आवाज उठाते समय उन्हें जो धक्का दिया गया, वर्ष 2023 में कांग्रेस की विदाई का कारण बनेगा'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डा सतीश पूनियां ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेताओं के पलटवार पर कहा कि यदि यह प्रदर्शन फ्लॉप शो था तो फिर पुलिस की लाठियां और पानी की बौछारें क्यों चलाई गईं।

पूनिया ने कहा कि लोकतंत्र में मुख्यमंत्री की यदि यही सोच है तो राजस्थान में कांग्रेस को समाप्त करने के लिए गहलोत पर्याप्त हैं। पूनिया इस विरोध-प्रदर्शन में घायल हो गए थे। उन्होंने प्रदर्शन का वीडियो ट्वीट कर कहा कि यही धक्का 2023 में कांग्रेस की विदाई का कारण बनेगा। उन्होंने कहा कि अंतिम न्याय तक प्रदेश भाजपा लड़ाई जारी रहेगी और रीट मामले की सीबीआई जांच को लेकर हम लोग अंतिम दम तक लड़ेंगे, ना रुकने वाले हैं और ना झुकने वाले हैं।

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर तथा भाजपा के कई विधायक एवं अन्य पार्टी नेताओं ने डा.पूनिया से सुबह मिलकर उनकी कुशलक्षेम पूछी। डॉ. पूनिया अपने जयपुर स्थित जनसंवाद केन्द्र पर किसानों और युवाओं से मुलाकात कर जनसुनवाई की और प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से उनकी कुशलक्षेम पूछने पहुंचे पार्टी कार्यकार्यकर्ताओं से संवाद भी किया। इस अवसर पर डॉ. पूनिया ने कहा आज निवास पर पधार कर आप लोग जो मेरा हौसला अफजाई कर रहे हो निश्चित ही आपका यह आशीर्वाद मुझे प्रदेश के नौजवानों के हितों के लिए लड़ने की नई प्रेरणा देगा। उधर केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने भी सोशल मीडिया के जरिए आरोप लगाते हुए कहा कि डॉ. पूनिया को सरकार की शह पर काम कर रहे पुलिसकर्मियों द्वारा इस तरह गिराना दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस सरकार की यह तानाशाही और ओछी मानसिकता कांग्रेस के पतन का कारण बनेगी। पूनियां ने कहा कि 24 घंटे के कॉल पर बाड़मेर से भाजपा का कार्यकर्ता आकर जयपुर में सरकार की छाती पर खड़ा हो गया, ये अपने आप में बड़ी बात है जबकि प्रशासन ने सीकर रोड, अजमेर रोड सहित अलग-अलग जगह भाजपा कार्यकर्ताओं के वाहनों को आने से रोका। पूनिया ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा था कि ठठेरे की बिल्ली खुड़के से नहीं डरती, तो फिर यह सरकार इस प्रकरण की सीबीआई जांच से आखिर क्यों डर रही है। पूनिया ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री पाप करते हैं, फिर उसको छुपाने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब पाप का घड़ा भर गया है।



रीट पेपर लीक मामले में हुए भाजपा के आंदोलन में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया के पैर में चोट लगने के बाद वे घर में व्हील चेयर पर आगंतुकों से भेंट कर रहे हैं। बुधवार को कई लोग उनसे मिलने जनसंवाद केंद्र में पहुंचे।






# राजे ने एक बार फिर बनाई संगठन के प्रदर्शन से दूरी

■ अरुण सिंह, सतीश पूनिया, गुलाबचंद कटारिया, राजेंद्र राठौड़ सहित 67 विधायक और 15 से अधिक सांसद एक साथ उठा रहे थे रीट मुद्दे की आवाज, वसुंधरा और उनके तीन समर्थक विधायकों ने भाजपा के आंदोलन से बनाई दूरी

**जयपुर।** रीट पेपर लीक मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर जयपुर में भाजपा के विधानसभा घेराव आंदोलन व प्रदर्शन में राष्ट्रीय महामंत्री व प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी, वरिष्ठ सांसद राजेन्द्र गहलोत, किरोड़ीलाल मीणा सहित पार्टी के लगभग 67 विधायक, 15 से अधिक सांसद, प्रदेश पदाधिकारी, सभी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सहित जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे। वही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे व उनके समर्थक विधायक भी संगठन के प्रदर्शन से गायब रहे। पहले भी कई बार राजे संगठन को बैठकों व प्रदर्शनो से दूरी बनाई थी। सूत्रों की माने तो पहले भी संगठन से दूरी बनाने के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री राजे को तलब भी कर चुके हैं।

राजस्थान के लाखों युवाओं के लिये रीट पेपर लीक की सीबीआई जांच को लेकर भाजपा के इस आंदोलन में जहां पूरी पार्टी एकजुट दिखी तो पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, इनके समर्थक विधायक कालीचरण सराफ, प्रतापसिंह सिंघवी, कैलाश मेघवाल का प्रदर्शन में शामिल नहीं होना सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। भाजपा सूत्रों ने कहा कि मंगलवार को हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल नहीं हो सके केन्द्रीय मंत्री, सांसद या तो चुनावी राज्यों में प्रचार कर रहे हैं या फिर उनकी तबीयत खराब है, इस विशाल विरोध प्रदर्शन में राजे सहित चार अन्य वरिष्ठ विधायकों की अनुपस्थिति राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा का विषय बन गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक वसुंधरा राजे सहित इन चार विधायकों ने भाजपा के प्रदर्शन में शामिल नहीं होने की सूचना भी पार्टी को नहीं दी। अब केन्द्रीय आलाकमान जल्द ही इस बारे में प्रदेश नेतृत्व से रिपोर्ट मांग सकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के नेतृत्व में भाजपा के लाखों कार्यकर्ताओं ने जयपुर में रीट पेपर लीक मामले में सीबीआई जांच की मांग को लेकर विधानसभा घेराव किया। प्रदर्शन में सतीश पूनियां, अरुण सिंह, गुलाबचंद कटारिया, राजेंद्र राठौड़ सहित 67 विधायकों, 15 से अधिक सांसदों, प्रदेश पदाधिकारियों व हजारों कार्यकर्ताओं ने एक साथ गिरफ्तारी दी।

बता दें कि संघ पृष्ठभूमि के सतीश पूनियों के हाथों में प्रदेश भाजपा की कमान सौंपने के बाद से ही वसुंधरा राजे व उनके समर्थक तीन विधायक पार्टी की अधिकांश बैठकों और कार्यक्रमों से दूरी बनाती जा रही हैं।

# प्रदेश के सभी कारागृहों में कॉनफैड द्वारा "बंदी कैन्टीन" की होगी शुरूआत

**जयपुर, (का.सं.)।** सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने कहा कि सहकारिता एवं जेल प्रशासन के द्वारा कैदियों के लिए बंदी कैन्टीन की शुरूआत से बंदियान के लिए खाद्य सामग्री, कन्फैक्शनरी, कॉस्मेटिक्स, टॉयलेट्री के अतिरिक्त नोटबुक, पेंसिल एवं दैनिक उपयोग में आने वाली लगभग 43 से 58 प्रकार की सामग्री उपलब्ध होगी। कैन्टीन की शुरूआत से पारदर्शिता के साथ बन्दियों के लिए सही सामग्री उपलब्ध कराई जायेगी।

आंजना बुधवार को केन्द्रीय कारागार जयपुर में कॉनफैड द्वारा बंदियों के लिए संचालित की जाने वाली बंदी कैन्टीन के उद्घाटन के साथ सीकर, श्रीगंगानगर, भीलवाड़ा, धौलपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, दौसा एवं कोटपूतली में भी बंदी कैन्टीन के वर्चुअल उद्घाटन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 6 माह उपरान्त इसकी समीक्षा की जायेगी और सुझाव भी आमंत्रित किये जायेंगे ताकि कैदियों को कैन्टीन के माध्यम से और बेहतर सुविधाऐं दी जा सकें। उन्होंने कहा इस मॉडल को राज्य के सभी कारागृहों में शुरू किया जायेगा।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा कारागार मंत्री टीकाराम जूली ने बंदियों की मांग पर कैन्टीन से प्रतिमाह 2500 रूपये की सीमा तक क्रय की जाने वाली सामग्री की सीमा को 3500 रूपए बढ़ाने की घोषणा की।

रजिस्ट्रार सहकारिता मुक्तानंद अग्रवाल ने कहा कि सहकारी उपभोक्ता भंडारों द्वारा उचित मूल्य पर गुणवत्ता पूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। इस कार्य से संस्था को व्यापार करने में भी सहूलियत होगी तथा बंदियों को नियमित रूप से अच्छी सामग्री भी मिल पाएगी। जेल प्रशासन एवं कॉनफैड के लगातार प्रयासों से यह संभव हो पाया है।

प्रबंध निदेशक कॉनफैड वी.के. वर्मा ने बताया कि बंदी कैन्टीन में जेल में बने वार्ड के अनुसार निर्धारित दिन को बंदी बॉयोमैट्रिक सत्यापन से अपना सामान क्रय कर सकेगा।



सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना और कारागार मंत्री टीकाराम जूल ने जयपुर में शुरू हुई बंदी कैन्टीन का निरीक्षण किया।

# राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं का अधिकाधिक लाभ पहुंचाएं : महेश शर्मा

**जयपुर, (का.सं.)।** नेहरू युवा केन्द्र द्वारा आज यहां एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. कॉलेज में जिला युवा सम्मेलन आयोजित किया गया।

सम्मेलन में रोजगार विभाग के पूर्व निदेशक महेश शर्मा ने कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। शर्मा ने मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना की भी जानकारी दी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के उपनिदेशक श्रवण कुमार मेहरड़ा ने राज्य सरकार की फ्लेगशीप योजनाओं मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, पालनहार योजना, कालीबाई भील मेघावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण छात्रा स्कूटी वितरण एवं प्रोत्साहन राशि योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, निःशुल्क जाँच योजना, लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, राजस्थान निवेश प्रोत्साहन, इन्दिरा रसोई योजना, मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना जैसी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी तथा इन योजनाओं से आम लोगों को लाभान्वित किये जाने के लिए युवाओं का आव्हान किया। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के उपनिदेशक महेन्द्र सिंह सिसोदिया ने नेहरू युवा केन्द्र की गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

# दसवीं के समकक्ष अदीब डिग्री धारकों को एएनएम भर्ती में शामिल करने के आदेश

**जयपुर, (का.सं.)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने जामिया अलीगढ़ से उर्दू में दसवीं के समकक्ष अदीब डिग्री धारक अभ्यर्थियों को एएनएम भर्ती में शामिल करते हुए सभी सेवा परिलाभ देने के लिए कहा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश सुनीता व अन्य की याचिकाओं पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि फिरदौस तरन्नुम के मामले में कोर्ट जामिया से अदीब को दसवीं के समकक्ष माना है। इसके बावजूद एएनएम भर्ती, 2013 और 2018 में उनकी अंक तालिका को मान्य करार नहीं देकर एएनएम पद पर नियुक्ति से इंकार किया गया है। जबकि पूर्व की अन्य भर्तियों में अदीब की डिग्री को भी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं के समकक्ष मानते हुए नियुक्तियां दी गई हैं। इसलिए भर्ती में तय योग्यता व मेरिट में आने वाले अभ्यर्थियों को नियमानुसार एएनएम पद पर नियुक्ति देते हुए सभी सेवा परिलाभ दिए जाने चाहिए।

इस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने याचिकाकर्ताओं को एएनएम भर्ती में शामिल कर सेवा परिलाभ देने के आदेश दिए हैं।

# एनएचएआई कंसल्टेंट एजेंसी के एडवाइजर की हत्या के मामले में आरोप तय

**जयपुर, (का.सं.)।** अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-9 महानगर द्वितीय ने वैशाली नगर में 26 अगस्त 2021 को हुए एनएचएआई कंसल्टेंट कंपनी के एडवाइजर आरके चावला हत्याकांड में छह आरोपियों के खिलाफ हत्या और आपराधिक षडयंत्र के तहत आरोप तय किए हैं। आरोपियों में ठेका कंपनी का मालिक करणदीप श्योराण, नवीन बिसला, विकास सिंह, अमित नेहरा, शूटर धर्मेन्द्र व राम दिया शामिल हैं। वहीं मामले में दो अन्य आरोपी प्रदीप गुर्जर व शेखर मिश्रा फरार हैं। पुलिस ने इस मामले में नवंबर 2021 में छह आरोपियों के खिलाफ चालान पेश करते हुए फरार दोनों आरोपियों के खिलाफ जांच लंबित रखी थी।

गौरतलब है कि इस मामले में 26 अगस्त को आपराधिक षडयंत्र के तहत आरके चावला की एनएचएआई ऑफिस के बाहर दोपहर डेढ़ बजे हत्या की गई थी। मामले में पुलिस ने ई 5 कंस्ट्रक्शन कंपनी के एमडी करणदीप श्योराण सहित अन्य छह आरोपियों को गिरफ्तार कर उससे पूछताछ की। जांच में पता चला कि आरोपियों का गुड़गांव-जयपुर हाईवे पर बनने वाले फुटओवर ब्रिज के निर्माण कॉन्ट्रैक्ट को लेकर विवाद चल रहा था और इस कारण ही उन्होंने चावला की हत्या की थी।






# राज्यपाल से जयनारायण व्यास विवि के कुलपति की मुलाकात

**जयपुर, (का.सं.)।** राज्यपाल कलराज मिश्र से जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलपति के. एल. श्रीवास्तव ने बुधवार को यहां राजभवन में मुलाकात की।

राज्यपाल मिश्र से श्रीवास्तव की कुलपति नियुक्त होने के बाद यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।


**आम सूचना** दी राजहंस को. ओ. हाउसिंग सोसायटी लि. की स्कीम अनुभुति एरिया-मोहब्बतपुरा में स्थित है। प्लाट नं. 49-212.76 व.ग. का श्री कैलाश चन्द रामजीत जाट निवासी जाट बलाईपो. मुहारी वैर, भरतपुर का पट्टा गुम हो गया है जिसका एफ.आई. आर. नं. 18 है। प्रार्थी ने डूप्लीकेट पट्टे के लिए आवेदन किया है। अतः किसी भी व्यक्ति हितधारी संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने के 10 दिवस में कार्यलय में प्रस्तुत कर देवे अन्यथा नियत अवधी में कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर डूप्लीकेट पट्टा जारी कर दिया जाऐगा।

रामनारायण, अध्यक्ष
दी राजहंस को. हा. सा. लि, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत-तृतीय
**राजस्थान आवासन मण्डल**
जे.एल.एन.मार्ग, जवाहर सर्किल के पास, जयपुर
दूरभाष संख्या:-0141-4901853

**आम जाहिर सूचना**

राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर द्वारा आवास संख्या-1/H/301 इन्दिरा गांधी नगर, जगतपुरा, जयपुर क्षेत्रफल 324.00 वर्ग मीटर का आवंटन श्री शिव सिंह चौहान पुत्र श्री भैरूसिंह जी चौहान को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 4716 दिनांक 15/02/2008 एवं संशोधित आवंटन पत्र क्रमांक 355 दिनांक 26/04/2008 जारी किया गया था। उनके द्वारा उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर चतुर्थ में दिनांक 30/08/2010 को करवाया गया। श्री शिव सिंह चौहान की मृत्यु दिनांक 13/10/2020 को हो जाने के पश्चात उनके पुत्र श्री हरि सिंह चौहान पुत्र स्व.श्री शिव सिंह चौहान के द्वारा क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, वसीयतनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का हस्तान्तरण अपने नाम से करने का निवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देंवे, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त आवेदनकर्ता श्री हरि सिंह चौहान पुत्र स्व.श्री शिव सिंह चौहान के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही करदी जावेगी।

सम्पदा प्रबंधक
वृत तृतीय, रा.आ.मण्डल, जयपुर

**खोया पाया**

राज. आवासन मण्डल की योजना जवाहर नगर के Plot नम्बर 4/517 के समस्त कागजात जवाहर नगर से JDA के बीच में खो गये है कृपया मिलने पर सूचित करें- सतनाम सिंह 8290377388

मेरे आवास संख्या 8/HMM/19 इन्दिरा गांधी नगर जगतपुरा जयपुर का मूल आवंटन पत्र क्रमांक 7613 दिनांक 04/12/2013 कहीं खो गया है। यदि किसी को मिले तो निम्न नम्बरों पर सूचित करें। मो.-9983075929

मेरे प्लॉट नं. जी-107 महाराजा अग्रसेन नगर जी-ब्लॉक टोंक रोड जयपुर का मकान के पेपर गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। अशोक घीया पुत्र भगवानसहाय व सूरजमल गुर्जर 8432648689

मेरा आवास संख्या 268/50, प्रताप नगर, सांगानेर RHB द्वारा जारी नियमितीकरण एवं अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 3713/6196 घर से NRI के बीच द्वारा कहीं गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें। 8209768672

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य नन्दकिशोर बलोद पुत्र स्व. रामसहाय, निवासी बी 162, महेश नगर, टोक फाटक, जयपुर राज. का पुत्र राजेश कुमार लकवाल एवं पुत्रवधु प्रियंका लकवाल दोनों ही मेरे अभिभाष्य के कहने में नहीं है। तथा अपने कृत्यों से गत काफी समय से मेरे अभिभाष्य को इन दोनों ने प्रताडित कर रखा है, इसलिए इन दोनों के आचरण व व्यवहार से दुःखी होकर मेरे अभिभाष्य ने इन दोनों से अपने समस्त पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिये है तथा अपनी संपत्ति से इनको बेदखल कर दिया है।
जयपुर (ओमप्रकाश पहाडिया) एडवोकेट
दिनांक-16.02.2022 मो.न. 9667696224

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैकि मेरे अभिभाष्य श्री रमजान खान पुत्र गफ्फार खान, निवासी मकान नम्बर 931 लाल मस्जिद के पास, मौहल्ला बिलोचियान, दिल्ली रोड, जयपुर का पुत्र मोहम्मद जुनेद व पुत्रवधु शबनम उनके कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरे अभिभाष्य से पृथक खान-पान करते है तथा मेरे अभिभाष्य एवं उसकी पत्नि के प्रति अपने किसी भी नैतिक दायित्व का निर्वहन नही करते व आये दिन लडाई-झगडा करते है। इसलिए मेरा अभिभाष्य अपने पुत्र मोहम्मद जुनेद व पुत्रवधु शबनम को तुरन्त प्रभाव से अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्तियों से बेदखल करता है। यदि कोई व्यक्ति अथवा संस्था मेरे अभिभाष्य के उक्त पुत्र व पुत्रवधु से किसी प्रकार का संव्यवहार लेन-देन इत्यादि करता है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी उसकी स्वयं की होगी। सनद् रहे।
(मोहम्मद आसिफ) एडवोकेट, मो न. 9351909618

**नाम परिवर्तन**

I, Navin Gurbxani S/o Late Lakhi Gurbxani R/o Flat No. 102 First Floor Aster Manglam Ananda Hajiyawala, Sanganer, Jaipur (Raj.) 302029. I have changed my Miner Son's name Harsh Naveen Gurbxani to Harsh Navin Gurbxani for all future purposes.

I, Meena Gurbaxani W/o Navin Gurbxani R/o Flat No. 102 First Floor Aster Manglam Ananda Hajiyawala, Sanganer, Jaipur (Raj.) 302029. I have changed my name to Meena Gurbxani for all future purposes.

I, Hema wife of No.-JC414794P Rank NB/SUB Girish Chandra R/o Village Guloli, Post Amyari, Distt. Almora, U.K. 263645 have changed my name from Hema to Hema Devi vide affidavit No. KC0027523499 Dt. 16.02.2022.

मैं देव्यानी पटेल पत्नी श्री राकेश पटेल प्लाट नं. पी-107, श्याम एन्क्लेव कॉलोनी राधा गोविन्द मन्दिर पांच्यावाला सिरसी रोड जयपुर शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम पटेल देव्यानीबहन रावाजीभाई से बदलकर देव्यानी पटेल रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाने।

मैं हर्षा लाडानी पत्नी श्री रमेश लाडानी निवासी फ्लैट नं. 401, सनशाईन शालीमार, हीरा नगर, जयपुर शपथ पूर्वक बयान करती हूं कि मैंने अपना नाम हिंगराजिया हर्षाबिन जेठाभाई से बदलकर हर्षा लाडानी रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना-पहचाना जावे।

मैं रमेश लाडानी पुत्र श्री भोवान भाई लाडानी फ्लैट नं. 401, सनशाईन शालीमार, हीरा नगर, जयपुर शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मैंने अपना नाम रमेशकुमार भोवानभाई लाडानी, रमेशचन्द्र भोवान, लाडानी रमेशभाई एवं लाडानी रमेशचन्द्र भोवान से बदलकर रमेश लाडानी रख लिया है। भविष्य में मुझे रमेश लाडानी के नाम से जाना-पहचाना जावे।





# पांच हजार की रिश्वत लेते पटवारी को एसीबी ने रंगे हाथों दबोचा

## पिता के नाम जमीन को पुराने रिकॉर्ड के अनुसार दर्ज करने के नाम पर मांगी रिश्वत



पाली एसीबी की टीम ने लापोद के पटवारी को गिरफ्तार किया।

**सुमेरपुर,** (निसं)। सुमेरपुर उपखण्ड क्षेत्र के लापोद हल्के के पटवारी को एसीबी ने पांच हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा।

पाली एसीबी के एएसपी नरपतचंद ने बताया कि पटवार मंडल लापोद के पटवारी आशीष मीणा को परिवादी के पिता के नाम सुमेरपुर के बडगांवडा में कृषि भूमि के खसरों की जमाबंदी में सीरवी को पुराने रेकार्ड के अनुसार रेबारी करने के एवज में दस हजार की रिश्वत मांगी थी। इस दौरान बुधवार को परिवादी द्वारा पांच हजार की रिश्वत देने पर पटवारी आशीष मीणा को एसीबी ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान हैड कॉनिस्टेबल किशनसिंह, रीडर यशपाल सिंह, कॉनिस्टेबल हनुमान सिंह, धर्माराम, नरेन्द्र चौधरी, अवतारसिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## पटवार परीक्षा के नकल मामले में पौरव 23 तक रिमांड पर

**बीकानेर,** (निसं)। पटवार परीक्षा में नकल करवाने के मामले में गिरफ्तार पौरव कालेर अब 23 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर रहेगा । पौरव को अदालत ने पहले एक दिन का रिमांड दिया था, जिसे बढ़ाकर अब 23 फरवरी किया गया है। दरअसल, रिमांड अवधि बढ़ाने के लिए एडिशनल एसपी खुद अदालत में पेश हुए।

पटवार भर्ती परीक्षा 21 में केंडिडेट्स को इलेक्ट्रानिक डिवाइस से नकल करवाने के मामले में पौरव पर गंभीर आरोप लगे हुए हैं। पुलिस का आरोप है कि वो नकल के लिए पूरी गैंग चला रहा था। उसकी गैंग के सदस्य पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। अब पौरव से पुलिस ये पता लगाना चाह रही है कि कौन -कौन केंडिडेट्स है, जिन्होंने नकल के लिए पौरव से संपर्क किया था। ये भी पता लगाया जा रहा है कि किन -किन केंडिडेट्स ने नकल की है। ऐसे केंडिडेट्स को भी पुलिस गिरफ्तार करके अदालत में पेश करना चाहती है।

पौरव को मंगलवार को अदालत में पेश किया गया था, जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया। इस पर एडिशनल एसपी स्वयं अदालत में पेश हुए। उन्होंने अदालत से आग्रह किया कि कम से कम एक सप्ताह का पुलिस रिमांड मिलने पर ही उससे कुछ तथ्य निकलवा सकते हैं।

## श्रीजी के दर्शनों को उमड़ी भीड़

**डिग्गी,** (निसं)। विश्व प्रसिद्ध जन-जन की आस्था का केन्द्र डिग्गीपुरी में विराजमान श्रीकल्याण जी महाराज की पूर्णिमा के अवसर पर झांकी सजाई गई।

बुधवार को पूर्णिमा के अवसर पर अल सवेरे मंगला आरती से ही कल्याण धणी के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं के मंदिर पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था जो कि दोपहर तक जारी रहा। दर्शनों को दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन करने के लिए डिग्गी पहुंचे। वहीं मंदिर ट्रस्ट के द्वारा लगाए गए बाउंसरों ने सोशल डिस्टेंश व मास्क की पालना के तहत दर्शन करवाए। पुजारी द्वारका प्रसाद शर्मा ने बताया कि आज पूर्णिमा के अवसर पर श्री कल्याण धणी की नयनाभिराम झांकी सजाई गई। वहीं डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी ने बताया कि दुपहिया वाहनों को रोकने के लिए गांव के चारों तरफ चेन लगाई गई। चोपहिया वाहनों को छोटे बस स्टैण्ड से आगे प्रवेश नहीं दिया गया।

# लॉन्चिंग से पहले लूट लिए एक करोड़ के 5 जी मोबाइल

## सस्ते दाम में मोबाइल बेचना चाहते थे आरोपी, 3 गिरफ्तार

**अलवर,** (निसं)। बाजार में लॉन्च होने से पहले बदमाशों ने 1 करोड़ के 5जी मोबाइल लूट लिए। कंपनी कुछ ही दिनों में ये मोबाइल लॉन्च करने वाली थी।

एक कंटेनर में इन्हें नोएडा से राजस्थान भेजा जा रहा था। इससे पहले ही बदमाशों ने ड्राइवर और उसके साथी से मिलीभगत कर मोबाइल निकाल लिए। कार सवार आरोपी अलवर की तरफ पहुंचे तो मालाखेडा पुलिस ने इन्हें पकड लिया और मोबाइल बरामद कर लिए । पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू कर दी है। मोबाइल कंपनियों को भी इस बारे में जानकारी दे दी है।

एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मंगलवार शाम सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट कार में बदमाश मोबाइल लूटकर जयपुर से अलवर की तरफ आ रहे हैं। इस पर मालाखेडा पुलिस ने नाकाबंदी की। देर रात हल्दीना के पास बदमाशों को रुकवाया तो वे रूके नहीं। पुलिस ने कार के आगे जीप भी लगा दी, फिर भी बदमाशों ने फरार होने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर शाहिद उर्फ काला (22) निवासी डुडोली बछोर नूहं हरियाणा, अनीस(32) खां निवासी बाइपास रोड जयपुर व जब्बार खां(28) निवासी रसीद बिहार कॉलोनी मानपुर सडवा दिल्ली बाइपास जयपुर को गिरफ्तार किया। कार की तलाशी ली तो इसमें ओपो व रेनो कंपनी के 5जी मोबाइल के 227 पीस मिले।

पुलिस ने आरोपियों से 227 मोबाइल पीस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार यह कंटेनर नोएडा से आ रहा था। पुलिस आरोपियों से ड्राइवर से कनेक्शन और लूट की लोकेशन के बारे में जानकारी जुटा रही है। पुलिस के अनुसार लूटे गए मोबाइलों की कीमत करीब 1 करोड़ है। पुलिस ने आरोपियों से तीन पिस्टल, 12 कारतूस और कार भी जब्त की है।


## कार्यालय नगर पालिका निवाई, जिला (टोंक)

क्रमांक - न.पा.नि./2021-22/1101 दिनांक - 16/02/2022

### आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा कृषि भूमि में आवासीय/व्यवसायिक पट्टा/उपविभाजन/पुर्नवैद/69-क/नवीनीकरण/नामान्तरण/निर्माण स्वीकृति चाहने हेतु आवेदन किया है इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर मियाद 07 दिवस में मय सबूत लिखित में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करे बाद गुजरने मयाद (अवधि) पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी व आवेदकों के पक्ष में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | भूखण्ड सं. व कॉलोनी का नाम | खसरा नं | क्षेत्रफल | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामेश्वर सैनी/कल्याण मल सैनी | सांखला वाली ढाणी शिवाजी कॉलोनी | | 125.20 वर्ग गज | 69 क पट्टा हेतु |
| 2 | मदन लाल शर्मा/रामकिशोर शर्मा | मरेठा धर्मशाला के पास वार्ड नं 4 | | 408.33 वर्ग गज | 69 क पट्टा हेतु |
| 3 | मूरलधर सबनानी/जीवतराम सबनानी | सिन्धी कॉलोनी | | 233.33 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 4 | गीता देवी/माणक चन्द खण्डेलवाल | आसाम मील के पीछे | | 1360.66 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 5 | बाबूलाल कवंरिया/रामनारायण रैगर | शिवाजी कॉलोनी | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 6 | यशोदा नागर/सीमाराम नागर | चंदा टॉकिज के पास | | 66.66 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 7 | बाबू लाल सैनी/सूरज माली | शिवाजी कॉलोनी | | 254.02 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 8 | त्रिलोक चन्द टाक/रूपाराम टाक | चंदा टॉकिज के पास | | 507 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 9 | पंकज नागर/सीताराम नागर | अम्बिका होटल के पास | | 182.38 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 10 | इन्द्रा देवी/धर्मचन्द जैन | जैन कॉलोनी | | 175वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 11 | ओमप्रकाश शर्मा/गोपीलाल शर्मा | चारभूजा मन्दिर के पास | | 142.95 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 12 | राजेन्द्र हरिजन/महेन्द्र हरिजन | वाल्मिकी बस्ती | | 138.07 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 13 | पप्पू लाल माली/रामदयाल माली | शिवाजी कॉलोनी | | 243.55 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 14 | फर्जाना/लियाकत | सुभाष कॉलोनी | | 136.11 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 15 | पांचू माली/रामदयाल माली | शिवाजी कॉलोनी | | 249.43 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 16 | भूला माली/रामदयाल माली | शिवाजी कॉलोनी | | 158.88 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 17 | जन्नत/शुबराती | पटेल रोड | | 187.05 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 18 | कालूराम माली/कल्याण मल सैनी | शिवाजी कॉलोनी | | 177.77 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 19 | हेमराज सैनी/कल्याण मल सैनी | शिवाजी कॉलोनी | | 125.83 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 20 | मनीष कुमार शर्मा/दशरथ शर्मा | वनविभाग चौकी | | 185.81 वर्ग मीटर | 69 क पट्टा हेतु |
| 21 | जगदीश प्रसाद कवंरिया/ कानाराम कवंरिया | शिवाजी कॉलोनी | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 22 | सीताराम अग्रवाल/रामगोपाल अग्रवाल | दीनदयाल कॉलोनी | | 216.66 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 23 | विष्णू सिंह/श्रीमूल सिंह | भगतसिंह कॉलोनी | | 182.22 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 24 | दुर्गादेवी/ओमप्रकाश शर्मा | नगर पालिका के पास | | 246.50 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 25 | भोजराज मेटवानी/रमेश चन्द्र मेटवानी | सिन्धी कॉलोनी | | 112.77 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 26 | मदन लाल शर्मा/रामकिशोर शर्मा | जमात | | 408.33 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 27 | सूरज देवी/सुरेश चन्द्र गुर्जर | जमात | | 379.16 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 28 | अनिशा बानो/अतीक अहमद | मोहल्ला टालवालान | | 163.70 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 30 | सलीम मन्सूरी/जुम्मा खाँ | भगतसिंह कॉलोनी | | 116.13 वर्गमीटर | 69 क पट्टा हेतु |
| 31 | राजेन्द्र कुमार शर्मा/रामजस शर्मा | बन्जारो का मौहल्ला | | 42.25 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 32 | पवन कुमार शर्मा/रामजस शर्मा | बन्जारो का मौहल्ला | | 42.49 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 33 | कुलदीप चौधरी/सुरेन्द्र चौधरी | जमात वार्ड नं. 1 | | 174.46 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 34 | अब्दूल अजीज/मुन्शी खा | शिवाजी कॉलोनी | | 176.3 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 35 | सीमा त्यागी/धीरेन्द्र त्यागी | बालाजी विहार प्रथम | | 200 वर्गगज | कृषि भूमि |
| 36 | यशोदा नागर/सीताराम नागर | चोहट्‌टी बाजार खारी कुई | | 91.06 वर्गगज | पुर्नवैध |
| 37 | मीनाक्षी मीणा/प्रशान्त कुमार मीणा | ढाणी जुगलपुरा | | 150 वर्गगज | पट्‌टा चाहने हेतु |
| 38 | जगदीश, रामकल्याण, सूरज/ बद्रीनारायण शर्मा | राजीव नगर | | 230 वर्गगज | कृषि भूमि |
| 39 | राजेन्द्र कुमार कुमावत/ श्री हनुमान सहाय कुमावत | शिवाजी कॉलोनी गली नं 7 | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 40 | केदार मल गुर्जर/औंकार मल गुर्जर | शिवाजी कॉलोनी गली नं 12 | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 41 | मोहम्मद यासीन/बुनियाद अली | शिवाजी कॉलोनी सब्जी मण्डी के पास | | 186.6 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 42 | भंवर सिंह/नन्द सिंह | शिवाजी कॉलोनी गली नं 10 | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 43 | राम प्रसाद/लक्ष्मीनारायण जांगिड | शिवाजी कॉलोनी गली नं. 10 | | 125 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 44 | सूरज मल नोगिया/ लक्ष्मीनारायण नोगिया | शिवाजी कॉलोनी गली नं. 13 | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 45 | रामसहाय/गजानन्द बलाई | शिवाजी कॉलोनी | | 291.88 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 46 | भंवर सिंह/नन्द सिंह | शिवाजी कॉलोनी गली नं 10 | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 47 | हसराज जारोलिया/बंशीलाल | शिवाजी कॉलोनी गली नं 12 | | 150 वर्गगज | 69 क पट्टा हेतु |
| 48 | धर्मचन्द जैन/रूपचन्द जैन | भगतसिंह कॉलोनी | | 213.33 वर्गगज | अन्तरण |
| 49 | सुमित्रा देवी/जयकुमार जेन | भगतसिंह कॉलोनी | | 277.33 वर्गगज | अन्तरण |
| 50 | राकेश कुमार जैन/पारस चन्द जैन | भगत सिंह कॉलोनी | | 213.33 वर्गगज | अन्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका निवाई


## तिजारा के बाजार बंद रहे

**अलवर,** (निसं)। तिजारा के चूहड़पुर गांव में गौवंश के अपमान के विरोध में हिंदू संगठनों ने बुधवार को तिजारा बंद कराया है। संगठनों के सैकडों लोग सुबह ही एकत्रित हो गए थे। जिसे देखते हुए पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। तिजारा विधायक संदीप यादव ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने 3 जनों को गिरफ्तार किया है।

पूर्व विधायक मामन सिंह यादव ने कहा कि उनकी उम्र 62 साल हो चुकी है। ऐसा घिनौना अपराध सुना नहीं लेकिन तिजारा के चुहडपुर में गौवंश से कुकर्म की घटना ने सबको झकझोर दिया है। दोषियों को किसी सूरत में माफ नहीं किया जाएगा। घटना के विरोध में आमजन में जबर्दस्त गुस्सा है।

संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है कि चार बदमाशों ने गौवंश का अपमान किया था। इसके बाद इसका वीडियो भी समाने आया। इसके बाद से आरोपियों को सख्त सजा देने की मांग होने लगी। जन आवाज मंच के समन्वय राजू यादव ने कहा कि सभी समाज में इस घटना को लेकर बड़ा गुस्सा भी है। असल में गौवंश से कुकर्म करने को हिन्दू समाज माफ नहीं कर सकता।

# सीएम ने विधायक दीपेंद्र सिंह के स्वास्थ्य की जानकारी ली



विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत से स्वास्थ्य के बारे में कुशलक्षेम पूछते सीएम गहलोत।

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के आवास पर जाकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शेखावत के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। गहलोत इस दौरान विधायक शेखावत के पुत्र पूर्व पीसीसी सचिव बालेंदु सिंह शेखावत व परिजनों से भी मिले और शीघ्र ही स्वस्थ होने की कामना की।

श्रीमाधोपुर विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत के पेट में तकलीफ के चलते पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे । वे पहले गुड़गांव के मेदांता हॉस्पिटल से डिस्चार्ज होकर आए थे लेकिन पेट में तकलीफ के चलते फिर से जयपुर में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया था ,स्वास्थ्य में सुधार आने के बाद फोर्टिस अस्पताल से डिस्चार्ज होकर विधायक शेखावत जयपुर स्थित अपने आवास पर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं।

## पुलिस दल पर हमला कर ट्रैक्टर ट्रॉली छुड़ा ले गए बजरी माफिया

**बौंली,** (निसं)। क्षेत्र के खिरनी पुलिस चौकी इंचार्ज एएसआई सुरेश चंद्र के नेतृत्व में गए पुलिस दल पर हमला कर एक पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली को बजरी माफिया लेकर फरार हो गए।

दहलोद गांव के पास अवैध बजरी खनन व परिवहन की लीज ठेकेदार त्रिलोकचंद के शिकायत पर खिरनी पुलिस चौकी प्रभारी सुरेश चंद मय जाब्ते के मौके पर पहुंचे जहां पर 5-6 ट्रैक्टर ट्रॉली बजरी खनन व परिवहन की तैयारी कर भरी खड़ी थी । पुलिस को देखते ही बजरी माफियाओं ने पुलिस दल पर हमला कर दिया। पुलिस दल ने बड़ी मुश्किल से ट्रैक्टर ट्रॉलियों के पीछे छुप कर अपनी जान बचाई। इसी दौरान अन्य ट्रैक्टर ट्रॉली बजरी खाली कर

- पुलिस दल ने छुपकर अपनी जान बचाई

बजरी माफिया ले भागे एवं एक ट्रैक्टर ट्राली को पुलिस ने पकड़ा तो पुलिस पर हमला कर हमलावरों ने बजरी ट्रैक्टर ट्रॉली को छुड़ाकर ले गए ।

इस मामले को लेकर खिरनी चौकी प्रभारी सुरेश चंद ने बौंली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बौंली सर्किल इंस्पेक्टर किशन मीणा ने बताया कि खिरनी चौकी प्रभारी सुरेश चंद द्वारा दी गई रिपोर्ट में मनराज केवट निवासी दहलोद गोविंद, अनिल व छोटा निवासी महेशरा हनुमान, कमलेश, व दिलखुश निवासी बगड़ी सहित अन्य 15-20 लोगों के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया गया है।

## 332 कार्टन सिगरेट से भरे कन्टेनर को लूटा

**पावटा,** (निसं)। सिगरेटों से भरे कंटेनर के जयपुर जाने के दौरान हुई घटना के बारे में पीड़ित हिमांशु खन्ना पुत्र जय खन्ना निवासी गाजियाबाद ने बताया कि मेरी जयपुर रोड लाइंस के नाम से गाजियाबाद में ट्रांसपोर्ट कंपनी है। उसकी कंपनी का ट्रक कन्टेनर गाजियाबाद फैक्टरी से गॉडफ्राई फिलिप्स इंडिया लिमिटेड से सिगरेट के 332 कार्टन 15 फरवरी को लोड होकर जयपुर के लिये रवाना हुआ था। जिसमें कुल 332 कार्टन सिगरेट जिनकी कीमत करीब 80 लाख रूपये है।

पाथरेडी पुलिया के पास रात समय 8.10 पर एक गाड़ी में सवार कुछ लोगों ने कंटेनर के आगे गाड़ी लगाकर उसे रोककर कंटेनर चालक से कंटेनर से गाड़ी को टक्कर मारने को लेकर मारपीट कर उसके हाथ बांधकर उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर उसको गाड़ीं मे डालकर 2 घंटे घुमाकर उसे अलवर तिराहे के पास जंगल में डाल गए व सिगरेटों से भरे कंटेनर को अपने साथ ले गए। कुछ देर बाद कंटेनर चालक ने कोशिश कर अपने आप को रिहा कर हाईवे पर आकर किसी के फोन से मालिक को फोन किया। कंटेनर व उसमें लोड सिगरेट के बॉक्स में जीपीएस लगा हुआ है। वहीं प्रागपुरा थाना पुलिस को कंटेनर में लगे जीपीएस की सहायता से कंटेनर रिलायंस पेट्रोल पंप के पास होने की सूचना पर मौके से खाली कंटेनर बरामद किया। प्रागपुरा पुलिस ने खाली कंटेनर बरामद कर थाने मे लाये।

# मंडावरी पंचायत में नरेगा कार्यों में हो रहा जमकर भ्रष्टाचार

## ग्रामीणों ने जेसीबी का उपयोग करने की सीएम से शिकायत की

**फागी,** (निसं)। उपखंड क्षेत्र की मंडावरी ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्राम मंडावरा में सरकार द्वारा चलाई जा रही नरेगा के तहत खारड़ा नाड़ी खुदाई कार्यों में जमकर फर्जीवाड़ा हो रहा है।

एक श्रमिक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि नरेगा श्रमिकों से कार्य स्थल पर काम नहीं करवा कर काम के एवज में पैसों की उगाही कर काम जेसीबी मशीन चलाकर खर्चा मजदूरों से वसूला जा रहा है। इस संबंध में जागरूक युवा राजू लाल चौधरी,

- जनप्रतिनिधियों एवं प्रभावशाली लोगों के परिवार जनों के लिखे जा रहे हैं फर्जी नाम
- सूचना के बाद भी नहीं हो रही प्रभावशाली लोगों के ऊपर कारवाई

भगवान सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त पत्र मुख्यमंत्री को भेजकर नरेगा में हो रही धांधली को शीघ्र रुकवाने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी मशीन से काम करवाने की शिकायत



फागी उपखंड क्षेत्र के ग्राम मंडावरा में नरेगा कार्य स्थल पर जेसीबी मशीन से किया गया कार्य।

पंचायत प्रशासन से लेकर उपखंड प्रशासन तक कई बार की जा चुकी है, परंतु उच्च अधिकारियों ने जांच के नाम पर मात्र लीपापोती के अलावा कुछ भी नहीं किया।

युवा कार्यकर्ता राजू लाल चौधरी ने धांधली में नरेगा मेट की भी है मिलीभगत बताया। मेट का कहना है कि मेरे ऊपर लगाए गए आरोप निराधार है नरेगा में नंबर नहीं आने वाले लोग ही विरोध कर रहे हैं जो गलत है। इस संबंध मे ग्राम पंचायत मंडावरी के सरपंच माफिया बानो ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में नरेगा कार्य राम भरोसे चल रहा है, ग्राम विकास अधिकारी पंचायत में 1 महीने में दो या तीन बार ही आते हैं। ग्राम विकास अधिकारी मुकलेश खटीक का कहना है कि पंचायत क्षेत्र में नरेगा कार्यों में धांधली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नरेगा कार्य स्थल पर मशीन चलना मेरी जानकारी में नहीं है। इसकी जांच करूंगा, अगर मशीन चलाई गई है तो उसका भुगतान किसी भी सूरत में नहीं किया जाएगा।


राजस्थान सरकार वन विभाग

कमांक: प.1 (64) वन/2021 जयपुर, दिनांक 9.2.2022

प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF)
राजस्थान, जयपुर

विषय: Diversion of 0.02 ha. of forest land in Favour of Jio Digital Fiber Pvt. Ltd. For Permission for underground OFC Laying work in forest area in Ajmer City along road from Lat/Long point 26.42448°/7461972° to 26.42630°/74.62239° for total length of 0.444KM and Forest area-0.0200 ha.With in ROW Limits of the road in Ajmer District, Rajasthan (FP/RJ/OFC/47299/2020)

संदर्भ: आपका पत्रांक एफ 14 (OFC)2020/एफसीए/प्रमुवस /2437 दि. 24.08.2021

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित प्रस्ताव में Jio Digital Fiber Private Limited (प्रयोक्ता अभिकरण) द्वारा वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अर्न्तगत सामान्य स्वीकृति के तहत धारा-2 में OFC Cable Line हेतु 0.02 हेक्ट.वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गई है।नोडल अधिकारी वन संरक्षण अधिनियम द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर विचारोपरांत प्रस्ताव पर वन संरक्षक अधिनियम 1980 के अर्न्तगत धारा-2 में सामान्य स्वीकृति बाबत जारी दिशा-निर्देशों एवं नवीन निर्देश दिनांक 27.07.2020 के परिपेक्ष्य में Diversion of 0.02 ha. of forest land in Favour of JIO DIGITAL FIBER PVT. LTD. For Permission for underground OFC Laying work in forest area in Ajmer City along road from Lat/Long point 26.42448°/7461972° to 26.42630°/74.62239° for total length of 0.444KM and Forest area- 0.0200 ha.With in ROW Limits of the road in Ajmer District, Rajasthan की सैद्धांतिक स्वीकृति बिना वृक्षों के पातन सहित निम्न शर्तों के अध्याधीन प्रदान करती है:-

1. वन भूमि की वैधानिक स्थिति मे कोई परिवर्तन नही होगा।
2. प्रत्यावर्तित वन भूमि का उपयोग किसी अन्य प्रयोजन के लिये नहीं किया जावेगा।
3. याचक विभाग द्वारा परियोजना के निर्माण एवं रख रखाव के दौरान आस-पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नही पहुचाई जावेगी एवं उनके संरक्षण हेतु समस्त उपाय किये जावेगें।
4. प्रत्यावर्तित क्षेत्र मे रोपित किये जाने वाले वृक्षो को वन विभाग की बिना पुर्वानुमति के नही काटा जावे। उक्त क्षेत्र में रोपित पेड परिपक्व होने पर, वन विभाग के होगें।
5. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित स्थल/वन क्षेत्र के आस-पास मजदुरों/स्टाफ के लिए किसी भी प्रकार का कैम्प नही लगाया जावेगा।
6. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों/ स्टाफ को रसोई गैस/केरोसिन तेल आपूर्ति की जावेगी, ताकि निकटवर्ती वनों को क्षति न हो।
7. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वनभूमि के अतिरिक्त आस-पास की वनभूमि से/ पर निर्माण कार्य के दौरान मिट्‌टी/ पत्थर काटने या भरने का कार्य नही किया जावेगा।
8. प्रयोक्ता अभिकरण वर्तमान एवं भविष्य में योजना पर लागू सभी नियम, कानून तथा दिशा निर्देशो का पालन करेगा।
9. प्रयोक्ता अभिकरण, सैद्धान्तिक स्वीकृति की पालना के साथ एफ.आर.ए. सटिर्फिकेट प्रस्तुत करावेगा। तदोपरान्त ही विधिवत स्वीकृति पर विचार किया जावेगा।
10. राज्य सरकार द्वारा दी गई इस अनुमति का प्रबोधन संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा सकेगा।
11. भारत सरकार के पत्रांक 7-23/2012/एफसी दि. 24.07.2013 से माननीय ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा दिनांक 7.11.2012 को पारित निर्णय की पालना प्रकरण में सुनिश्चित की जावें तथा प्रकरण मे जारी स्वीकृति को यूजर एजेंसी हिन्दी एवं अंग्रेजी मे प्रकाशित होने वाले एक-एक समाचार पत्र मे अक्षरशः प्रकाशित करावें एवं जारी स्वीकृति की प्रतियां स्थानीय निकाय, पंचायत एवं नगर पालिका के राजकीय अधिकारीयों को स्वीकृति प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
(बी.प्रवीण) शासन सचिव

# संभागीय आयुक्त ने लोहामंडी में 90-बी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज की

## 30 वर्ष पहले हुई थी 39 बीघा जमीन की 90-बी कार्यवाही, काश्तकारों ने जमीन हड़पकर इसका मुआवजा उठाने के लिए दी थी अवाप्ति को चुनौती

**जयपुर** (कासं)। लोहामंडी की चर्चित जमीन पर काश्तकारों को 135 बीघा जमीन का मुआवजा मिला तो उनकी नियत भूखंडधारियों की 39 बीघा जमीन पर बिगड़ गई। काश्तकार सुरेन्द्र कुमार वर्मा व अन्य ने 30 वर्ष पहले 90-बी हो चुकी 39 बीघा जमीन को खुद की बताकर जयपुर संभागीय आयुक्त के समक्ष अपील तक कर दी थी, जिसे संभागीय आयुक्त दिनेश यादव ने सारहीन मानते हुए खारिज कर दिया है। जेडीए के जोन उपायुक्त अशोक कुमार योगी ने इसी याचिका को आधार पर इस 39 बीघा जमीन पर बसे भूखंडधारियों के आवंटन पत्र रोके हुए थे।

सूत्रों के मुताबिक काश्तकार सुरेन्द्र कुमार वर्मा ने मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति की लोहामंडी योजना कूकरखेडा में 30 बीघा जमीन की 90-बी के खिलाफ संभागीय आयुक्त दिनेश यादव के समक्ष अपील दायर की थी। इससे पहले भी सुरेन्द्र वर्मा ने जेडीए प्रशासन के समक्ष भी यह कहते हुए आपत्ति दी थी कि इस जमीन की खातेदारी उनके नाम पर है। उन्होंने इस जमीन को हाउसिंग सोसायटी को नहीं बेचा है। ऐसे में जेडीए ने गलत तरीके से इसका भूरुपांतरण कर दिया। जोन उपायुक्त अशोक कुमार योगी ने इस आपत्ति को खारिज कर दिया था। साथ ही भूखंडधारियों को मुआवजा लेने का हकदार माना था। इस आदेश को ही संभागीय आयुक्त के यहां अपील की थी। संभागीय आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने माना कि इस मामले में अपीलकर्ता के अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए। उन्हें कई बार सुनवाई का मौका दिया, लेकिन वो नहीं आए। ऐसे में रेस्पोडेंट के वकील की बहस सुनी गई। बहस का मनन किया गया और पत्रावली का अवलोकन करने से पाया गया कि 16 अक्टूबर 99 के जेडीए के आदेश के खिलाफ 2007 में भी अपील की गई थी, जो खारिज कर दी गई थी। अपीलार्थी ने फिर दुबारा अपील कर दी, जो कि कानूनन उचित नहीं है। ऐसे में यह अपील सारहीन मानकर खारिज की जाती है।

- **संभागीय आयुक्त ने याचिका खारिज करते हुए माना कि 16 अक्टूबर 99 के जेडीए आदेश के खिलाफ 2007 में भी अपील की गई थी, जो खारिज कर दी गई थी। अपीलार्थी ने पुनः अपील कर दी, जो कि कानूनन उचित नहीं है।**
- **इससे पहले भी काश्तकार सुरेन्द्र वर्मा व अन्य ने जेडीए के समक्ष भी आपत्ति लगाकर जमीन खुद की बताई थी, लेकिन उपायुक्त अशोक योगी ने उनकी आपत्ति खारिज कर भूखंडधारियों को मुआवजा लेने का हकदार माना था।**

### भूखंड़धारियों के मुआवजे की फाइल जेडीए से फाइल गायब, तलाश पत्र जारी

**जयपुर** (कासं)। लोहामंडी की 90-बी शुदा 39 बीघा जमीन पर बसे भूखंडधारियों को मुआवजा देने वाली फाइल जेडीए मुख्यालय से गायब हो गई है।

जेडीए सूत्रों की मानें तो इस फाइल को जोन उपायुक्त-6 के यहां से राय लेने के लिए जेडीए सचिव को भेजा गया था। सचिव ने इसे निदेशक विधि की सलाह लेने के भेजा, जहां से 20 दिन से यह फाइल गायब है। यह तथ्य जब निदेशक विधि की जानकारी में आया तो उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उपायुक्त अशोक कुमार योगी को भी बुला कर अपनी नाराजगी जताई। इसके बाद उन्होंने तलाश पत्र जारी किया, जिसमें बताया गया है कि भूखंड से संबंधित फाइल 11 जनवरी को सचिव प्रकोष्ठ से प्राप्त हुई थी।

उसके बाद से यह फाइल निदेशक विधि के यहां से उपलब्ध नहीं हो रही है। किसी जोन में यह पत्रावली आ गई हो तो उसे संबंधित प्रकोष्ठ में भिजवाया जाए। यह पत्र सभी जोन में भेजा गया है।

# रोडवेज सीएमडी ने अफसरों को दिखाये सिंधी कैंप बस स्टैंड के बदतर हालात

**जयपुर** (कासं)। रोडवेज सीएमडी संदीप वर्मा ने बुधवार को मेट्रो, नगर निगम, ट्रेफिक पुलिस और रोडवेज अफसरों को साथ लेकर सिंधी कैंप बस स्टैंड पर फैली अव्यवस्थाएं दिखाई। उन्होंने कहा कि यहां हर रोज 70 से 75 हजार यात्री आते हैं, ऐसे में इस बस अड्डे को भी जोधपुर की तर्ज पर पैसेन्जर फ्रैंडली बनाने की जरूरत है। यहां हर 15 दिन में निरीक्षण करके हालात सुधारे।

संदीप वर्मा ने सिंधी कैंप बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए 10-12 फीट चौड़ा विशेष पैदल पथ बनाने, यात्रियों और बसों का आवागमन अलग-अलग करने, प्रवेश और निकास मार्ग पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाने, अतिक्रमण हटाकर पार्किंग व्यवस्थित करने के निर्देश दिये। रोडवेज सीएमडी संदीप वर्मा ने जयपुर मेट्रो के निदेशक विवेक कुमार और महा प्रबन्धक विनय कुमार शर्मा को मेट्रो स्टेशन और रोडवेज के निकास द्वार के पास फुटपाथ की चौड़ाई बढाने और रेलिंग लगाकर आवागमन सुगम बनाने को कहा। डीएसपी यातायात श्याम सुन्दर को बस स्टैंड के आसपास यातायात व्यवस्थित करने और निजी दुकानों को व्यवस्थित कर पार्किंग फ्री बनाने के लिए कहा। ग्रेटर निगम की उपायुक्त दीपाली और एक्सईएन को बस स्टैण्ड के बाहर से अतिक्रमण हटाने को कहा। जगह-जगह गंदगी देखकर कचरे के निस्तारण के लिए भी इंतजाम करने के लिए कहा। इसके बाद संदीप वर्मा ने सिन्धी कैम्प थाने की जर्जर बिल्डिंग और कमरों को सुधारने के लिए प्लान बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान रोडवेज के कार्यकारी निदेशक जे.पी. बुनकर, वित्तीय सलाकार वीना गुप्ता, कार्यकारी निदेशक लोकेश सहल, अधीक्षण अभियन्ता मुकेश राणा और मुख्य प्रबन्धक भानूप्रताप सिंह मौजूद थे।

- **यात्रियों के लिए 10-12 फीट का विशेष पैदल पथ बनाने, अतिक्रमण हटाकर पार्किंग व्यवस्थित करने को कहा**
- **प्रवेश-निकास मार्ग पर जेब्रा क्रॉसिंग बनाने तथा यात्रियों और बसों का आवागमन अलग-अलग करने को कहा**

# 30 हजार रिश्वत लेते हाउसिंग बोर्ड के दो अधिकारी गिरफ्तार

## मकान की रजिस्ट्री के लिए फाइल रजिस्ट्रार के पास भेजने की एवज में मांगी थी रिश्वत

**जयपुर** (कासं)। एसीबी ने बुधवार को जयपुर के इंदिरा गांधी नगर स्थित हाउसिंग बोर्ड के कार्यालय में कार्रवाई करते हुए सहायक प्रशासनिक अधिकारी रामकिशोर मीणाा और कार्यालय सहायक मोहन सिंह को 30 हजार रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपियों ने परिवादी से हाउसिंग बोर्ड से आवंटित मकान की रजिस्ट्री के लिए फाइल रजिस्ट्रार को भेजने की एवज में घूस मांगी थी।

एसीबी महानिदेशक बी.एल.सोनी ने बताया कि परिवादी बाबूलाल शर्मा ने राजस्थान आवासन मंडल के दो मकान अजय माथुर और विष्णु शर्मा से खरीदे थे। इन मकानों को बेचने के लिए रजिस्ट्री की जरूरत होती है। इसके एवज में आरोपियों ने बाबूलाल से 30 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। पीड़ित ने इस संबंध में एसीबी को शिकायत दी, जिस पर टीम ने सत्यापन कर बुधवार को ट्रैप की कार्रवाई को अंजाम दिया। सोनी ने बताया कि शिकायत आने पर स्पेशल यूनिट प्रथम के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र सिंह नैन के निर्देशन में और पुलिस निरीक्षक अर्चना मीणा व नरेन्द्र सिंह ने शिकायत का सत्यापन किया था, इसके बाद ट्रैप की कार्रवाई की गई। अब एसीबी टीम दोनों आरोपियों के आवास पर भी सर्च कर रही है।



आरोपी रामकिशोर मीणा



आरोपी मोहन सिंह

# मां की दवा लेने गई बच्ची से कंपाउंडर ने की छेड़छाड़

## रामगंज पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी मो. अलजान को गिरफ्तार किया

**जयपुर** (कासं)। जयपुर में 9 साल की बच्ची से कंपाउंडर के अश्लील हरकत करने का मामला सामने आया है। जो मां के लिए दवाई लेने के लिए एक सीफा क्लीनिक पर पहुंची थी। बच्ची ने डॉक्टर के बारे में पूछा, जो नहीं था। कंपाउंडर ने बच्ची को टेबलेट दी। फिर अपने साथ ड्रेसिंग रूप में ले गया। फिर अश्लील हरकत करने लगा। बच्ची घबरा गई और मौके से भाग गई। परिजनों को घटना की जानकारी धी। इसके बाद रामगंज थाने में मामला दर्ज करवाया गया।

रामगंज एसीपी सुनील प्रसाद शर्मा ने बताया कि घटना 14 फरवरी की रात 8 बजे की है। आरोपी का नाम मोहम्मद अजलान (20) बताया जा रहा है। परिजनों की सूचना पर रामगंज थाना पुलिस और रामगंज एसीपी सुनील प्रसाद शर्मा मौके पर पहुंचे। कंपाउंडर मोहम्मद अजलान को क्लीनिक से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बच्ची के परिजनों की शिकायत पर पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। रामगंज थानाधिकारी भूरी सिंह ने बताया कि बच्ची से पूछताछ में बच्ची ने बताया कि वह अपनी मां की दवाई लेने आए दिन क्लीनिक पर जाती रहती है। घटना वाले दिन क्लीनिक पर डॉक्टर मौजूद नहीं था। कंपाउंडर ने मौका देख कर बच्ची से अश्लील हरकत कर डाली पुलिस ने बताया कि कंपाउंडर मोहम्मद अजलान पहाड़गंज इलाके का रहने वाला है। कंपाउंडर पिछले 7 साल से क्लीनिक में नौकरी कर रहा था।

### वैशाली नगर में 35 नए संक्रमित मिले

**जयपुर** । राजधानी जयपुर में बुधवार को भी थोड़ी और वृद्वि के बाद 454 नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें सबसे ज्यादा 35 रोगी वैशाली नगर इलाके में पाए गए हैं। इधर जिले में करोना से एक मरीज की मौत हो गई है।

राजधानी जयपुर में बुधवार को 68 इलाकों में नए करोना संक्रमित मिले हैं। इनमें फिर सबसे ज्यादा 35 नए संक्रमित वैशाली नगर इलाके में पाए गए हैं। इसके अलावा बस्सी में 18, जगतपुरा व टोंक रोड इलाके में 16-16, झोटवाड़ा में 15, मालवीय नगर व सिरसी में 14-14, इंदिरा गांधी नगर, प्रताप नगर व विद्याधर नगर में 12-12 और कोटपूतली, मानसरोवर व सांगानेर में 11-11 नए मरीज मिले हैं। वहीं 10 मरीज के नाम पता व मोबाइल नम्बर गलत होने पर उन्हें ट्रेस नहीं किया जा सका। जयपुर में पिछले चौबीस घंटों में 1139 मरीज रिकवर हुए हैं।

उधर दूसरी ओर प्रदेश में बुधवार को 1 लाख 48 हजार 814 लोगों का कोविड टीकाकरण किया गया।

# जयपुर जंक्शन पर पटरी से उतरा ट्रेन का इंजन-डिब्बा

**जयपुर** (कासं)। जयपुर रेलवे जंक्शन पर बुधवार को एक ट्रेन का इंजन और डिब्बा पटरी से उतर गया। गनीमत रही कि जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय ट्रेन खाली थी। जो मेंटेनेंस के लिए यार्ड में जा रही थी। इस घटना के कारण 3 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। जोधपुर, सूरतगढ़, मारवाड़ जाने वाली ट्रेन डेढ़ से लेकर 3 घंटे तक की देरी से चली।

सूत्रों के मुताबिक ट्रेन के इंजन की सर्विस के लिए ट्रेन यार्ड में जा रही थी। तभी तकनीकी खराबी के कारण इंजन और ट्रेन का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। पटरी से उतने के बाद ट्रेनों का मूवमेंट कुछ समय के लिए रोक दिया। इसके बाद टेक्निकल टीम मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से ट्रेन को वापस पटरी पर लाया गया। इस दौरान पटरियों पर लगी कुछ फिश प्लेट टूट गई, जिसे ठीक करने में 2 से 3 घंटे का समय लगा। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है, इसके बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। वहीं जयपुर जंक्शन से उत्तर पश्चिम रेलवे महाप्रबंधक विजय शर्मा का निरीक्षण दौरा भी शुरू हो चुका है। शर्मा सवाई माधोपुर तक का दौरा विशेष ट्रेन से करेंगे। इस दौरान विभिन्न कार्यो की समीक्षा के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक लाइनों का जायजा लेंगे। शाम को जंक्शन पर पूरे दौरे की जानकारी को साझा करेंगे।

बताया जा रहा है कि फिश प्लेट टूटने से गाड़ी संख्या 19719, जयपुर-सूरतगढ़ रेलसेवा निर्धारित समय से 3 घंटे 5 मिनट देरी, गाड़ी संख्या 19735, जयपुर-मारवाड ज. रेलसेवा निर्धारित समय से 2 घंटे 40 मिनट देरी से रवाना हुई। इसी तरह गाड़ी संख्या 22977, जयपुर-जोधपुर रेलसेवा निर्धारित समय से 1 घंटे 40 मिनट देरी से रवाना हुई। पूरे घटनाक्रम की रेलवे की विशेष टीम पूरे जांच करेगी, इसके बाद अन्य जानकारियों को साझा करेंगें।

### फेमिना मिस इंडिया 2022 की घोषणा हुई, खुल चुके है रजिस्ट्रेशन पोर्टल

**जयपुर,** (का.सं.)। पूरे विश्व में हुनर, ख़ूबसूरती और लोकप्रियता का परचम लहरा चुका फ़ेमिना मिस इंडिया अपने अगले अध्याय के साथ लौट रहा है। मिस इंडिया 2022 के लिए ऑडिशन शुरू हो चुके हैं और रजिस्ट्रेशन पोर्टल भी खुल चुके हैं। जहां मिस इंडिया ऑर्गेनाइज़ेशन अपनी नई खोज के लिए डिजिटल स्पेस का इस्तेमाल कर रहे है। जिसका दृष्टिकोण युवाओं को सशक्त बनाने और अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफॉर्मों पर भारत की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा के प्रतिनिधित्व करने में निहित है। देश में मौजूद 28 राज्यों के प्रतिनिधियों और दिल्ली, जम्मू, कश्मीर के प्रतिनिधियों के अलावा केंद्र शासित प्रदेशों के एक प्रतिनिधि का चयन करने के लिए 14 फरवरी से 31 फाइनलिस्ट का राष्ट्रव्यापी हंट शुरू किया जा रहा है। वी.एल.सी.सी. द्वारा प्रदर्शित फेमिना मिस इंडिया के प्रतिनिधियों की चयन प्रक्रिया केवल मोज एप के ऑडिशन वीडियो टास्क सबमिशन द्वारा होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रत्येक आवेदक को एप डाउनलोड करना होगा। उस पर प्रोफाइल बनाना होगा, तीन ऑडिशन वीडियो - इंट्रोडक्शन, टैलेंट और रैम्पवॉक अपलोड करना होगा।

# हरियाणा के सरकारी अस्पतालों में निओनेटल वेंटिलेटर और एबीजी मशीनें देगा पावरग्रिड

## गुरूग्राम, फरीदाबाद और मेवात के जिला अस्पतालों को सौगात

**नई दिल्ली/जयपुर** (कासं)। पावर ग्रिड जल्द ही हरियाणा के गुरूग्राम, फरीदाबाद और मेवात के जिला अस्पतालों के लिए निओनेटल वेंटिलेटर और एबीजी मशीनें खरीदेगा। यह सहायता सीएसआर पहल के तहत की जायेगी। इस संबंध में पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. के वरिष्ठ महाप्रबंधक विनायक चौहान ने उपायुक्त गुरूग्राम निशांत कुमार यादव के साथ एमओयू भी साइन किया है। इस मौके पर वरिष्ठ उपमहाप्रबंधक विनोद प्रकाश बखला, अतिरिक्त सीईओ हरियाणा गौरव सिंह, सीएसआर ट्रस्ट व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



पावरग्रिड के वरिष्ठ महाप्रबंधक सीएसआर विनायक चौहान ने बताया कि कोविड महामारी के इस दौर में हरियाणा के लोगों की सुरक्षा और अच्छा स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हरियाणा के विभिन्न जिलों के सरकारी अस्पतालों में चिकित्सा उपकरणों की सख्त जरूरत है। इसलिए पावरग्रिड जल्द ही निओनेटल वेंटिलेटर और एबीजी मशीनें इन अस्पतालों को मुहैया करवायेगा। ताकि गंभीर रोगियों का जीवन बचाया जा सके। पावर ग्रिड यह मदद सीएसआर पहल पर कर रहा है।

# राह चलती युवती से अभद्रता

**जयपुर** । बजाज नगर इलाके में सरेराह एक 24 वर्षीय युवती से अभद्रता करने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार दोनों वारदात वेलेंटाइन डे के दिन घटित हुई। पहली घटना में जयपुरिया अस्पताल के नजदीक से गुजर रही एक युवती के अपहरण एवं शरीर पर जगह-जगह पिन चुभाने का मामला सामने आया है। 24 वर्षीया ने बजाज नगर थाने में रिपोर्ट दी है कि वह काम से लौट रही थी। इस दौरान नौ अनजान लोगों, जिनमें दो युवतियां भी थी, उन्होंने उसे रोका और मुंह पर कुछ फेंका। आंखों पर पट्टी बांधकर आरोपी कहीं ले गए। इस दौरान उन्होंने शरीर पर कई जगह सेफ्टी पिन चुभाई और हाथ और गले पर पेन से नाम लिख दिए। इसके बाद पुनः उसी जगह पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता के बयान के आधार पर तफ्तीश शुरू कर दी है।

# चोरी का माल खरीदने वाला दबोचा

**जयपुर** । भांकरोटा पुलिस ने 32 चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अब्दुल को गिरफ्तार किया था। जिससे पूछताछ कर उसके चोरी के माल खरीदने वाले एक खरीदार को धर-दबोचा और उसके पास से चोरी का माल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि 32 चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले अब्दुल से चोरी का माल खरीदने वाले रामदयाल सोनी निवासी लालसोट जिला दौसा हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है।

# सार-समाचार

## पल्लवी मिश्रा चेयरवुमन निर्वाचित



डॉ. पल्लवी



तनुजा अग्रवाल



निवेदिता सारड़ा

**जयपुर** । इंडियन वूमन नेटवर्क की मीटिंग के दौरान बुधवार को गीता ग्लोबल स्कूल की निदेशक पल्लवी मिश्रा को वर्ष 2022-23 के लिए सी.आई.आई. इंडियन वूमन नेटवर्क राजस्थान चैप्टर के लिए चेयरवूमन निर्वाचित किया गया। इसके साथ ही रतन दास गुप्ता एण्ड कम्पनी की पार्टनर और मयूर यूनिकोटर्स लिमिटेड में स्वतंत्र निदेशक तनुजा अग्रवाल वर्ष 2022-23 के लिए सी.आई.आई. इंडियन वूमन नेटवर्क राजस्थान चैप्टर की वाईस चेयरवूमन निर्वाचित हुई। निवेदिता रवींद्र सारड़ा, सी.आई.आई. इंडियन वूमन नेटवर्क की को-वाईस चेयरवूमन निर्वाचित हुई।

## डॉ. पार्थ को पीएचडी की उपाधि



**जयपुर,** (का.सं.)। डॉ. पार्थ छोलक ने प्रोफेसर अलेक्जेन्डर पिसारचिक के निर्देशन में टेकनिकल यूनिवर्सिटी मड्रिड, स्पेन से "न्यूरोनल मेकेनिज्म ऑफ परसेप्शन एण्ड कॉगनीशन" में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। डॉ. पार्थ छोलक के पिता डॉ. के.बी. छोलक भारतीय रेलवे में चिकित्सकीय सेवा के अन्तर्गत उत्तर-पश्चिम रेलवे पर अपनी सेवाएं दे रहे है। डॉ. पार्थ ने अपनी प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा इण्डिया इन्टरनेशनल स्कूल, जयपुर से करने के पश्चात् आई.आई.टी. मुम्बई से "मेकेनिकल इंजिनियरिंग" में बीटेक की उपाधि तथा टेकनिकल यूनिवर्सिटी मड्रिड, स्पेन से "बायोमेडिकल साइंस" में एम.एस की स्नात्कोत्तर उपाधि प्राप्त की थी।

## भारती शर्मा प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त




**जयपुर** (कासं)। विप्र फाउंडेशन राजस्थान जोन 1 के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल एडवोकेट ने महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पद पर भारती शर्मा को नियुक्त किया है। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व महिला आयोग की चेयरमैन ममता शर्मा, विप्र फाउंडेशन के महामंत्री सतीश शर्मा, विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ की महामंत्री सुनीता शर्मा एवं सदस्य कविता पारीक व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सांगानेर कोर्ट में फ्री काउंसलिंग सेंटर

**जयपुर** । सांगानेर अपर जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर में बुधवार को प्री काउंसलिंग सेंटर की शुरुआत हुई। सांगानेर बार अध्यक्ष महावीर सुरेन्द्र जैन महासचिव नेमीचंद सामरियां ने बताया कि सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश मिथिलेश कुमार शर्मा व सांगानेर एडीजे गजेन्द्र सिंह तेनगुरियाने सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांगानेर एडीजे गजेन्द्र सिंह तेनगुरिया ने कहा कि लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मामलों के निस्तारण हेतु लोगों में समझाइश करने के लिए सेंटर की शुरुआत की गई है जिसमें अधिवक्ताओं के सहयोग से लोगों को फायदा पहुंचेगा। इस अवसर पर अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट सांगानेर संजीव कुमार कविता सोनी, महानगर मजिस्ट्रेट पूनम सैन व नेहा कुमावत के अधिवक्ता व न्यायिक कर्मचारी व पक्षकार उपस्थित रहें।

## जियो के मैनेजर के खिलाफ केस दर्ज

**जयपुर** । आदर्श नगर इलाके में पिंक स्कायर से सत्यार्थ रोड और वर्मिज कॉलोनी में रिलायंस जियो कंपनी द्वारा रोड कट किये जाने पर बुधवार को आदर्श नगर उपायुक्त ने रिलायंस जिओ के ऐरिया मेनेजर के खिलाफ जवाहर नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। आदर्श नगर जोन उपायुक्त राम किशोर मीना ने बताया कि रिलायंस जिसके एरिया मेनेजर राजेश को बिना अनुमति इस रोड कट का कार्य नहीं करने को कहा था, इसके बावजूद भी उन्होंने काम बंद नहीं किया। जोन के एईएन व जेईएन ने सड़क खुदाई का कार्य बंद करवाया, इसके बाद रात में छुट्टी के दिन ठेकेदार ने सड़क पर खड्डे खोदे।

# मेजर जनरल पी.एस.शेरावत प्रदेश दौरे पर

**जयपुर** (कासं)। एनसीसी निदेशालय राजस्थान के उप महानिदेशक एयर कमोडोर एल.के.जैन ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक एन.सी.सी., नई दिल्ली मेजर जनरल पी.एस.शेरावत, सेना मेडल 17-18 फरवरी को राजस्थान दौरे पर आ रहे हैं।

मेजर जनरल 27 सितम्बर 2021 को राष्ट्रीय कैडेट कोर, नई दिल्ली के अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर पदभार ग्रहण किया था। सन 1987 में इन्होंने 1 गार्ड से कमीशन लिया था। इनकी उच्च शिक्षा पोस्ट ग्रेज्यूटी डिप्लोमा इन इण्डस्ट्रियल रिलेशन्स एण्ड पर्सनल मैनेजमेट में प्राप्त की है। इन्होंने जीओसी 71 सब एरिया, बिग्रेडियर ओ.एल.इन्ट्रीग्रेटेड मुख्यालय, नई दिल्ली, कमाण्डर 48 इन्फेन्ट्री ब्रिगेड, कर्नल क्यू, हेडक्वार्टर 61 सब एरिया एवं अन्य विशिष्ठ पदों पर आसीन रहते हुए अपनी उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की है। इनके बहादुरी और उत्कृष्ट योगदान के कारण दो बार सेना मेडल से सम्मानित किया गया है। राजस्थान राज्य में इनका यह पहला दौर है। मेजर जनरल पी.एस. शेरावत, सेना मेडल 18 फरवरी को एन.सी.सी. निदेशालय जयपुर का निरीक्षण करेंगे और जयपुर, जोधपुर, उदयपुर एवं कोटा के ग्रुप कमाण्डरों के उच्चाधिकारियों व स्टाफ से मिलेंगे।

# गैंगस्टर राजू ठेहट को मारने की फिराक में घूम रहा आनंदपाल गैंग का गुर्गा मनोज गिरफ्तार

## पुलिस ने 175 किलो डोडा-पोस्त की तस्करी करते हुए मनोज समेत 5 बदमाशों को दबोचा

**जयपुर** (कासं)। गैंगस्टर आनंदपाल के एनकाउंटर के 5 साल के बाद उसका गिरोह फिर से सक्रिय हो गया है। बुधवार को पुलिस के हत्थे चढ़े आनंदपाल के गुर्गों ने पूछताछ में जो जानकारी दी है, उसने पुलिस की चिंताएं बढ़ा दी हैं। दरअसल, जयपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि 200 फीट के नजदीक से बड़ी मात्रा में डोडा-पोस्त की तस्करी की जा रही है। इस पर पुलिस ने 175 किलो डोडा-पोस्त जब्त कर तस्करी वाहन को एस्कॉर्ट करने वाली गैंग के 5 लोगों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार बदमाशों में से एक बदमाश मनोज कुमार नेहरा कुख्यात आनंदपाल गिरोह से जुड़ा है।

पुलिस के अनुसार मनोज कुमार नेहरा गैंगस्टर राजू ठेहट को मारने की फिराक में भी था। उसने पूछताछ में आनंदपाल गैंग के एक्टिव होने व अन्य सदस्यों से संबंधित भी कई महत्वपूर्ण खुलासे किए हैं। ये बदमाश गैंगवार में गैंगस्टर राजू ठेहट को मारने की फिराक में थे। इस खुलासे के बाद राजस्थान में गैंगवार दुबारा शुरू होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि आरोपी मनोज कुमार नेहरा चित्तौड़गढ-मध्यप्रदेश से 1800 रूपए प्रति किलो की कीमत पर डोडा-पोस्त लाकर हरियाणा और शेखावाटी में करीब 3 हजार किलो के हिसाब से बेचता था।

पुलिस ने इन बदमाशों के पास से दो लग्जरी गाड़ियां भी जब्त की गई है। साथ ही एक अवैध पिस्टल और कारतूस भी मिला है। आरोपी जयपुर समेत कई जिलों में नशे की तस्करी कर रहे थे। मामले में पुलिस ने मनोज कुमार नेहरा, सुरेंद्र सिंह, नितेश, मनोज और गोगराज को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों पर पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एनडीपीएस एक्ट में प्रावधान है कि गिरफ्तार आरोपी की संपत्ति जब्त कर उसे कुर्क किया जाए। बहुत कम होता है कि जब आरोपी की सम्पत्ति जब्त या कुर्क की जाए। डीसीपी ऋचा तौमर का कहना है कि वह नेहरा की संपत्ति मार्क करना शुरू कर दिया है।

- **आरोपियों के कब्जे से दो लग्जरी कार और पिस्टल और कारतूस बरामद**




जयपुर पुलिस ने आनंदपाल गैंग के गुर्गे समेत 5 बदमाशों को डोडा-पोस्त की तस्करी करते हुए दबोचा।

## World Human Spirit Day

So many of our statements nowadays end with 'the world as we know it'. World Human Spirit Day is a celebration of the fact that what we know about our own world is limited and superficial. It is a day to wonder at our achievements on this planet as humans. A day to give a higher power thanks for what we have and what we don't have, for making us who we are and for giving us the ability to touch others.

"Just after the final at Lord's Salve Saheb and IS Bindra, who was also in Lord's visited the players enclosure to congratulate the Indian team. Salve Saheb made an announcement that a public reception would be held to honour the World Cup-winning team and each member of the team would get Rs. 1 lakh." But raising Rs. 15 lakh was not an easy task. So Bindra suggested to Salve sahib to speak to Lata Mangeshkar and persuade her to appear for a Lata Mangeshkar Nite in Delhi and this way funds could be raised by advertisements and ticket sales to pay the cricketers. Thus the ball was now in Salve Saheb court. Salve Saheb had known Lataji for 30 years and knew her love for cricket. He was also Lataji's Chartered Accountant" remembers Kishor Rungta.



#MEMOIRS

# "Aap Ki Nazron Ne Samjha Pyar Ke Kabil Mujhe"



Prakash Bhandari
*The writer is a senior journalist*

The Vaibhav Gehlot-led Rajasthan Cricket Association (RCA) is building a mega stadium at Chonp on an area of 100 acres at a mammoth cost of over Rs. 300 crores. This stadium is said to be going to be the world's third-largest stadium with a capacity of 75,000. But, not, many people know that the RCA when it was ruled by the Rungtas had planned to build a stadium within the land of the Sawai Man Singh Stadium at a low cost of Rs. 50-60 lakh. But, forty years ago building a stadium was a real big dream as the RCA had no funds of its own. But when the question of raising funds to build the stadium aroused it was Lata Mangeshkar, who at the instance of Raj Singh Dungarpur and the late Cricket Board President P M Rungta agreed to hold a Lata Mangeshkar Nite in Jaipur free and raise funds for the proposed stadium. But the idea never saw the light of the day.

The idea of the RCA's own stadium came during the golden jubilee function of the RCA in which three teams India, West Indies, and Pakistan were present. The gala function at the Rambagh Palace was a memorable event and is remembered fondly even today.

During the golden jubilee function, NKP Salve, who was the President of the Cricket Board was invited as the guest of honour. And a very gala banquet was organised in which the Indian, Pakistani and the West Indies team took part. During this function, a demand for a cricket stadium was made. During this function the Governor Air Chief Marshall (Retd) O P Mehra supported the demand for a stadium. During the function, then Chief Minister Shiv Charan Mathur rose to speak and passed the buck on NK P Salve by saying that Jaipur can certainly have a stadium if the Cricket Board allots more international matches to Jaipur. Mathur said, if more matches were allotted to Jaipur it would help the RCA earn more profits by staging matches and the profit could be used for building a stadium. Salve as BCCI President acceded to the request made by Chief Minister Mathur.

But, nothing happened to the stadium project though the RCA secretary Kishor Rungta and his uncle Kishan Rungta made representations to the state government.

### A Tremendous Challenge

Lata Mangeshkar would regularly ask both PM Rungta and Raj Singh Dungarpur as to when the Nite would be organised. But as the state government did not issue the allotment letter of the land, the project never took off.

"During the 1983 Prudential World Cup I had gone to London to watch the semi-final and final. Lata Mangeshkar was already in London and both of us were looking for passes to watch the semi-final and final. We approached Salve and A W Kannamadikar for the passes, but the host the English Cricket Board refused to give passes and expressed its inability. S S Ray, former West Bengal Chief Minister and his wife Maya Ray were also there and wanted passes to watch the match. But, the hosts were unwilling to oblige. However, after great difficulty, two passes were organised for me and Lata Mangeshkar. She was also given a prime seat befitting her status. But, Salve was very critical of the way the hosts denied the Indian cricket Board officials pass and it was there at that time in London when he decided that India should bid for the next World Cup. He threw a hint also during the International Cricket Conference (ICC) meeting to the ECB officials. That's how India decided to make a bid for the World Cup and later mustered the support of the other Asian countries particularly Pakistan and finally got the approval of holding the World Cup jointly with Pakistan. It was a tremendous challenge as the funds were a big problem. But I remember how Salve saheb and my father P M Rungta tide over all the problems and roped in Dhirubhai Ambani to hold the World Cup which was named Reliance World Cup." remembers Kishor Rungta.

> Salve was very critical of the way the hosts denied the Indian cricket Board officials pass and it was there at that time in London when he decided that India should bid for the next World Cup. He threw a hint also during the International Cricket Conference (ICC) meeting to the ECB officials. That's how India decided to make a bid for the World Cup and later mustered the support of the other Asian countries particularly Pakistan and finally got the approval of holding the World Cup jointly with Pakistan.



Kishor Rungta remembers the jubilation after India's victory in the World Cup final over the West Indies as he was a witness to the final.

"Just after the final at Lord's Salve Saheb and IS Bindra, who was also in Lord's visited the players enclosure to congratulate the Indian team. Salve Saheb made an announcement that a public reception would be held to honour the World Cup-winning team and each member of the team would get Rs one lakh." But raising Rs. 15 lakh was not an easy task. So Bindra suggested to Salve sahib to speak to Lata Mangeshkar and persuade her to appear for a Lata Mangeshkar Nite in Delhi and this way funds could be raised by advertisements and ticket sales to pay the cricketers. Thus the ball was now in Salve Saheb court. Salve Saheb had known Lataji for 30 years and knew her love for cricket. He was also Lataji's Chartered Accountant" remembers Kishor Rungta.

Lata ji was staying in Lord's view an apartment that she bought jointly with Raj Singh. Salve went to meet Lataji in that apartment and told her that the Indian team should be rewarded with members receiving Rs. 1 lakh. Salve had gone to request her to hold a Lata Mangeshkar Nite in Delhi free to raise funds.

Lata heard Salve in the presence of Raj Singh and she agreed to do the concert free and raise Rs. 15 lakh for the players. This gesture of lata was backed by Raj Singh and the players knew that it was eventually Raj Singh that saw the players receiving Rs one lakh each through the Delhi show. The Delhi show also had Dilip Kumar as a special guest who came along with Saira Bano to grace the musical evening at the Indira Gandhi Stadium. But, this show was largely organised due to the efforts of raj Singh and P M Rungta who coordinated from Mumbai and Delhi for the success of the show.

Raj Singh was a very happy man and so was Lata Mangeshkar and the late Prime Minister Indira Gandhi was told about her contribution which she duly acknowledged during the reception to the Indian team organised by the Prime Minister.

### Raising Funds


Later late Raj Singh told this author that a total of Rs. 38 lakh were raised through the Lata Mangeshkar Nite and after giving the players and the manager, Rs. 5 lakh was given to the Cricket Board and created a "Lata Mangeshkar Trust". This sum, however paltry now with the BCCI rolling in billions is still precious. This fund was created to help the indigent cricketers, who needed money to support their families. The first beneficiary of this was C S Naidu of Indore, who was given Rs. 5000 through this Trust courtesy Lata Mangeshkar.

Lata Mangeshkar had a very good relationship with the Rungta family, particularly P M Rungta.

Later during a function to celebrate the 75th birthday of left-arm spinner Bishan Singh Bedi in Delhi which was hosted by Kapil Deo I had a chance to speak to Kapil Deo and Kapil talked about the money that flowed now in cricket.

"Humein World Cup jeetne par 1983 mein ek lakh mila tha, Rajasthan government ne public function kar sabhi khilariyon ko gyarah-gyarah hazar rupaye diye. Lekin agar us samay Lata Mangeshkar ne Delhi mein function kar funds raise nahi kiya hota to humein kuch bhi nahi milta. Hum unke hamesha shukraguzar rahenge"

During this Bedi's birthday celebration some of the old Delhi & District Cricket Association (DDCA) officials said that the DDCA as a co-host of the Lata Mangeshkar Nite received Rs. 17 lakh for building the cricket stadium and for this they were grateful to the efforts of Salve and P M Rungta.




(Standing at the back) Maharaj Virbhadra Singh Sahib of Dungarpur, Maharaj Jai Singh and Maharaj Raj Singh. (Sitting) HH Rai-i-Rayan Maharawal Lakshman Singh with Mahipal Singh and Samar Singh (sitting on the floor).

### Foster Daughter

"In our Mumbai's Rungta House, great playback singer Mukesh, who was a close friend of my father was staying in a block, and on Tuesday Mukesh would sing bhajan for my grandfather Mahaveer Prasadji and my grandmother. On the colourful Holi day each year, Lata ji would come to Mukeshji's house to greet him and we the members of the Rungta family would join the Holi celebration in Rungta House. This continued so long Mukeshji lived.

This author's daughter Peeyu Jain, who is happily married and lives in New York with her merchant banker husband Ankur Jain and her two kids Nirvaan and Sana was offered the support of lata Mangeshkar to study in Cambridge.

My son Parikshit was sent to Mumbai to learn business with Shirish Poonglia, who was in the diamond business. Peeyu was doing her post-graduation in English literature at Bombay University after doing her BA (Honours) from Jaipur's Maharani College with merit. Both my son and daughter were thus staying in Mumbai and Raj Singh was very kind to them for granting them temporary membership of the Cricket Club of India. This enabled them to visit the CCI and enjoy food and other facilities.



> Raj Singh would frequently visit Ranthambhore. He used to carry a small tape recorder that had recorded songs of Lata Mangeshkar which he would play often during a journey.

Daughter Peeyu was given access to the huge library where she would study.

Peeyu was among the toppers in MA of Bombay University and when she conveyed the news to Raj Singh, he was very happy and suggested to her that she pursue higher studies. She was offered some financial support through the Lata Mangeshkar Foundation of London. This Foundation was set up by Lataji by funds received from the two shows organised in London's Albert Hall. Peeyu was asked to apply for the M Phil Course in Cambridge through the British Council in Delhi. Lataji promised to support her studies by partly meeting her expenditure. But even before her application was forwarded, the Prince Charming came from New York to Jaipur to meet her and she got engaged to Ankur Jain, son of Dal Chand Jain, who was a freedom fighter from Kota and was given the status of freedom fighter for participation in Goa's freedom movement.

Peeyu to this day remembers this gesture of Lataji and Raj Singh which she could not avail.

Lataji had a foster daughter in Sangeeta Gupta, the daughter of music director Madan Mohan, who was a "Rakhi brother" of Lataji. Sangeeta and her husband Rajiv live in Jaipur and when they were married in Mumbai in 1982, Lataji issued the wedding invitation in her name. She would always be in touch with Sangeeta and cared for Sangeeta as her own daughter. When she came to Jaipur to perform in the lata Mangeshkar Nite, she went to Sangeeta's house in Civil Lines for tea.

Nightingale was known for her love for wildlife and she had captured a lot of photographs of wildlife in her camera. She had a desire to visit Ranthambhore, a desire which remain unfulfilled. But Raj Singh would frequently visit Ranthambhore and he brought a number of his English friend including former England skipper ted Dexter to Ranthambhore. Raj Singh used to carry a small tape recorder that had recorded songs of Lata Mangeshkar which he would play often during a journey. One heard Raj Singh during a trip to Ranthambhore playing the tape recorder for Lata's famous number "Aap Ki Nazron Ne Samjha Pyar Ke Kabil Mujhe".

writetoarbit@rashtradoot.com




Lata Mangeshkar's "Aye Mere Watan Ke Logon" left Nehru in tears.



#OBITUARY

# Rahul Bajaj

## The Prince Of Bombay Club



> For the greater part of last three decades, Indian industrial circuit was dominated by Rahul Bajaj, who died last week at 84.



Anjan Roy
*A renowned veteran journalist, having worked with Business Standard and the Telegraph.*

For the greater part of last three decades, Indian industrial circuit was dominated by Rahul Bajaj, who died last week at 84.

He was a cut above all else, because he would shoot his mouth off at the slightest opportunity. Tall and elegant, every bit bearing the weight of old money spanning a century, Rahul matched his physical presence with a spirit of controlled defiance.

When the Narasimha Rao government was opening up the Indian economy, tariffs were being lowered and industrial policy refashioned to permit entry of foreign capital more freely into the country, Rahul Bajaj spoke out loud against it.

He organised members of the Indian industrialist class who were opposed to fast opening up, particularly, allowing the rights of outsiders to come in and invest, under what came to be known as "The Bombay Club." Opening up trade was alright. However, allowing the foreigners right to invest was really cutting into the preserved spaces of the indigenous money bags.

It would mean competition at home, which could be uncomfortable for the old money, although they had professed the policy of free competition for years. But that was for the sake of dialogue and appearances sake, not to be taken literally.

In driving his thrust against the government of the day, for which he had built up a carefully cultivated image, he used the platform of the Confederation of Indian Industry -or the better known CII- whose director general Tarun Das was his most valuable platform builder. CII was not just an industry association.

Tarun Das had given it a flavour of being a public affairs platform, which for ever was advocating policies and measures for the greater good of the country, its economy and its people at large.

Not content with Rahul Bajaj's Bombay Club opposition to liberation and opening up, the CII director general had come out with a short and succinct paper which described the foreigners as "Cowboy Capitalists", thereby equating investors with the high handed bravados of Western Cowboy tradition. Various modes of criticism and opposition had to be employed to get the desired end results after all.

It had of course begun much earlier. In the days of his socialists thrusts of Indira Gandhi's prime-ministerial rule, the government had one act of faith - a suspicion of industry and industrialists. She was the epitome of control mania and Indian industry was tied up from every possible angle to stop them from swooping down on an unsuspecting people.

Rahul Bajaj, had spoken out against the government's policy thrusts and imposition of control on Big Business to become bigger. That had laid the foundations of a lifelong role of a "fearless critic" which was last asserted in 2019 when he spoke of public lynching, an environment of fear of the government in raising questions and general intolerance before the union home minister, Amit Shah.

He could afford it, because he was the scion of one of the oldest business families of Bombay. His father was the adopted son of Mahatma Gandhi and, as he had claimed in that open meeting with Amit Shah, he was named by none other than Jawaharlal Nehru.

He was then past eighty, showing signs of old age and rambling statements. Amit Shah had responded in good humour to his long question, suggesting that after that question nobody should at least be scared to raise questions with the government.



#AQI

# Work From Home Worse

> Researchers measured indoor air quality in both the offices and homes of employees in 2019 and 2020 and evaluated their health outcomes during those periods.

The air quality inside homes may not stack up against air quality inside office buildings, according to a new study.

For the pilot study in Atmosphere, researchers delved into indoor air quality and health outcomes in people working remotely during the COVID-19 pandemic. Researchers measured indoor air quality in both the offices and homes of employees in 2019 and 2020 and evaluated their health outcomes during those periods.

Air pollution indoors is most often linked to building materials and the activities of people living and working in those buildings. These pollutants include volatile organic compounds (VOCs) from carpet and furniture, paints, and other chemicals, as well as fine particulate matter (PM2.5), and mold.

Prolonged exposure to indoor air pollutants is associated with a wide range of poor health outcomes, from headaches and dry eyes to cardiovascular disease and lung cancer. These outcomes have driven significant work into improving office building indoor air quality.

However, the percentage of people working from home has grown dramatically over the past two decades and skyrocketed since the beginning of the COVID-19 pandemic, meaning home indoor air quality can be considered a workplace health issue.



The researchers used a standard consumer-grade air quality monitor to collect data on air temperature, relative humidity, and concentrations of particulate matter and VOCs. At the same time, the researchers collected data on outdoor air temperature and particulate matter concentration from the Texas Commission on Environmental Quality.

Additionally, the researchers had participants complete a survey where they ranked the prevalence of symptoms like dry, itchy, or watery eyes, stuffy nose, and dry or irritated skin on a scale ranging from not experiencing symptoms to having them every day.


The participants all lived in single-family homes with central air conditioning, and none of the people living in any of the households smoked or worked with hazardous materials.

The study found that the fine particulate matter concentrations were significantly higher in the participants' homes than in their offices, and the home levels were greater than the standard for a healthy work environment.

The researchers also found that VOC concentrations were higher in homes compared to offices; however, the VOC concentrations in both places were well below the limit set by health standards. The majority of employees in the study reported higher frequencies of symptoms while working at home.

The findings of this study point to the importance of indoor air quality for people working from home and the need for measures to improve indoor air quality. This could be as simple as opening windows when outdoor air quality allows it or providing remote workers with air purifiers.

Taking steps to improve indoor air quality in both conventional office buildings and home offices will likely become a growing area of study for public health researchers and employers looking to ensure health, safety, and productivity.



## THE WALL

MONEY CANNOT BUY HEALTH, BUT I'D SETTLE FOR A DIAMOND-STUDDED WHEELCHAIR.
-DOROTHY PARKER


## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विधायक शोभारानी कुशवाहा के समर्थकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया

**धौलपुर, (निसं)।** सोशल मीडिया पर धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा एवं उनके पति बीएल कुशवाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने का मामला बुधवार को तूल पकड़ गया। जिस पर बड़ी संख्या में विधायक के समर्थक कलेक्ट्रेट धौलपुर पहुंचे और उन्होंने विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी व्यक्त की। बाद में सोशल मीडिया पर धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा एवं उनके पति बीएल कुशवाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने वाले तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार सोशल मीडिया पर अभद्रता भरा वीडियो वायरल होने के बाद बुधवार सुबह विधायक शोभारानी कुशवाह ने सोशल मीडिया पर कड़ी आपत्ति जताते हुए 4 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचने की बात कही थी। जिसके बाद विधायक शोभारानी कुशवाहा के समर्थक बड़ी संख्या में विधायक से पहले ही कलेक्ट्रेट धौलपुर पर पहुंच गए, जहां उन्होंने जमकर आरोपियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नारेबाजी की तथा प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।



धौलपुर विधायक शोभारानी कुशवाहा एवं उनके पति बीएल कुशवाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करने और धमकी देने के मामले में समर्थक कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रदर्शन कर नाराजगी जताई।

वहीं बड़ी संख्या में समर्थकों के हाथों में 'मैं शोभा रानी हूं, मैं बी एल कुशवाह हूं' की तख्तियां लगी हुई दिखाई दी। इससे पहले विधायक के समर्थक मित्तल कॉलोनी धौलपुर में एकत्रित हुए, जहां से रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। अचानक एक साथ बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों से प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए और कलेक्ट्रेट के दोनों गेट बंद करने पड़े। कुछ देर बाद विधायक शोभारानी कुशवाहा भी कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां उन्होंने अपने समर्थकों को शांत कराया।

समर्थकों को संबोधित करने के बाद विधायक शोभारानी कुशवाह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोपी के खिलाफ उचित धाराओं में कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही विधायक ने प्रशासन द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही पर प्रसन्नता जाहिर की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र कुशवाहा, समाज के अध्यक्ष पूरन सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

- बड़ी संख्या में पहुंचे समर्थकों से प्रशासन के हाथ-पैर फूल गए
- प्रशासन को कलेक्ट्रेट के दोनों गेट बंद करने पड़े
- विधायक कुशवाहा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया
- अभद्र टिप्पणी करने वाले तीन जनों को गिरफ्तार कर लिया

# उदयपुर में 156 संक्रमित मिले

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर जिले में बुधवार को 156 संक्रमित मिले हैं। वहीं जिले में 123 रिकवर भी हुए हैं। कुल एक्टिव केस की संख्या 735 है इनमें से केवल 46 अस्पताल में भर्ती है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी ने बताया कि जिले में आज प्राप्त 2198 सैम्पल जांच रिपोर्ट में से 2042 नेगेटिव व 156 पॉजीटिव मिले है। शहरी क्षेत्र में मिले 61 संक्रमितों में 3 कोरोना वॉरियर्स, 25 क्लॉज कान्टेक्ट, 35 नए केस है।

ग्रामीण क्षेत्र में मिले 95 संक्रमितों में 14 कोरोना वॉरियर्स, 32 क्लॉज कान्टेक्ट व 49 नए संक्रमित है। संक्रमितों का कुल आंकड़ा 73631 हो गया है। इनमें से 72122 रिकवर हो चुके है। जिले में एक्टिव केस की संख्या 735 है इनमें से 689 होम आइसोलेटेड है व 46 अस्पताल में भर्ती है। जिले में आज 123 रिकवर भी हुए है।

# राजसमंद में 55 नये संक्रमित मिले

**राजसमंद, (निसं)।** राजसमंद में अब कोरोना संक्रमण की दर में कमी आने लगी है। पिछले दिनों के मुकाबले इन दिनों कोरोना संक्रमितों में कमी आई है। वहीं एक्टिव मामले भी कम होने लगे हैं। जबकि रिकवर दर में बढोत्तरी दर्ज की गई।

कोरोना लहर की पहली व दूसरी लहर में संक्रमितों की संख्या में काफी ईजाफा रहा और संक्रमण भी काफी घातक रहा। लेकिन तीसरी लहर पहली व दूसरी लहर के मुकाबले कम ही घातक रही। हालांकि संक्रमण अब भी जारी है और मरीज भी सामने आ रहे है। परन्तु रिवकर होने के साथ ही संक्रमितों की आई कमी फिलहार राजसमंद वासियों के लिए राहत की खबर है।

सीएमएचओ डॉ. पीसी शर्मा के अनुसार बुधवार को जिले से 827 लोगों के सैम्पल लिए गए जिसमें से 228 मरीजों की आरएटी जांच व 599 की आरटीपीसीआर जांच की गई। वहीं जिले में 55 नये संक्रमित सामने आए। इनमें से राजसमंद ग्रामीण ब्लॉक से 1 मरीज, खमनोर ब्लॉक से 5 मरीज, केलवाडा ब्लॉक से 13 मरीज, देवगढ़ ब्लॉक से 12 मरीज, भीम ब्लॉक से 13 मरीज, रेलमगरा ब्लॉक से 6 मरीज, राजसमंद शहरी ब्लॉक से 1 मरीज व नाथद्वारा शहरी ब्लॉक से 4 मरीज मिले हैं।

# भीलवाड़ा में 41 पॉजीटिव मिले

**भीलवाडा, (निसं)।** जिले में बुधवार को एक बार फिर संख्या बढ़कर 41 तक पहुंच गई। सबसे ज्यादा 10 संक्रमित मांडल में मिले हैं। आरआरटी टीम प्रभारी डॉ. घनश्याम चावला ने बताया कि बीते 24 घंटे में 777 लोगों के सैंपल लिये गये। इनकी आरटीपीसीआर जांच की गई। इस जांच में शहर सहित जिले में 41 लोग कोरोना पॉजिटव मिले हैं। चावला ने बताया कि सबसे ज्यादा दस मामले में मांडल क्षेत्र से सामने आये हैं। इसके अलावा आसींद, जहाजपुर, काशीपुरी में 2-2, बापूनगर, चपरासी कॉलोनी, मांडलगढ़ व शास्त्रीनगर में 1-1, चंद्रशेखर आजाद नगर, गंगापुर, सुभाषनगर 3, रायपुर व सुवाणा में 6-6 लोग संक्रमित मिले हैं।

- भीलवाडा जिले में बुधवार को एक बार फिर संख्या बढ़कर 41 तक पहुंच गई

# करौली नगर परिषद साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर करीब एक साल बाद फिर से हुई नगर परिषद साधारण सभा की बैठक हंगामेदार रही। इस दौरान पार्षदों ने नगरपरिषद के आयुक्त पर जमकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग की। वहीं एक पार्षद ने तो आयुक्त के गाल पर तमाचा मारने तक का प्रयास कर डाला।

बोर्ड बैठक शुरू होने से पहले ही नाराज पार्षदों ने जमकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इसके बाद नाराज पार्षदों ने लगातार आयुक्त पर आरोप लगाते हुए शहर में हो रही बदहाल सफाई व्यवस्था, आवारा गोवंश और सड़कों की मरम्मत कराने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आयुक्त का घेराव किया। इस दौरान पक्ष और विपक्ष के दोनों पार्षद एकमत हो गए और साधारण सभा की बैठक में लगातार आयुक्त के ऊपर सवाल उठाते नजर आए। करौली के वार्ड नंबर 54 के पार्षद ने नगर परिषद कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि कागजों में 850 लाईट लगाने का हवाला दे रखा है लेकिन करौली शहर में रोशनी देखने को नहीं मिलती है। सभी पार्षदों को 5-5 लाईट देकर बेवकूफ बना दिया। शहर में अंधेरा छाया रहता है।



करौली में नगर परिषद की बैठक में पार्षद ने आयुक्त के गाल पर तमाचा मारने का प्रयास किया।

इसी के साथ पार्षद मग्तू , आकाश, प्रभाव चौधरी ने आरोप लगाते हुए बताया कि करौली शहर की जनसंख्या से ज्यादा शहर में आवारा गोवंश और मवेशी खुलेआम घूम रहे हैं। नगर परिषद की बैठक में पार्षदों ने सभापति रशीदा खातून से आयुक्त नरसी लाल मीणा को बर्खास्त करने की मांग उठाई। इस दौरान पार्षद दशरथर गुर्जर, मंजूर पठान ने आयुक्त एवं एक कार्मिक पर खुलकर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये और लंबित पड़ी पट्टा फाईलों में लोगों से पैसा एठने की बात कही। वहीं पार्षद भारती बंसल, थान सिंह, अजय सिंह धाबाई ने जनता से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान सभापति खातून ने पार्षदों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आपके वार्डो में हो रही विभिन्न समस्याओं को जल्द से जल्द दूर किया जाएगा ऐसा मैं आपको विश्वास दिलाती हूं।

इसके बाद सदन की सहमति पर 1 अरब 8 करोड़ 12 लाख 73 हजार रुपये का बजट पारित किया गया। इस दौरान एक वरिष्ठ पार्षद ने आयुक्त मीणा पर हटधार्मिता का आरोप लगाते हुये दाहिना हाथ उठाकर आयुक्त के गाल पर तमाचा मारने का प्रयास किया लेकिन उन्हें ऐसा करने से अन्य पार्षदों ने रोक दिया।

- पार्षद ने आयुक्त के गाल पर तमाचा मारने के लिये हाथ उठाया
- सदन की सहमति पर 1 अरब 8 करोड़ 12 लाख 73 हजार रुपये का बजट पारित किया गया

# अजमेर शहर के नितेश नैन हत्याकांड के पांचों आरोपियों को जेल भेजा

**अजमेर, (कासं)।** शहर के बहुचर्चित नितेश नैन हत्याकांड प्रकरण में गिरफ्तार किए गए 5 आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया, जहां कोर्ट के आदेश पर उन्हें जेल भेज दिया गया। वहीं मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

पत्नी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने से आहत हिस्ट्रीशीटर हरी लंगड़े ने नितेश नैन को सबक सिखाने के लिए आरोपी मनोज यादव से 20 लाख में नितेश की हत्या का सौदा कर लिया। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मनोज यादव को आदित्य उर्फ बिट्टू शर्मा ने हिस्ट्रीशीटर हरि लंगड़े से मिलवाया था।

इसके बाद यूपी के दो बदमाशों के साथ मिलकर नितेश का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी गई। मृतक नितेश के पिता प्रेमचंद द्वारा अलवर गेट थाने में बेटे के अपहरण कर हत्या की आशंका की शिकायत दर्ज करवाई थी। इसके बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता को देखते हुए हरि लंगड़ा और मनोज यादव सहित 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस रिमांड पर चल रहे पांच आरोपियों को बुधवार को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अब मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस अनुसंधान में सामने आया कि हिस्ट्रीशीटर की पत्नी को भगा ले जाने वाले नितेश नैन पर भरोसा जमाने के लिए सुपारी किलर इसरार के साथ मुख्य साजिशकर्ता मनोज यादव उर्फ देवेंद्र तीन दिन जयपुर में रहा। इस दौरान तोपदड़ा निवासी गौतम सिंह राव भी साथ था। चारों तीन दिन जयपुर के एक होटल में ठहरे और वहां घूमे फिरे। मकसद था नितेश को विश्वास में लेना और कत्ल के लिए उसे यूपी ले जाना। जहां हथियार दिलाने के नाम पर 2 दिन घुमाने के बाद 1 फरवरी को नितेश की हत्या कर मकान के तहखाने में उसका शव दफना दिया गया।

नितेश पर भी था हत्या का आरोप- नितेश नैन के खिलाफ भी हत्या का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। प्रकरण में गिरफ्तारी और फिर जमानत पर रिहा होने के बाद अपराध की दुनिया में उतर गया। सट्टे के अवैध कारोबार से जुड़े हिस्ट्रीशीटर हरि लंगड़ा जैसे लोगों के संपर्क में आया।

- मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है
- दोस्त ने ही ली थी हत्या की सुपारी

# शराबी पति ने पत्नी के साथ की मारपीट, पत्नी की मौत

**राजसमंद, (निसं)।** कांकरोली थाना क्षेत्र के तरसिंगडा गांव में एक शराबी पति द्वारा अपनी पत्नी की हत्या कर देने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। शराब के नशे में आरोपी पति ने मंगलवार रात को हत्या कर दी। वहीं पुलिस को सूचित करने की बजाय मृतक के ससुराल वालों ने महिला का अंतिम संस्कार करने तक की तैयार कर डाली।

अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने शव के सर पर लगे चोट के निशान दिखने पर आशंका होने पर पुलिस को सूचित किया। सूचना पर मौके पर पुलिस के पहुंचने पर मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मृतका के पति से पूछताछ की गई जिसमें शराब के नशे में अपनी पति ही हत्या किया जाना सामने आया। बताया गया कि मृतका विकलांग है और उसने आरोपी के साथ नाता विवाह किया था एवं पहले वाले पति से उसके तीन बच्चे भी है।

डीसपी बेनीप्रसाद मीणा ने बताया कि मामले में पुलिस ने मृतका के पति मिट्ठूदास (45) पुत्र शंकर दास को गिरफ्तार किया गया है। हत्या से पूर्व आरोपी और उसके एक दोस्त मुकेश साथ शाम को उसके घर पर ही बैठकर शराब पी। इसके बाद घर रात को आरोपी और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और आरोपी ने नशे की हालत में आवेश में आकर महिला के साथ मारपीट की। जिससे गंभीर चोट आने से महिला की मृत्यु हो गई। घर के अंदर से लडाई-झगड़े की आवाज आ रही थी।

सुबह मिट्ठूदास ने लोगों को उसकी पत्नी वाली (35) की मौत हो जाने की जानकारी देते हुए अंतिम संस्कार करने के लिए कहा। जब आस-पास के लोग महिला का अंतिम संस्कार करने पहुंचे तो वहां उन्हें संदिग्ध अवस्था में महिला का शव मिला। मृतका के ससुराल पक्ष ने शव का दाह संस्कार के लिए ले जाने वाले ही थे कि मौके पर महिला अनुसंधान ईकाई एएसपी पर्वतसिंह, डीएसपी बेनीप्रसाद मीणा, थानाधिकारी लक्ष्मणराम विश्नोई मय जाप्ता पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर कांकरोली चिकित्सालय रखवाया गया। पुलिस को देखकर आरोपी पति घबरा गया। पुलिस द्वारा पति को डिटेन कर पूछताछ करने पर उसके द्वारा ही अपनी पत्नी की हत्या कर देना सामने आया। ईधर, घटना स्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल को बुलाया गया।

बताया गया कि आरोपी छोटी मोटी मजदूरी के साथ ही भिक्षावृत्ति करता है। इससे पूर्व दो बार शादी कर चुका था और दोनों ही पत्नियां उसे छोडकर चली गई। इसके बाद वो पिछले तीन सालों से वाली देवी के साथ रह रहा था। वाली के पहले से ही तीन बच्चे थे और वो अरोपी को ही अपना पति मानती थी। पुलिस ने शव का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।

## अवैध शराब से भरी गाड़ी जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** टीड़ी थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी गाड़ी जब्त कर मामला दर्ज किया। टीड़ी थानाधिकारी गोपालकृष्ण परमार के नेतृत्व में टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर एनएच 48 पडुणा मातेश्वरी होटल के पास खड़े वाहन को जब्त किया। जिसमें कॉच के टुकड़े भरे थे। चालक मौके से फरार था। गाड़ी को थाने लाकर चैक किया तो उसमें 210 पेटी अंग्रेजी शराब थी। पुलिस ने अवैध शराब जब्त कर मामला दर्ज कर जांच शुंरू की।

## फायरिंग के दो आरोपी गिरफ्तार

**सीकरी, भरतपुर, (निसं)।** थाना सीकरी पुलिस ने बुल्टी व मुफ्फी बदमाश गैंग में हुई फायरिंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक भरतपुर श्याम सिंह के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के दौरान थानाधिकारी थाना सीकरी पूरनचन्द मय जाब्ता द्वारा 14 फरवरी को गांव बनैनी धोकला में गैंग बुल्टी व मुफ्फी में आपस में हुई फायरिंग को गम्भीरता से लेते हुये 15 फरवरी को आरोपी जमशेद पुत्र आसी खां व सप्पी पुत्र नूर मौहम्मद को गिरफ्तार किया गया है। 14 फरवरी को गांव बनैनी धोकला थाना सीकरी में करीब सुबह 4-5 बजे बदमाश बुल्टी व मुफ्फी की गैंगों में हुई फायरिंग व मारपीट के मामले का थाना सीकरी पर पृथक-पृथक दो मामले आईपीसी में दर्ज किये गये थे। थानाधिकारी पूरनसिंह द्वारा आरोपी जमशेद पुत्र आसी खां जाति मेव निवासी द्वारकापुर सुकेती थाना सीकरी जिला भरतपुर तथा दूसरे मामले में आरोपी सप्पी पुत्र नूर मौहम्मद जाति मेव उम्र 35 साल निवासी बनैनी धौकला थाना सीकरी को गिरफ्तार किया है।

## ट्रक पलटने से ड्राइवर की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाड़ा थानान्तर्गत लेहणा घाटी में ट्रक अनियंत्रित होकर पलटने से ड्राइवर की मौत हो गई। पुलिस ने मशक्कत के बाद शव ट्रक के नीचे से निकाला। मृतक के मोबाइल से उसके परिजनों को संपर्क कर घटना की सूचना दी। मृतक के पिता अजयनाथ समेत परिवार के लोग डूंगरपुर पहुंचे और पोस्टमार्टम करवाया। बिछीवाड़ा थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि धौलपुर का रहने वाला धर्मेंद्रसिंह 27 अजयनाथ ट्रक ड्राइवर था।

# करोना गाइड लाइन खत्म होने के बाद भी मां कैला देवी के मंदिर में बाहर ही चढ़ाया जा रहा प्रसाद

**कैलादेवी, (निसं)।** कस्बे में प्रसिद्ध आस्था धाम कैला मां के मंदिर पर सरकार की ओर से नई करोना की नई गाइडलाईन के आदेश अनुसार प्रदेश के सभी मंदिरों में प्रसाद चढ़ाने की अनुमति जारी कर दी गई है लेकिन मंदिर ट्रस्ट द्वारा कैला मां के मंदिर के बाहर ही प्रसाद चढ़ाया जा रहा है जिससे श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंच रही है।

सबलगढ़ से आए श्रद्धालु मोनू उपाध्याय, कौशल बंसल, धनी भारद्वाज, ग्वालियर की पंगली देवी एवं दुकानदार शिव कुमार, सत्ता शर्मा ने बताया कि सरकार की नई गाइडलाईन के निर्देशानुसार प्रदेश में मंदिरों में प्रसाद चढ़ाने की अनुमति जारी होने के बावजूद भी मंदिर ट्रस्टकर्मी अभी भी प्रसादी बाहर ही चढ़ाने की बात कह रहे हैं। इतनी दूर से श्रद्धालु अपनी आस्था के साथ माता के दर्शन करने व प्रसाद चढ़ाने आते हैं। इसके बावजूद प्रसाद को मंदिर के बाहर चढ़ाया जा रहा है।

गौरतलब है कि 2 साल से करोना महामारी से समस्त धार्मिक स्थानों पर प्रसाद चढ़ाने की अनुमति नहीं थी जिससे आस्था धाम पर बसे हुए स्थानीय व्यापारियों का व्यापार ठप पड़े हुए थे। इससे व्यापारियों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा था। इसको ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सभी धार्मिक स्थानों पर मंदिरों में प्रसाद चढ़ाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है लेकिन कैला देवी मंदिर में अभी तक प्रसाद को बाहर ही चढ़ाया जा रहा है। इससे कैला देवी में करीब 500 दुकानदार का व्यापार भी ठप पड़ा हुआ है जिससे दुकानदारों को अपना परिवार का पालन पोषण करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं मंदिर ट्रस्ट से यह मांग कि है कि श्रद्धालुओं की भावनाओं को एवं दुकानदार वर्ग के व्यापार को ध्यान में रखते हुए प्रसाद को मंदिर के अंदर चढ़ाना चाहिए।

इस संबंध में कैला देवी मंदिर ट्रस्ट प्रबंधक चंद शर्मा का कहना है कि आगामी दिवस में मंदिर के अंदर अन्य और व्यवस्थाएं पूर्ण कर मंदिर में प्रसाद चढ़ाना चालू हो जाएगा।

- प्रसाद बाहर ही चढ़ाये जाने से श्रद्धालुओं की आस्था पर ठेस पहुंच रही है
- दुकानदारों ने मांग कि है कि प्रसाद को मंदिर के अंदर चढ़ाना चाहिए

# पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ झुंझुनूं जिले के किठाना गांव आए

**झुंझुनूं/चिडावा, (निसं)।** अपने एक दिन के दौरे पर बुधवार को झुंझुनूं आए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ के साथ उनके भाई और आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ममता सरकार पर बड़ा निशाना साधा है।

उन्होंने कहा है कि पश्चिम बंगाल में सरकारी तंत्र पूरी तरह राजनीति में लिप्त है। यही नहीं वे लगातार प्रयास कर रहे हैं कि शासन व्यवस्था संविधान के दायरे में चले। लेकिन वहां के प्रशासनिक सेवाओं के लोग राजनीति से प्रभावित होकर फैसले ले रहे हैं। किठाना गांव में धनखड़ ने बातचीत करते हुए कहा कि किसी भी शासन व्यवस्था में यदि अगर शासक संवैधानिक रास्ते से भटक जाता है और कानून के रास्ते से दूर हो जाता है तो निश्चित रूप से चिंता और चिंतन का विषय है। चुनावों के बाद जो हिंसा हुई। वो प्रत्याशित थी। एक तरह से दिल दहलाने वाली थी। उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद मानवाधिकार आयोग की एक समिति ने रिपोर्ट पेश की। जिसमें निश्चित रूप से यह कहा गया कि बंगाल में कानून का नहीं बल्कि शासक का राज है। उन्होंने कहा कि मेरा निरंतर प्रयास है कि शासन व्यवस्था संविधान के दायरे में चले। धनखड ने कहा कि वे पश्चिम बंगाल में इस प्रकार के हालात देख रहे है। जहां पर सरकारी तंत्र पूरी तजरह से राजनीति में लिप्त है, जो ठीक नहीं। उन्होंने ममता बनर्जी का नाम लिए बगैर कहा कि जो भी लोग संवैधानिक पदों पर बैठे है उनका दायित्व ज्यादा है वो डायलॉग, डेलिब्रेशन और डिस्कशन करें। आपसी मेलजोल बढाएं, सद्भाव बढाए। कोलोबरेशन, कॉर्डिनेशन हो। वे हर समय इसके लिए तैयार रहते हैं। इससे पहले धनखड़ ने किठाना में दो शादियों में हिस्सा लिया। वहीं सांगासी गांव में भी एक कुआं पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा नेता ओमप्रकाश आबूसरिया, बबलू चौधरी, पूर्व जिप सदस्य ताराचंद गुप्ता, मोहरसिंह सोलाना, समाजसेवी निरंजनसिंह, संदीप मांजू, बंटी मांजू, एडवोकेट प्रदीप झाझडिया के अलावा एडीएम जेपी गौड, एएसपी डॉ. तेजपालसिंह, चिडावा डीएसपी सुरेश शर्मा, तहसीलदार ज्वालासहाय मीणा, चिडावा थाने के एसआई सरदारसिंह आदि मौजूद थे।



एक दिन के दौरे पर झुंझुनूं आए पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ के साथ उनके भाई और आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन रणदीप धनखड़ भी मौजूद रहे।

इस मौके पर जगदीप धनखड़ ने बताया कि वे सालासर और खाटूश्यामजी जाकर आज भगवान की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया। यही कामना की है कि सभी का कल्याण हो। उन्होंने बताया कि धार्मिक कार्यक्रम संतोष देता है और सुखद अनुभूति होती है। पिछले सालों में चार धाम के विकास के लिए जो काम हुए है। वो भी निसंदेह सराहनीय है। देश में बडा बदलाव आ रहा है। हमारे धार्मिक स्थान के रख - रखाव में काफी बढ़ोतरी हुई है।

- धनखड़ ने ममता सरकार पर बड़ा निशाना साधा
- 'जो भी लोग संवैधानिक पदों पर बैठे हैं उनका दायित्व ज्यादा है वो डायलॉग, डेलिब्रेशन और डिस्कशन करें'
- पश्चिम बंगाल में सरकारी तंत्र पूरी तरह राजनीति में लिप्त है : धनखड़

## बुरहानुद्दीन का उर्स संपन्न हुआ

**अजमेर, (कासं)।** नया बाजार इलाके में बाबा बुरहानुद्दीन की दरगाह में बुधवार को कुल की रस्म के साथ दो दीवसीय उर्स सपंन्न हुआ। कौमी एकता के रूप में बाबा की मजार पर चादरें पेश की गई। सूफी संतों के दरबार में पहुंचने से दिल को सुकून मिलता है। इसी अकीदत के साथ जायरीन बुरहानुद्दीन के उर्स में शामिल हुए। यहां कौमी एकता और भाईचारे का बेमिसाल नजारा देखा गया। इर मजहब के मानने वालों ने बाबा की मजार पर चादर और फूल पेश किए। दरगाह परिसर में ही सूफियाना कव्वालियों की महफिल जारी रही। कलाम सुनने वाले झूमते नजर आए।



नीलामी सभी खिलाड़ियों के लिए जीवन बदलने वाली है, क्योंकि यह उनके और उनके परिवारों के लिए एक सुरक्षित भविष्य के दरवाजे खोलती है।" इससे कुछ लोग अपने देश के लिए खेलते समय उतनी मेहनत नहीं कर सकते हैं, खासकर जब आईपीएल शुरू होने वाला हो।

सुनील गावस्कर, खिलाड़ियों के आईपीएल के प्रति रुझान को लेकर।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

### ग्लैन मैक्सवेल



**ऑस्ट्रेलिया** एवं रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार ऑलराउंडर ग्लैन मैक्सवेल अपनी शादी के कारण आगामी आईपीएल 2022 सीजन के कुछ शुरुआती मैचों से चूक सकते हैं। इस सीज़न में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तानी करने के लिए तैयार मैक्सवेल ने पुष्टि की है कि वह पाकिस्तान दौरे पर नहीं जाएंगे। उन्होंने स्थानीय प्रसारणकर्ता फॉक्स क्रिकेट को कैनबरा में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी-20 मैच के बाद बातचीत के दौरान कहा था क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया से परामर्श करने के बावजूद लगातार शेड्यूल में बदलाव के कारण क्लैश हो रही तारीखों में सामंजस्य बैठाना मुश्किल है।

क्या आप जानते हैं ?... टेस्ट मैच में लगातार पगबाधा आउट होने का रिकॉर्ड न्यूजीलैंड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए थे।

# भारत आसानी से 6 विकेट से जीता, सीरीज में मिली 1-0 की बढ़त



**स्कोर बोर्ड**

| वेस्टइंडीज | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ब्रैंडन किंग का सूर्यकुमार बो भुवनेश्वर | 04 | 5 | 1 | 0 |
| काइल मेयर्स पगबाधा बो चहल | 31 | 24 | 7 | 0 |
| निकोलस पूरन का कोहली बो हर्षल | 61 | 43 | 4 | 5 |
| रोस्टन चेज पगबाधा बो बिश्नोई | 04 | 10 | 0 | 0 |
| रोवमैन पॉवेल का वेंकटेश बो बिश्नोई | 02 | 3 | 0 | 0 |
| अकील हुसैन का एंड बो चहर | 10 | 12 | 0 | 1 |
| कीरोन पोलार्ड नाबाद | 24 | 19 | 2 | 1 |
| ओडिन स्मिथ का रोहित बो हर्षल | 04 | 4 | 0 | 0 |
| **अतिरिक्त** : | 17 | | | |

**कुल** : 20 ओवर में सात विकेट 157

**विकेट पतन** : 1-4, 2-51, 3-72, 4-74, 5-90, 6-135, 7-157

**गेंदबाजी** : भुवनेश्वर कुमार 4-0-31-1, दीपक चहर 3-0-28-1, हर्षल पटेल 4-0-37-2, युजवेंद्र चहल 4-0-34-1, रवि बिश्नोई 4-0-17-2, वेंकटेश अय्यर 1-0-4-0

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रोहित का स्मिथ बो चेस | 40 | 19 | 4 | 3 |
| इंशान का एलन बो चेस | 35 | 42 | 4 | 0 |
| विराट का पोलार्ड बो एलन | 17 | 13 | 1 | 0 |
| पंत का स्मिथ बो कोटरेल | 8 | 8 | 0 | 0 |
| सूर्यकुमार नाबाद | 34 | 18 | 5 | 1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 24 | 13 | 2 | 1 |
| **अतिरिक्त** : | 4 | | | |

**कुल** : 18.5 ओवर में 4 विकेट पर 162 रन

**विकेट पतन** : 1-4, 2-93, 3-95, 4-114

**गेंदबाजी** : कोटरेल 4-0-35-1, शेफर्ड 3-0-24-0, स्मिथ 2-0-31-0, अकीला 4-0-34-0, चेस 4-0-14-2, एलन 1.5-0-23-1

कोलकाता, 16 फरवरी। पदार्पण मैच खेल रहे रवि बिश्नोई (17 रन पर दो विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन और कप्तान रोहित शर्मा (40), आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी ईशान किशन (35), सूर्यकुमार यादव (नाबाद 34) और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 24) की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने वेस्ट इंडीज को बुधवार को आसानी से छह विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

वेस्ट इंडीज ने पहले खेलते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन के विस्फोटक अर्धशतक (61) की बदौलत पहले टी-20 क्रिकेट मैच में सात विकेट पर 157 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया जबकि भारत ने 18.5 ओवर में चार विकेट पर 162 रन बनाकर मैच जीत लिया।

रोहित और ईशान ने पहले विकेट के लिए 7.3 ओवर में 64 रन की विस्फोटक ओपनिंग साझेदारी की। रोहित ने मात्र 19 गेंदों में चार चौकों और तीन छक्कों की मदद से 40 रन की तूफानी पारी खेली। ईशान 42 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए जबकि विराट कोहली 13 गेंदों में 17 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऋषभ पंत आठ रन बनाकर टीम के 114 के स्कोर पर आउट हुए। चार विकेट 114 रन पर गिरने के बाद सूर्य और वेंकटेश ने पांचवें विकेट के लिए 48 रन की अविजित साझेदारी कर भारत को जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। सूर्य ने 18 गेंदों की अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जबकि वेंकटेश ने 13 गेंदों में दो चौके और मैच विजयी छक्का लगाया।

## राहुल टी-20 रैंकिंग में चौथे स्थान पर बरकरार

दुबई, 16 फरवरी। भारतीय सफेद क्रिकेट टीम के उप कप्तान लोकेश राहुल बुधवार को जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की ताजा टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में चौथे स्थान पर बरकरार हैं। राहुल 729 रेटिंग अंकों के साथ पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (798) और दक्षिण अफ्रीका के एडन मारक्रम (796) से पीछे हैं, जो क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# हिरासत के दौरान खुद को शक्तिहीन महसूस किया : नोवाक जोकोविच

नयी दिल्ली, 16 फरवरी। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और 20 बार के ठौंड स्लैम विजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने खुलासा किया है कि उन्होंने पिछले महीने ऑस्ट्रेलिया में हिरासत के दौरान खुद को शक्तिहीन महसूस किया था।



उल्लेखनीय है कि जोकोविच द्वारा टीकाकरण की स्थिति घोषित न किए जाने चलते स्ट्रेलिया के आव्रजन मंत्री एलेक्स हॉक ने जोकोविच का वीजा रद्द कर दिया था। इसके चलते उन्हें ऑस्ट्रेलिया में प्रवेश से वंचित कर दिया गया था और आव्रजन बंदी में सात दिन बिताए थे। इतना ही नहीं वह ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग नहीं ले सके थे।

एबीसी न्यूज ने मंगलवार को बीबीसी के साथ एक साक्षात्कार में जोकोविच के हवाले से कहा, यकीनन यह सुखद नहीं था। मैं यहां बैठकर उस डिटेंशन सेंटर की परिस्थितियों के बारे में शिकायत नहीं करना चाहता। मैं सात दिन वहां रहा। हां, इस दौरान मुझे शक्तिहीन महसूस हुआ। जब मैं वहां (ऑस्ट्रेलिया) पहुंचा तो मुझे तीन-चार घंटे अपने फोन का उपयोग करने की अनुमति नहीं थी।

# कोलकाता नाइट राइडर्स ने श्रेयस अय्यर को बनाया नया कप्तान

नयी दिल्ली, 16 फरवरी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल के आगामी सीज़न के लिए श्रेयस अय्यर को अपना नया कप्तान बनाया है। अय्यर पिछले सप्ताहांत की नीलामी में केकेआर की आईपीएल में सबसे महंगी ख़रीद थे, जिन्हें 12.25 करोड़ रुपये में ख़रीदा गया था।



नाइट राइडर्स के सीईओ और एमडी वेंकी मैसूर ने एक बयान में कहा, हम सबसे पहले आईपीएल नीलामी में श्रेयस के लिए सफलतापूर्वक बोली लगाने और टीम केकेआर का नेतृत्व करने का अवसर पाकर खुश हैं। उन्होंने उच्चतम स्तर पर एक गुणवत्ता पूर्ण बल्लेबाज़ के रूप में सभी को प्रभावित किया है और हमें विश्वास है कि वह टीम केकेआर के नेतृत्वकर्ता के रूप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। अय्यर को बतौर कप्तान आईपीएल में काफ़ी सफलता मिली है।

उन्होंने 2019 (एलिमिनेटर) और 2020 (फ़ाइनल) में लगातार वर्षों में प्लेऑफ़ में अपनी पिछली फ्रेंचाइज़ी दिल्ली कैपिटल्स का नेतृत्व किया। उन्होंने पिछले साल की शुरुआत में इंग्लैंड के ख़िलाफ़ घरेलू श्रृंखला के दौरान कंधे की चोट से पहले 2018 से 2021 तक कैपिटल्स का नेतृत्व किया था, लेकिन चोट के कारण वह आईपीएल 2021 से बाहर हो गए। भारत में बढ़ते कोविड-19 मामलों के कारण आईपीएल को मई में स्थगित कर दिया गया था, और जब अय्यर ने संयुक्त अरब अमीरात में दूसरे चरण के लिए टीम में वापसी की तो कैपिटल्स के प्रबंधन ने ऋषभ पंत को कप्तान के रूप में जारी रखने का फ़ैसला किया। जिन्होंने मई में अय्यर से पदभार संभाला था।

अय्यर ने कहा, केकेआर जैसी प्रतिष्ठित टीम का नेतृत्व करने का मौक़ा पाकर मैं बेहद सम्मानित महसूस कर रहा हूं। आईपीएल एक टूर्नामेंट के रूप में विभिन्न देशों और संस्कृतियों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और मैं बहुत प्रतिभाशाली व्यक्तियों के इस महान समूह का नेतृत्व करने के लिए उत्सुक हूं। अय्यर टीम प्रबंधन में मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम के साथ जुड़ेंगे।

मैकुलम ने कहा, मैं श्रेयस अय्यर के रूप में भारत के सबसे उज्ज्वल भविष्य के नेतृत्वकर्ताओं में से एक को केकेआर की बागडोर संभालते देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मैंने श्रेयस के खेल और उनकी कप्तानी के कौशल का दूर से ही लुत्फ उठाया है। केकेआर में हम जिस तरह की सफलता और खेल चाहते हैं, उसे आगे बढ़ाने के लिए अब मैं बारीक़ी से उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। अय्यर ने कहा कि जब भारतीय क्रिकेट की बात आती है, तो कोलकाता और ईडन गार्डन का इतिहास बेहद समृद्ध रहा है।

## कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने खोला जीत का खाता, चेन्नई ब्लिट्ज को 3-2 से हराया

हैदराबाद, 16 फरवरी। कॉडी कॉडवेल के शानदार प्रदर्शन के दम पर कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने बुधवार को यहां जीएमसी गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में खेले गए पावर्ड बाय ए 23 रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग (पीवीएल) के पहले सीजन के 13वें और रोमांचक मैच में चेन्नई ब्लिट्ज को 3-2 (15-12, 15-11, 14-15, 12-15, 15-10) से हरा दिया। कोच्चि के कॉडी कॉडवेल को प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड दिया गया। कोच्चि की तीन मैचों में यह पहली जीत है और उसने प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा है। चेन्नई को लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा है।

टॉस जीतकर रिसीव करने उतरी चेन्नई ब्लिट्ज शुरुआत में ही पीछे हो गई और कोच्चि ब्लू स्पाइकर्स ने सुपर सर्व के बाद सुपर ब्लॉक के सहारे ब्रेक तक तीन प्वाइंट की बढ़त बना ली। कोच्चि ने फिर लगातार प्वाइंट लेते हुए 15-12 से सेट जीत लिया। दूसरे सेट में भी कोच्चि ने शानदार शुरुआत करते हुए ब्रेक तक 5 प्वाइंट की बढ़त बना ली। इसके बाद उसने अपनी लीड बरकरार रखते हुए 15-11 से सेट को जीतकर मुकाबले में 2-0 से आगे हो गई। तीसरे सेट में चेन्नई 9-9 की बराबरी पर आ गई। इसके बाद दोनों टीमें 14-14 से सेट प्वाइंट की बराबरी पर थी और चेन्नई ने एक प्वाइंट लेकर 15-14 से तीसरा सेट जीतकर खुद को मैच में बनाए रखा। ब्लिट्ज ने चौथे सेट में भी ब्रेक तक खुद को आगे रखा और फिर सुपर प्वाइंट जीतकर चार प्वाइंट की बढ़त बना ली। चेन्नई ने यहां से 15-12 से लगातार दूसरा सेट जीतकर मैच को 2-2 से बराबरी पर ला दिया।

## भारतीय महिला बैडमिंटन टीम मलेशिया से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), 16 फरवरी। भारतीय पुरुष टीम के हारने के एक दिन बाद भारतीय महिला टीम बुधवार को यहां बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में मेजबान मलेशिया से शुरुआती ठुप टाई में 2-3 से हार गई। प्रतियोगिता में भारत ने पांच मैचों में तीन मैच गंवाए। आज के एकल मुकाबलों में अश्मिता चालिहा और तारा शाह विजयी रहीं, जबकि आकर्षी कश्यप थोड़े से अंतर से हार गईं। चालिहा ने मलेशिया की सिटी नूरशुहैनी और तारा शाह ने मायशा मोहम्मद खैरुल को सीधे गेमों में क्रमशः 21-11, 21-19 और 21-16, 21-15 से हराया। इस बीच आकर्षी को तीन गेमों के कड़े संघर्ष में स्थानीय खिलाड़ी के सेल्वादुरै के हाथों 16-21, 21-18, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा।

इसके अलावा युगल वर्ग में भी आज भारत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। महिला युगल में खुशी गुप्ता और मेहरीन रिजा तथा अरुल बाला और नीला वल्लुवन दोनों भारतीय जोड़ियों को हार का सामना करना पड़ा। वलेरी सिओ और पर्ली टैन की जोड़ी ने जहां खुशी, मेहरीन पर 21-1, 21-6 से आसान जीत दर्ज की। वहीं अरुल, नीला को अन्ना चिंग यिक और तेओ मेई जिंग की मलेशियाई जोड़ी ने 21-10,21-12 से हराया। भारत अब 18 फरवरी को जापान के खिलाफ खेलेगा। उल्लेखनीय है कि पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक समूह से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी और सीधे थॉमस और उबेर कप फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो थाईलैंड में आठ मई से शुरू होना है।

# पाकिस्तान टेस्ट सीरीज के लिए चोटिल नेसर की जगह मार्क स्टेकेटी ऑस्ट्रेलियाई टीम में

मेलबोर्न, 16 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया के अनकैप्ड तेज गेंदबाज मार्क स्टेकेटी को पाकिस्तान के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए चोटिल माइकल नेसर की जगह ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। वहीं एक अन्य अनकैप्ड तेज गेंदबाज ब्रेंडन डोगेट और अनकैप्ड ऑलराउंडर सीन एबट को टेस्ट सीरीज के लिए स्टैंडबाय खिलाड़ी के तौर पर टीम के साथ रखा जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा, माइकल नेसर को आज मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सीरीज से बाहर कर दिया गया है।

मार्क स्टेकेटी को उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर टीम में शामिल किया गया है, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल होने से पहले विक्टोरिया के खिलाफ इस हफ्ते शेफील्ड शील्ड मैच खेलेंगे। ब्रेंडन डोगेट और सीन एबट भी स्टैंडबाय खिलाड़ियों के रूप में अगले सप्ताह टीम में शामिल होंगे। न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ सोमवार को क्वींसलैंड के मार्श वन-डे कप मैच में नेसर की मांसपेशियों में खिंचाव आया था, जिसके चलते वह पाकिस्तान दौरे से बाहर हो गए। अनकैप्ड स्टेकेटी 2021 में दक्षिण अफ्रीका के दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की विस्तारित टीम का हिस्सा थे, हालांकि दौरे को बाद में रद्द कर दिया गया था। फरवरी 2015 में तस्मानिया के खिलाफ क्वींसलैंड के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण करने वाले स्टेकेटी ने प्रथम श्रेणी करियर में 51 मैचों में 25.67 के औसत से 182 विकेट लिए हैं।

उन्होंने मौजूदा शेफील्ड शील्ड टूर्नामेंट में भी 16.31 के प्रभावशाली औसत से 29 विकेट लिए हैं। दूसरी ओर डोगेट ने इस सीजन प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 21.45 के औसत से 11 विकेट लिए हैं। वह पिछले साल मई में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में जाने से पहले क्वींसलैंड सेट-अप का भी हिस्सा थे, जिसने 2020-21 में शेफील्ड शील्ड खिताब जीता था। ऑस्ट्रेलिया पाकिस्तान के खिलाफ चार मार्च से रावलपिंडी में पहला टेस्ट मैच खेलेगा। दूसरा टेस्ट 12 से 16 मार्च तक कराची, जबकि तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच लाहौर में 21 से 25 मार्च तक खेला जाएगा।

## खेल परिषद् अध्यक्ष डॉ. कृष्ण पूनिया ने ली अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक

जयपुर, 16 फरवरी। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने बुधवार को सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित मीटिंग हॉल में बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों रूबरू हुई।

डॉ. कृष्णा पूनिया ने खेल विकास को गति देने के लिए अधिकारियों से खेल संबंधित योजनाओं और निर्माण कार्यो के संबंध में फीडबैक लिया। साथ ही खिलाड़ियों को किसी तरह की असुविधा ना हो और उन्हें पूर्ण सहयोग देने के लिए तत्पर रहने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में अधिकारियो/ प्रशिक्षकों और कर्मचारियों को सबोधित करते हुए कहा कि वे जानती है कि एक खिलाड़ी को किन चीजों की दरकार होती है इस लिए मै यह चाहूगी की खिलाड़ियों को टॉप पर रखा जाये और उन्हें किसी तरह की परेशानी ना हो। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की मंशा के अनुसार राजस्थान को खेलों में नम्बर वन बनाना है और हमे उसी कडी में आगे बढना है। डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि प्रशिक्षक भी मन लगाकर कोचिंग दे और उनकी जिम्मेदारी है कि अपने प्रशिक्षणार्थियों को खेल की नई तकनीक से रूबरू कराये।


## कार्यालय नगर पालिका मण्डल, फुलेरा जिला जयपुर

क्रमांकः- न.पा.फु./2021-22/3298 दिनांकः- 16.02.22

### आपत्ति सूचना

एतद्द्वारा हितबद्ध व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखत व्यक्तियों द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत 90-क लीजडीड/पट्टा, चाहा गया है।

| क्र. सं. | प्रार्थी का नाम | स्थान | क्षेत्रफल वर्गगज |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमति शान्ति देवी पत्नि श्री महेन्द्र कुमार गौड | आवासीय भूखण्ड न. 22 गणेश विहार कॉलोनी फुलेरा | 222.22 |
| 2 | श्री जगदीश प्रसाद वर्मा पुत्र श्री भंवर लाल | आवासीय भूखण्ड न. 5 बाके मान विहार श्याम नगर फुलेरा | 214.38 |
| 3 | श्रीमति प्रेमलता पत्नि श्री जगदीश प्रसाद वर्मा | आवासीय भूखण्ड न 2 ए बाके मान विहार श्याम नगर फुलेरा | 538.33 |
| 4 | श्रीमति प्रेमलता पत्नि श्री जगदीश प्रसाद वर्मा | आवासीय भूखण्ड न 01 बाके मान विहार श्याम नगर फुलेरा | 222.91 |
| 5 | श्रीमति शकुन्तला गोयल पत्नि श्री रोहित गोयल | आवासीय भूखण्ड न 28भाग ए अनु विहार कोलोनी जोबनेर रोड फुलेरा | 122.22 |
| 6 | श्रीमति चन्द्रकला पत्नि श्री रघुवीर प्रसाद | आवासीय भूखण्ड न 01 बाके वैभव नगर योजना दयाल नगर फुलेरा | 150.00 |
| 7 | श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री चतुर्भुज | प्लॉट नं. 53 नारायण विहार कॉलोनी फुलेरा | 266.66 |
| 8 | श्रीमति भंवरी देवी पत्नि श्री गोपाल लाल | प्लाट नं. 3 अनुविहार विस्तार -बी फुलेरा | 155.55 |
| 9 | श्रीमति रूकमा पत्नि स्व. श्री हरकरण वर्मा | अवासीय भूखण्ड नं 09 वाके हनुमान नगर विस्तार फुलेरा | 200.00 |
| 10 | श्री आशीष कुमार कुमावत पुत्र श्री अरविन्द कुमार कुमावत | आवासीय भूखण्ड न 04 वाके मान विहार श्याम नगर फुलेरा | 204.94 |
| 11 | श्रीमति प्रेमलता पत्नि श्री जगदीश प्रसाद शर्मा | आवासीय भूखण्ड न 02 वाके मान विहार श्याम नगर फुलेरा | 234.24 |
| 12 | श्री जगदीश प्रसाद वर्मा पुत्र श्री भंवर लाल | आवासीय भूखण्ड न 03 वाके मान विहार श्याम नगर फुलेरा | 202.22 |
| 13 | श्री लालचन्द कुमावत पुत्र श्री छोटेलाल | आवासीय भूखण्ड न 12 वाके शिव कॉलोनी काचरोदा फुलेरा | 312.28 |
| 14 | श्रीमति हेमलता वर्मा पत्नि श्री प्रीतेश कुमार वर्मा | व्यवसायिक भूखण्ड न 61 मॉ वैष्णो सिटी सामलपुरा रोड फुलेरा | 23.89 |
| 15 | श्री सुनील कुमावत पुत्र श्री सूरजकरण कुमावम | आवासीय भूखण्ड नं. 97 मॉ वैष्णों सिटी सामलपुरा रोड फुलेरा | 166.66 |
| 16 | श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री नानगराम | खसरा नं. 933 हनुमान नगर फुलेरा | 311.11 |
| 17 | श्रीमति चम्पा शर्मा पत्नि श्री जगदीश प्रसाद शर्मा | आवासीय भूखण्ड न 37 गणेश विहार फुलेरा | 151.73 |
| 18 | श्रीमति चम्पा शर्मा पत्नि श्री जगदीश प्रसाद शर्मा | आवासीय भूखण्ड न. 36 गणेश विहार फुलेरा | 185.41 |
| 19 | श्री रामजीवन वर्मा पुत्र श्री गोपी राम | आवासीय भूखण्ड नं 41 श्याम विहार प्रथम सामलपुरा रोड फुलेरा | 150.00 |
| 20 | श्रीमति रामेश्वरी देवी पत्नि श्री मोहन लाल | भूखण्ड सं. 290 मॉ वैष्णों सिटी, फलेरा | 138.88 |
| 21 | श्रीमति मोहनी देवी पत्नि श्री बोदूराम | भूखण्ड सं. 289 मॉ वैष्णों सिटी, फुलेरा | 175.00 |
| 22 | श्री रघुनाथ कुमावत, डालूराम कुमावत, तुलसीराम कुमावत, यादराम कुमावत, कुन्दनमल कुमावत, प्रेमचंद कुमावत यतेन्द्र कुमार, पुत्रान हनुमान प्रसाद कुमावत | भूखण्ड सं. सी उघोग नगर, फुलेरा | 250.43 |
| 23 | श्रीमति प्रेम देवी पत्नि श्री लालचंद | भूखण्ड सं. 01 नारयण विहार कॉलोनी, फुलेरा | 200.00 |
| 24 | श्रीमति प्रेम देवी पत्नि श्री लालचंद | भूखण्ड सं. 26 नारयण विहार कॉलोनी, फुलेरा | 200.00 |
| 25 | श्रीमति माया देवी पत्नि श्री पूरण मल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं 76 फुलेरा | 150.00 |
| 26 | श्री गोपाल प्रसाद वर्मा पुत्र श्री भूरा राम वर्मा | भूखण्ड सं. 23 ए कबीर नगर फुलेरा, | 120.00 |
| 27 | श्री मंगल चंद वर्मा पुत्र श्री भूरा राम | भूखण्ड सं. 23 बी कबीर नगर फुलेरा, | 120.00 |
| 28 | श्री कमलेश सैनी पुत्र श्री कमल कुमार सैनी | भूखण्ड सं. 200 दादू नगर फुलेरा, | 216.6 |
| 29 | श्री अनिल कुमार पुत्र श्री गोपाल दास | भूखण्ड सं. 197 दादू नगर , फलेरा | 240.13 |
| 30 | श्री रामवतार, निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 46ए फुलेरा | 100.00 |
| 31 | श्री रामवतार, निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 46 फुलेरा | 100.00 |
| 32 | श्री रामवतार, निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 45 फुलेरा | 100.00 |
| 33 | श्री रामवतार, निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 34ए फुलेरा | 100.00 |
| 34 | श्री रामवतार, निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 45ए, फुलेरा | 100.00 |
| 35 | श्री राजेश निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 37 फुलेरा | 100.00 |
| 36 | श्री राजेश , निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 36ए फुलेरा | 100.00 |
| 37 | श्री राजेश , निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 36 फुलेरा | 100.00 |
| 38 | श्री राजेश , निठारवाल पुत्र श्री लालचंद निठारवाल | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 37ए फुलेरा | 100.00 |
| 39 | श्रीमति प्रेम देवी पत्नि श्री राजेन्द्र सामोता | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 44 फुलेरा | 100.00 |
| 40 | श्री नोसर देवी पत्नि श्री लालचंद | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 35 फुलेरा | 100.00 |
| 41 | श्री नोसर देवी पत्नि श्री लालचंद | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 35ए फुलेरा | 100.00 |
| 42 | श्रीमति प्रेम देवी पत्नि श्री राजेन्द्र सामोता | औद्योगिक क्षेत्र के पास भूखण्ड सं. 44 ए फुलेरा | 100.00 |
| 43 | श्री कन्हैया लाल पुत्र श्री भंवर लाल | प्लॉट नं. 21 मान विहार कॉलोनी , फुलेरा | 195.55 |
| 44 | श्रीमति संतरा वर्मा पत्नि श्री हनुमान वर्मा | भूखण्ड सं10 एल.बी.एस. कोलोनी फुलेरा | 177.95 |
| 45 | श्री रामनिवास यादव पुत्र श्री कानाराम यादव | व्यवसायिक भूखण्ड नं. 84 मॉ वैष्णव सिटी सामलपुरा रोड फुलेरा | 22.22 |
| 46 | श्री रामनिवास यादव पुत्र श्री कानाराम यादव | व्यवसायिक भूखण्ड नं 85 मॉ वैष्णव सिटी सामलपुरा रोड फुलेरा | 22.22 |
| 47 | श्रीमति मैना देवी पत्नि श्री बाबूलाल बंजारा | आवासीय भूखण्ड न. 04 बंजारा कोलोनी जोबनेर रोड के पास फुलेरा | 183.33 |
| 48 | श्रीमति मैना देवी पत्नि श्री बाबूलाल बंजारा | आवासीय भूखण्ड न. 05 बंजारा कोलोनी जोबनेर रोड के पास फुलेरा | 183.33 |
| 49 | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नि श्री कैलाश चंद मिश्रा | प्लॉट नं. 05 वाके शिवाजी नगर, बालाजी रोड फुलेरा | 192.50 |
| 50 | श्री मनोज जैन पुत्र श्री नेरश कुमार जैन | व्यसायिक भूखण्ड नं. 22 वाके न्यू कॉलोनी, फुलेरा (पट्टा नवीनीकरण ) | 50.00 |
| 51 | श्री नीरज कुमार सैन, श्याम सुन्दर, शंकर लाल, विनोद कुमार, गजानंद पुत्रान, रमेश चंद | जोबनेर रोड, खारडा मोहल्ला, फुलेरा (भूउपयोग परिवर्तन) | 145.83 |
| 52 | श्रीमति गंगाकाशी जाट पत्नि श्री बोदूराम जाट | प्लॉट नं. 01 एटी जोबनेर रोड, फुलेरा ( भूउपयोग परिर्वतन) | 194.44 |

किसी भी व्यक्ति को निम्नांकित इजाजत बाबत आपत्ति हो तो आपत्ति आमंत्रण सूचना जारी होने की तिथि से 7 दिवस के अन्दर मयाद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षकर्त्ता को प्रस्तुत करवे। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नही होगी।

**अधिशाषी अधिकारी**

**नगरपालिका मण्डल फुलेरा**

## संक्षिप्त

### बिजली आपूर्ति आज बंद रहेगी

**टोंक।** विद्युत विभाग द्वारा आवश्यक रखरखाव कार्य के कारण गुरुवार को 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले 11 केवी फीडर नं. 3 क्लॉक टॉवर एवं फिडर नं. 4 बंमोर गेट के विभिन्न क्षेत्रो की बिजली आपूर्ति सुबह 9 से 12 बजे तक बंद रहेगी।

### शहर विधायक का जन्मदिन मनाया

**अलवर।** भाजपा अलवर शहर के श्री केशव मण्डल के मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सैनी के नेतृत्व में शहर विधायक संजय शर्मा का जन्म दिवस मनाया गया। मण्डल अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार सैनी ने बताया कि इस अवसर पर उन्हें माला व शाफा पहनाकर व केक काटकर उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना की इसके पश्चात राजकीय महिला चिकित्सालय में मण्डल के कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर मरीजों को फल वितरण कर उनकी लम्बी आयू की कामना की।

### होली का डांडा रोपा

**लालसोट।** उपखंड क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर मंगलवार को होली के त्योहार के प्रतीकात्मक होली का डांडा लगाकर होली महोत्सव का आगाज किया गया। मंडावरी नगर पालिका क्षेत्र में ब्रह्माणी माता मंदिर के पास भगत गिर्राज मीणा एवं पप्पू बंड रमेश नामा अशोक भारद्वाज आदि द्वारा परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना कर होली के डंडे को लगाया।

### अशोक कुमार शर्मा ब्लॉक प्रभारी बने

**कोटपूतली।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं अत्याचार विरोधी मानवाधिकार परिषद् के प्रदेश प्रभारी डॉ. फरजाना खान द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिजेश मिल्की कि अनुशंसा पर कस्बा निवासी अशोक कुमार शर्मा पुत्र धंशीराम शर्मा को कोटपूतली ब्लॉक प्रभारी नियुक्त किया है। शर्मा की नियुक्ति पर अनेक लोगों ने उन्हें बधाई प्रेसित की है।

### 55 जनों ने रक्तदान किया

**निवाई।** स्व. विमला देवी चंवरिया की पंचम पुण्यतिथि पर जीवनदाता फाउंडेशन एवं जगदम्बा फाउंडेशन के तत्वावधान में स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक चिकित्सालय में किया गया ह। शिविर संयोजक राकेश चंवरिया ने बताया कि ब्लड बैंकों में रक्त की कमी को देखते हुए इस रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि शिविर में 55 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया हैं। अपनी दादी की स्मृति में अदिति चंवरिया ने पहली बार रक्तदान किया। इसी प्रकार शिवकुमार ने अपने जन्म दिन पर रक्तदान किया।

### स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**श्रीमाधोपुर।** नगर पालिका श्रीमाधोपुर द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 के अंतर्गत स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छता के प्रति आमजन को जागरूक किया गया है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रजत जैन के अनुसार नगर पालिका में सेप्टिक टैंक खाली करवाने हेतु नगरपालिका द्वारा टोल फ्री नंबर 14420 से आमजन को अवगत कराया गया व बताया गया है कि इसके तहत सेप्टिक टैंक खाली करवाने पर 1200 रुपये प्रति टैंक चार्ज किया जाएगा।

# कार की टक्कर से धराशायी हुए विद्युत पोल के नीचे दबने से ग्रामीण घायल

- आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, करीब 4 घंटे किया प्रदर्शन
- दोनों ओर सैंकड़ों दुपहिया व चौपहिया वाहनों की कतारें लग गयी

**टोंक, (निसं)।** टोंक जिला मुख्यालय के समीपवर्ती व स्टेट हाईवे पर स्थित गांव सोनवा में बीती रात एक कार की टक्कर से धराशायी हुए जर्जर विद्युत पोल के नीचे दब जाने से जख्मी हुए ग्रामीण राकेश माली की गंभीर हालत को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने 4 घंटे जाम लगाकर प्रदर्शन कर किया और पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलवाये जाने की मांग के साथ जेवीएनएल की लापरवाही पर जमकर आक्रोश प्रकट किया।

यही नहीं ग्रामीणों द्वारा आस पास के वैकल्पिक मार्गों को भी पूरी तरह से अवरूद्ध कर दिया गया, जिसके चलते दोनों ओर सैंकडों दुपहिया व चौपहिया वाहनों की कतारे लग गयी। पीडित को से जल्द से जल्द मुआवजा दिये जाने व जेवीएनएल की लापरवाही की जांच कराये जाने का आश्वासन पर ग्रामीणों ने जाम खोला। जाम की सूचना मिलते ही मेहंदवास थाना पुलिस व सीओ टोंक सलेह मोहम्मद मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे, लेकिन ग्रामीणों ने जेवीएनएल व प्रशासनिक अधिकारीयों को मौके पर बुलाये जाने व तत्काल मुआवजा भुगतान की मांग दोहराते हुए जाम हटाये जाने से इंकार कर दिया। जाम का नेतृत्व कर रहीं पंचायत समिति सदस्य सुमन गुर्जर व उप सरपंच सोनवा आरीफ खान ने प्रदर्शन के दौरान बताया कि जेवीएनएल के अधिकारीयों को कई बार इस जर्जर खंभे को बदले जाने को लेकर अवगत कराया गया, लेकिन उन्होंने कभी भी इस ओर ध्यान नहीं दिया। हमने पीडित राकेश माली को इंसाफ दिलाने के लिये जाम लगाया है। बीते दिन एक व्यक्ति पर पोल व 11केवी की लाईन गिरी थी, वह जिंदगी व मौत के बीच झूल रहा है। प्रशासन कुछ भी नहीं कर रहा है। कलेक्टर मौके आकर हमें आश्वस्त करें।

जाम को हटता नहीं देख जिला मुख्यालय से एडीएम मुरारीलाल शर्मा, एसडीएम गिरधर व जेवीएनएल के एक्सईएन एमएल मीणा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ समझाईश की और प्रात: करीब 7.30 बजे लगाया गया यह जाम प्रात:11बजे उस समय खत्म हुआ, जब जिला प्रशासन की ओर पीडित को से जल्द से जल्द मुआवजा दिये जाने व जेवीएनएल की लापरवाही की जांच कराये जाने का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। वही इस मामले में पीडित परिवार की खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने भी मदद के हाथ बढाना शुरू कर दिये हैं। इस दौरान एसडीएम टोंक गिरधर ने बताया कि जो हादसा हुआ है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। घायल का जयपुर में उपचार चल रहा है। नियमानुसार जो भी सहायता राशि बनती है, उसका अविलंब भुगतान किया जायेगा। ग्रामीण भी पीडित परिवार की मदद के लिये आगे आये हैं।



**सोनवा में विद्युत पोल के नीचे दब जाने से जख्मी हुए ग्रामीण के बाद ग्रामीणों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया।**

## सिवायचक भूमि में सामुदायिक भवन आवंटित करने की मांग

**टोंक, (निसं)।** ग्राम मेहगांव पक्का बंधा के ग्रामीणों ने सिवायचक भूमि खसरा भूमि में सामुदायिक भवन आवंटित करने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया। ग्राम मेहगांव पक्का बंधा के रमेश गुर्जर, कमलेश गुर्जर, छोटू गुर्जर, सोजी, रामलाल, घीसी देवी, रामलाल, सत्यनारायण, शैतान, राजू बैरवा, बदरी देवी, बरजी देवी आदि ने जिला कलेक्टर को दिए ज्ञापन में बताया कि सिवाय चक भूमि खसरा नं. 284/1 वाके ग्राम मेहगांव पक्का बंधा वार्ड 57 में स्थित है, जो पुरानी पुलिया वाले रोंड पर स्थित है, जिस पर हमारे ग्रामवासियों के सार्वजनिक रुप से काम में लेकर हर वर्ष होलिका दहन किया जाता है और बालाजी का मेला भी लगता है। यह भूमि ग्रामवासियों द्वारा वर्षो से काम ली जा रही है। यहां रोज बालाजी की पूजा होती है। इस भूमि पर हम ग्रामवासियों द्वारा सामुदायिक भवन की मांग की जा रही है। इस भूमि को सिवाय चक भूमि आवंटित कर सामुदायिक भवन का निर्माण करा लिया जाएगा। इस भूमि को सामुदायिक भवन के लिए आवंटित किया जाए।

## सीबीईओ ने किया विद्यालय का औचक निरीक्षण

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम नवलकुशालपुरा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय का बुधवार को सीबीईओ महावीर प्रसाद बडगुजर ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय व्यवस्थित रूप से संचालित एवं विद्यालय का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से संधारित पाया गया।सीबीईओ बडगुजर ने विद्यार्थियों की शैक्षणिक गुणवत्ता, मीना पोस्टर, गरिमा पेटी, अक्षय पेटीका, पोर्ट फोलियो फाइल, शनिवारीय वकीज, रिडिंग कैंपियन, पेयजल व्यवस्था, विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, शौचालय, अध्ययन-अध्यापन आदि का निरीक्षण किया। कार्य उत्कृष्ट पाये जाने पर संस्था प्रधान विकास यादव व स्टाफ की प्रशंसा की। एवं आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम उन्नयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर अध्यापक बेगराज भंवरायत, ओमप्रकाश अलवरिया, अमरसिंह सैनी सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# किशनगढ़ बास पुलिस ने तीन गौ तस्करों को पकड़ा

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** किशनगढ़ बास पुलिस ने गौ तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को 20 लीटर अवैध हथकढ्ढ शराब सहित गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि गौ तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गौकशी के लिए एक बिना नम्बरी टेंपो में दो गौवंशों को भरकर ले जाते हुए दबोचा है।

भिवाड़ी पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार सिंह के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराणा जयराम मीणा के दिशा-निर्देश तथा पुलिस उपाधीक्षक वृत किशनगढ्ढ बास अतुल अग्रे के सुपरविजन में थानाधिकारी अमित कुमार चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर गौ तस्करी पर नियंत्रण अभियान के तहत गोपनीय सूचना के आधार पर थानान्तर्गत ग्राम औदरा के कच्चे रास्ते से हरियाणा ले जाते हुए टेंपो में भरे दो छोटे गोवंश (बछड़ों) को गांव गौकशी के लिए मय 20 लीटर अवैध हथकढ्ढ शराब सहित अवैध रूप से हरियाणा की तरफ ले जाते हुए तीन मुलजिमों आजाद पुत्र रमजान, राहुल पुत्र जाकिर समयदीन पुत्र अजमेरी जाति मेव निवासी थोन्स, पुलिस थाना तिजारा जिला भिवाड़ी राजस्थान को गिरफ्तार किया गया है।



**किशनगढ़ बास पुलिस ने तीन गौ तस्करों को 20 लीटर अवैध शराब सहित गिरफ्तार किया।**

## होली का डांडा रोपण के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम

**पावटा।** उपखंड पावटा के होली चौक सहित विराटनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर रंग-बिरंगे रंगों से सजे होली त्यौहार के एक महीने पहले होलिका रोपण यानी होली का डांडा रोपकर परंपरा निभाई गई। वहीं पावटा पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी के सानिंध्य में पंडित गोपाल शास्त्री व सुरेश कुमार शर्मा द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना करके राज प्रतिनिधि भवानी सिंह की उपस्थिति में प्रात: 11:15 बजे होली का डांडा रोपण करवाया गया। होली के डांडा रोपने के साथ ही एक महीने के लिए शुभ कार्य टल गए है। ज्योतिषाचार्य पंडित महेश शास्त्री व गोपाल शास्त्री ने बताया कि होली से एक माह पहले होली का मंत्रोच्चार के साथ डांडा रोपा जाता है। उसी के साथ एक माह तक शुभ मंगल कार्यों पर विराम लग जाता है। खासतौर पर 8 दिन के औलाष्ट आते हैं तो इस दौरान पूजा-पाठ होते हैं, लेकिन शुभ कार्य नहीं हो पाएंगे।

## लापता नाबालिग 33 दिन बाद जयपुर से दस्तयाब

- गांव घटवाड़ा से 14 जनवरी की रात्रि को लापता हुई थी नाबालिग बालिका
- साथ एक युवक को भी दस्तयाब किया गया है

**मानपुरा माचेड़ी।** चंदवाजी थाना क्षेत्र के गांव घटवाडा से गत 14 जनवरी की रात्रि को घर से लापता हुई नाबालिग बालिका को आखिरकार 33 दिन बाद पुलिस ने तलाश कर लिया। इस संबंध में जयपुर ग्रामीण की पुलिस ने कई जिलों व राज्यो में नाबालिग बालिका की तलाश सरगर्मी से कर रही थी बुधवार को जयपुर ग्रामीण पुलिस को सफलता हाथ लगी और बालिका को जयपुर के गुर्जर की थडी से दस्तयाब कर लिया गया। साथ ही नाबालिग बालिका के साथ एक युवक को भी दस्तयाब किया गया है।

जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल ने बताया कि चंदवाजी के घट वाडा से गत 14 जनवरी की रात्रि को एक नाबालिग बालिका लापता हो गई थी इस संबंध में परिजनों ने गुमशुदगी की रिपोर्ट चंदवाजी थाने में दी थी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल 6 आरोपियों को बालिका के अपहरण के आरोप में गिरफ्तार किया था लेकिन नाबालिग बालिका नहीं मिल रही थी। बुधवार को जयपुर ग्रामीण की डीएसटी टीम के प्रभारी हेमराज मीणा को नाबालिग बालिका के गुर्जर की थडी जयपुर में एक टैक्सी ड्राइवर के साथ होने की जानकारी जानकारी मिली जिस पर पुलिस टीम ने परिजनों से बालिका की पहचान की पुष्टि करवा कर बालिका को दस्तयाब कर लिया।

बालिका एक युवक टेक्सी ड्राइवर छोटू पुत्र भूप सिंह जाती तंवर राजपूत उम्र 28 निवासी सेन्थरा जिला मुरैना मध्यप्रदेश के साथ रह रही थी पुलिस ने उसे भी दस्तयाब किया है।जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है।

# धोखाधड़ी पूर्वक जमीन हड़पने का मामला

- नगद पैसे का हवाला देकर थमाए चेक, चेक हुए बाउंस

**चाकसू, (निसं)।** शिवदासपुरा थाना इलाके में एक किसान के साथ भूमाफिया द्वारा जाल बिछाकर धोखाधडी पूर्वक जमीन खरीदने का मामला सामने आया है।

परिवादी शंकर सिंह ने बताया कि मेरी खातेदारी जमीन जो ग्राम बल्लू पुरा में स्थित है करीब 1 साल पूर्व मुझे पारिवारिक कार्यों के लिए पैसों की जरूरत के चलते जमीन बेचने की आवश्यकता थी इस दौरान किट्टी जैन पत्नी गौरव जैन महावीर नगर जयपुर एवं स्नेह लता जैन पत्नी अशोक जैन निवासी दुर्गापुरा जयपुर मेरी जमीन खरीदने के लिए आए और उन्होंने मेरी 5 बीघा जमीन का 45 लाख रुपए में सौदा तय किया एवं जमीन की एवज में पैसे तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री के वक्त देने की बात कह कर मुझे चाकसू उप पंजीयक कार्यालय में लेकर गए।

इस दौरान रजिस्टर से पूर्व मैंने मेरे तय पैसे मांगे तो उन्होंने मेरे को पैसे मेरे बैंक खाते में ट्रांसफर करने का झूठा भरोसा दिलाया एवं शेष राशि के चेक देने की बात कह कर मेरे से धोखाधडी पूर्वक जमीन की रजिस्ट्री करवा ली जब मैंने अपना बैंक खाता देखा तो बैंक खाते में के अनुसार पैसे नहीं जमा हुए एवं रजिस्ट्री में मेंशन चेकों को जब मैंने भुगतान के लिए अपने बैंक खाते में जमा किए तो सभी चेक बाउंस हो गए। जब मैंने इसकी बात जमीन के क्रेता किट्टी जैन व अनीता जैन को बताई तो उन्होंने कहा कि जो देने थे वह हमने दे दिए हैं अब हमारे पास कोई पैसा नहीं है और जो चेक हमारे द्वारा तुम्हारे को दिए गए थे उनको दोबारा अपने बैंक खाते में मत लगाना अगर ऐसा किया तो मुझे कई प्रकार की धमकियां भी दी गई में पूरे मामले से तंग आकर जब इसकी शिकायत शिवदासपुरा थाने में लेकर गया तो पुलिस ने मेरी एफ आई आर भी दर्ज नहीं की।

बाद में मुझे मजबूर होकर न्यायालय अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम संख्या 15 चाकसू में उपस्थित होकर एफ आई आर दर्ज कराना पड़ा जिसके बाद मेरी एफ आई आर संख्या 524/21 शिवदासपुरा थाने में दर्ज की गई जिसकी जांच उप निरीक्षक जगदीश प्रसाद को दी गई मेरी एफ आई आर दर्ज हुए करीब 3 माह गुजर जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई और भू माफियाओं को संरक्षण प्रदान किया जा रहा है जिससे मुझे कोई न्याय नहीं मिल पा रहा जिसके चलते में मानसिक रूप से अवसाद का शिकार हो रहा है एवं पूरा परिवार इस घटना को लेकर भयभीत है इन भू माफियाओं द्वारा मेरे परिवार पर कभी भी कोई जानलेवा हमला भी किया जा सकता है।

# बहरोड़ मुख्य चौराहे पर बढ़ते अतिक्रमण व जाम से हो रही दुर्घटनाएं

**बहरोड़, (निसं)।** कस्बे के जयपुर से दिल्ली नेशनल हाईवे नंबर 48 तथा अलवर से नारनौल जाने वाले रोड पर मुख्य चौराहे के कोने पर अवैध तरीके से वाहनों के खड़े होने से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। दूसरी तरफ मुख्य चौराहे पर नगर पालिका व भू माफियाओं की वजह से राष्ट्रीय मार्ग के पास में कोने पर निरस्तीकरण प्रक्रियाधीन टेंडर के पोल पर साईन बोर्ड लगाने से जाम की स्थिति बदतर हो रही है।

बुधवार दोपहर 12 बजे के लगभग मात्र 8 फीट रोड छोड़कर मुख्य चौराहे के पास अवैध तरीके से सड़क पर वाहन खड़ा करके साज सज्जा करने वाले फूलों की रेहडी वालों के द्वारा जाम की स्थिति के कारण एक स्कूटी सवार व्यक्ति दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहीं पर नजदीक के मेडिकल स्टोर पर जाकर उस व्यक्ति ने अपने माथे पर पट्टी करवाई। आसपास खड़े लोगों ने बताया कि स्कूटी सवार व्यक्ति गलत साइड से जा रहा था तथा अज्ञात वैन ने टक्कर मारी और फरार हो गया। मात्र 20 मीटर की दूरी पर हाईवे पुलिस ट्रैफिक पुलिस का स्टाफ मौजूद होने के बाद भी ऐसी स्थिति देखने को मिली जो एक असहनीय स्थिति है। आसपास के दुकानदारों को अपनी खुद की मोटरसाइकिल खडी करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन के बार-बार कार्यवाही करने के बाद भी ऐसी स्थिति पर काबू नहीं पाया जाना प्रशासन की लापरवाही कही जाए या रेहड़ी वालों की दादागिरी परंतु दुर्घटनाएं झेलने वाले लोगों को इस तरह की दुर्घटनाओं से निजात मिल पाना मुश्किल दिखाई दे रहा है।




**बहरोड़ के जयपुर से दिल्ली हाईवे नंबर 48 तथा अलवर से नारनौल जाने वाले रोड पर मुख्य चौराहे के कोने पर अवैध तरीके से वाहनों के खड़े होने से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।**

## अपहरण हुए दूसरे युवक की लाश भी बनास नदी में मिली

- पुलिस का अंदेशा अपहरणकर्ताओं ने अगवा करने के बाद युवकों की हत्या की

**देवली, (निसं)।** चोरी से मछलियां पकड़ने के विवादित प्रकरण में स्थानीय बीसलपुर बांध की बनास नदी में बुधवार को दूसरे युवक की भी लाश मिली।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव में मछली पकड़ने को लेकर दो पक्षों में 11 फरवरी को विवाद हो गया था जिसमें पंकज मीणा एवं उसके अन्य साथी दो बिहारी युवकों के साथ मारपीट कर उन से काम कराने की नियत पर उन्हें नाव में जबरदस्ती बिठा कर ले गए थे। जिसमें बिहारी युवक अनिल साहनी की लाश मंगलवार को बनास नदी में तैरती हुई मिली। पुलिस अनिल साहनी की मौत को लेकर अपराधियों के विरुद्ध साक्ष्य सबूत सबूत जुटा रहे थे। तभी इसी दौरान बुधवार को बिहारी युवक वीर बहादुर की लाश भी पुलिस को पानी में तैरती हुई मिल गई ऐसे में स्थानीय पुलिस के सामने दोनों बिहारी युवाओं की हत्या का मामला सामने आ गया हैं।

अमित बंगाली नामक युवक ने 11 फरवरी को पंकज मीणा और उसके अन्य साथी के विरुद्ध अपहरण कर ले गए का मामला दर्ज कराया था पुलिस ने भी उक्त दौरान मामला दर्ज कर लिया था। पहले युवक की मौत की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस साक्षी सबूत जुटाने के लिए छानबीन कर ही रही थी कि अपहरण हो चुके दूसरे युवक की तलाश दौरान बुधवार को पुलिस ने वीर बहादुर बिहारी युवक का शव उक्त स्थान से बरामद कर लिया। पीड़ित पक्ष के लोगों ने बताया कि मृतक युवक वीर बहादुर और अनिल साहनी बिहार के रहने वाले है। अवैध रूप से मछली पकड़ने को लेकर जिनका विवाद 11 फरवरी को पंकज मीणा और उसके साथियों के साथ हो गया था। उसके बाद पंकज मीणा अपने साथियों के साथ दोनों युवकों को जबरदस्ती नाव में बिठाकर नदी में ले गया था। लेकिन फिलहाल प्रकरण में दो ही आरोपी गिरफ्तार हुए। जबकि मुख्य आरोपी पंकज मीणा अभी भी फरार है। ऐसे में पुलिस यह अंदेशा लगा रही है कि आरोपियों ने अपहरण करने के बाद दोनों युवकों की हत्या कर दी गई है।

## सार-समाचार

### सड़क के बीच पलटा कंटेनर



**पावटा।** राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर पावटा के पास दिल्ली जयपुर हाइवे पर बावडी मोड के पास कंटेनर चालक को नींद की झपकी आने के दौरान एक कंटेनर अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट गया। इस हादसे में कंटेनर चालक व खलासी घायल हो गए। प्रागपुरा थाने के पावटा इलाके के-दिल्ली जयपुर हाइवे पर बावडी मोड के पास मंगलवार की देर रात दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल कंटेनर चालक व खलासी को बहार निकाल कर उन्हें अस्पताल भेज दिया। इधर-घटना की खबर मिलते ही प्रागपुरा थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच शुरू कर हादसे के बाद कुछ देर तक 48 नंबर-राष्ट्रीय राजमार्ग की सडक पर लंबा जाम लगने के कारण यातायात बाधित रहा। जिसे पुलिस हस्तक्षेप के बाद क्रेन की सहायता से कंटेंनर को एक तरफा करवा यातायात सुचारु करवाया गया।

### अतिक्रमण हटाने में शिथिलता पर कलेक्टर से न्यायालय ने मांगी रिपोर्ट

**मालपुरा।** डिग्गी ग्राम पंचायत में अतिक्रमण हटवाने को लेकर रामनारायण मीणा की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय ने जिला कलेक्टर चिन्मयी गोपाल से 2 सप्ताह में पालना रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिये हैं। एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा ने अवगत करवाया कि डिग्गी पंचायत में अतिक्रमण हटवाने को लेकर रामनारायण मीणा की ओर से एडवोकेट लक्ष्मीकांत शर्मा मालपुरा वाले द्वारा हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की गई थी। बुधवार को जस्टिस पंकज भंडारी व अनुपदण्ड की खण्डपीठ में हुई सुनवाई में अदालत ने टोंक जिला कलेक्टर से मामले को लेकर 2 सप्ताह मे पालना रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिये है।

### 'सन्त रविदास ने दिया था सामाजिक सौहार्द, भाईचारे एवं एकता का संदेश'

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर नन्नूमल पहाड़िया ने कहा कि सन्त शिरोमणी गुरू रविदास ने सामाजिक सद्भावना, अनेकता में एकता, असमानता के भेदभाव को दूर करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सन्त रविदास में अलोकिक शक्ति थी तथा वे निरगुण ईश्वर के उपासक थे। जिला कलक्टर ने यह उद्गार बुधवार को सन्त शिरोमणी रविदास के 645वें जन्मोत्सव पर गंगा सेवा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। इस अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने सन्त रविदास के जन्मोत्सव के अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि सन्त रविदास सामाजिक समसरता के प्रतीक थे। इस अवसर पर गंगा मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सन्त रविदास के जन्मोत्सव के अवसर पर केक भी काटा। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी अलवर प्यारेलाल सोठवाल, कोषाधिकारी राजकुमार, पूरन चन्द अलवरिया, महेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश मेहरा, महंत प्रकाशदास, समाज सेवक दौलतराम हजरती, पूनमरानी गुर्जर, हरिसिंह अलवरिया, अनिल अलवरिया, पन्नालाल सुलानिया, जगदीश प्रसाद मेहरा, केलाशचंद सुलानिया बाबूलाल राजोरिया, मा. रोशनलाल, गंगा मंदिर सेवा समिति के पदाधिकारी सहित आमजन उपस्थित थे।

### रेलवे मजदूर संघ का विरोध प्रदर्शन

**फुलेरा।** फुलेरा जंक्शन पर बुधवार को उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ शाखा फुलेरा द्वारा रेल प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के सचिव प्रेम चन्द वर्मा ने बताया कि रेलवे में मजदूर वर्ग की रिक्तियां अधिक होने से कर्मचारियों पर कार्य का दबाव अधिक रहता है। इस कारण अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों से अधिक कार्य करवाया जाता है। उन्हें समय से अवकाश नहीं दिया जा रहा है। इसी क्रम में कर्मचारियों को समय से रेस्ट व छुट्टियां नहीं मिलने के कारण वह बहुत तनाव में कार्य कर रहे हैं। इसके चलते उत्तर रेलवे मण्डल के कानपुर डिविजन के पनकी में कार्यरत एक ट्रैकमैन रमेश यादव को अवकाश नहीं मिलने के कारण वह तनाव में कार्य कर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट आ गया और उसकी मौत हो गई। इसको लेकर फुलेरा रेलवे स्टेशन पर उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के कर्मचारियों ने मृतक रमेश यादव को श्रद्धांजलि दी गई। वहीं रेल प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया गया। वहीं सचिव वर्मा ने प्रशासन से मांग की है कि रेलवे की रिक्तियों को भरें औऱ कर्मचारियों को समय समय पर अवकाश और रेस्ट दिया जाये।

### आंगनबाड़ी केंद्र में हुई चोरी के मामले में अनशन की चेतावनी

**उनियारा।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के नगरफोर्ट आंगनबाडी केंद्र में चोरी करने वाले आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों तथा मोहल्लेवासियों ने तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। वहीं मामले में शीघ्र कार्रवाई करने की मांग जिला प्रशासन से की।वार्ड पंच सीताराम बैरवा के नेतृत्व में मोहल्लेवासी एवं ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे और धरने पर बैठ गए। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 11 में स्थित आंगनबाडी केंद्र चतुर्थ पर 8 फरवरी को आंगनबाडी कार्यकर्ता प्रकाश शर्मा की पुत्री रजनी शर्मा किसी व्यापारी के साथ आंगनबाडी केंद्र से गर्भवती तथा धात्री महिलाओं को वितरण होने वाले पोषाहार के दाल के कट्टे चोरी कर ले जाते हुए मोहलेवासियों तथा ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड कर पुलिस को सूचना दी गई थी। जिस पर पुलिस प्रशासन ने पहुंचकर दाल के कट्टे को अपने कब्जे में लेकर जप्त कर लिया था। लेकिन फिर भी आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने 11 फरवरी को जिला कलेक्टर के नाम भी ज्ञापन भी सौंपा गया। इसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों ने बुधवार को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया।साथ ही ज्ञापन सौंपकर कहा कि 22 फरवरी तक अगर कार्रवाई नहीं की गई तो आमरण अनशन किया जाएगा।

### उपनिदेशक ने किया पालिका का वार्षिक निरीक्षण

**देवली, (निसं)।** क्षेत्रीय उपनिदेशक डॉ. अनुपमा ने स्थानीय नगर पालिका का वार्षिक निरीक्षण किया। पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने बताया कि उपनिदेशक ने यहां पहुंच कर स्थानीय नगरपालिका द्वारा गत एक वर्ष में किये गये कार्यों की समीक्षा की तो वहीं प्रत्येक कार्मिक को बुला-बुला कर उनसे जानकारी प्राप्त की तथा विकास कार्य रिकार्ड का भी जायजा लिया। उनके साथ इस मौके पर कृष्णावतार त्रिवेदी पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे। उपनिदेशक एवं पर्यवेक्षक द्वारा प्रशासन शहरों के संग अभियान की अब तक के कार्यों की समीक्षा की गई, तथा नगरपालिका द्वारा तैयार किये गये पट्टों का लाभार्थीयों को वितरण किया गया। वही उपनिदेशक ने नगरपालिका द्वारा करवाये जा रहे निर्माण कार्यो का मौका निरीक्षण किया, साथ ही नगरपालिका द्वारा बस स्टेण्ड में संचालित इन्द्रा रसोई, रैन बसेरा आदि का जायजा लिया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष, पार्षद गण, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी, सहायक अभियन्ता, कनिष्ठ अभियन्ता मय स्टाफ उपस्थित रहे।

**जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर**
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-14/2022/डी-2097 दिनांक:- 15.2.2022
**विज्ञप्ति** पटेल नगर गृ.नि.स.स.लि की योजना न्याय वाटिका के भूखण्ड संख्या सी-54 क्षेत्रफल 404.00 वर्गगज का आवंटन पत्र समिति द्वारा दिनांक 03.01.1996 को श्रीमती दुर्गा शर्मा पत्नी श्री रामजीलाल शर्मा के पक्ष में जारी किया गया है। तत्पश्चात श्रीमती दुर्गा शर्मा द्वारा उक्त भूखण्ड की पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 22.09.2010 से श्री हर्ष शर्मा पुत्र श्री राजनारायण के पक्ष में वसीयत की गई है तथा श्रीमती दुर्गा शर्मा की मृत्यु दिनांक 16.12.2014 को हो चुकी है। जिसके आधार पर आवेदक श्री हर्ष शर्मा पुत्र श्री राजनारायण द्वारा लीजडीड हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। यदि उक्त आवेदन पर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय जविप्रा परिसर पार्किंग वाली बिल्डिंग तृतीय तल कमरा नं. 322 में 3: 00बजे पश्चात अपने दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा आवेदिका के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नामहस्तान्तरण पर जारी कर दिया जावेगा।
उपायुक्त जोन-14, जयपुर विकास प्राधिकरण जयपुर

# प्रदेश में करोना संक्रमितों की संख्या में थोड़ी और वृद्धि हुई

## राज्य में बुधवार को 1702 नए संक्रमित मिले, इससे पहले मंगलवार को 1387 रोगी पाए गए थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 16 फरवरी। प्रदेश में बुधवार को थोड़ी और वृद्धि के बाद 1702 नए करोना संक्रमित मिले हैं। हालाकि इनकी तुलना में साढ़े तीन हजार से ज्यादा मरीज ठीक हुए हैं। वहीं इस बीमारी से 13 और लोगों की मौत हुई है।

राज्य में लगातार दूसरे दिन भी नए संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान बुधवार को 315 और मामले बढ़ने के साथ 1702 रोगी पाए गए हैं। इससे पहले मंगलवार को 1387 संक्रमित मिले थे। इधर राजधानी जयपुर में भी नए संक्रमितों की संख्या में और वृद्धि हुई है। जिले में पिछले चौबीस घंटों में 454 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा उदयपुर में 156, जोधपुर में 151, अलवर में 94, बांसवाड़ा में 88, झुंझुनूं में 67, कोटा में 58, राजसमंद में 55, अजमेर में 50, बीकानेर में 47, प्रतापगढ़ में 45, भीलवाड़ा में 41, सीकर में 36, पाली में 35, करौली में 34, नागौर में 33, भरतपुर में 31, झालावाड़ में 26, बारां में 25, हनुमानगढ़ में 24, चूरू में 23, जैसलमेर में 21, डूंगरपुर में 20, चित्तौड़गढ़ में 17, सिरोही में 14, सवाई माधोपुर में 13, बाड़मेर में 11, टोंक में 9, दौसा में 8, श्रीगंगानगर में 6, बूंदी में 5, धौलपुर में 3 और जालोर में 2 नए संक्रमित मिले हैं।

- जयपुर में भी थोड़ी और वृद्धि के बाद 454 नए संक्रमित मिले हैं।
- राज्य में साढ़े तीन हजार से ज्यादा मरीज स्वस्थ हुए हैं।
- प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से 13 और लोगों की मौत हो गई है।

इस बीच राज्य में 3569 लोग रिकवर हुए हैं। इसके साथ ही प्रदेश में अब तक 12 लाख 44 हजार 384 मरीज ठीक हो चुके हैं। राज्य में पिछले कई दिनों से बेहतर रिकवरी होने से एक्टिव केस घटकर 16 हजार 96 रह गए हैं। इनमें 4879 रोगियों का इलाज जयपुर जिले में चल रहा है।

राज्य में बुधवार को करोना से मरने वालों की संख्या में और वृद्वि हुई है। इस दौरान 11 जिलों में 13 लोगों की मौत हो गई है। इनमें बाड़मेर व सीकर में 2-2 और जयपुर, अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, झालावाड़, जोधपुर, कोटा, उदयपुर तथा नागौर में 1-1 संक्रमित की मृत्यु हुई है। प्रदेश में अब तक इस बीमारी से 9494 लोगों की मौत हो चुकी है।

### सी.बी.आई. ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

लेकिन एजेंसी को उन राज्यों में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है जिन्होंने एजेंसी की कार्यवाही के लिये दी गई आम सहमति/स्वीकृति वापस ले ली हैं तथा इस प्रकार के बैंक-फ्रॉड्स की जाँच राज्य की पुलिस को सौंप दी हैं।

अधिकारी ने कहा कि सी.बी.आई. के लिये, राज्यों की सीमा के अंदर किसी भी केस की जाँच के लिये राज्य सरकार की आम स्वीकृति (जनरल कन्सेंट) जरूरी होती है क्योंकि संविधान के तहत, पुलिस तथा सार्वजनिक व्यवस्था राज्य के विषय हैं।

उन्होंने कहा कि यह गुजरात सरकार की स्वीकृति के फलस्वरूप ही संभव हुआ है कि सी.बी.आई. पूरी मुस्तैदी के साथ ए.बी.जी. शिपयार्ड लिमिटेड के उस फ्रॉड की जाँच को आगे बढ़ा रही है, जो एस.बी.आई. सहित, 28 बैंकों के समूह, जिनका नेतृत्व आई.सी.आई.सी.आई. बैंक कर रहा है, के साथ किया गया है। कम्पनी को 30 जुलाई, 2016 को एन.पी.ए. घोषित कर दिया गया था, तथा इस घोषणा को 30 नवम्बर 2013 से लागू कर दिया गया था।



*बॉलीवुड के फेमस संगीतकार एवं गायक बप्पी दा का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वे पिछले एक वर्ष से, ऑब्स्ट्रक्टिव स्लीप एपनिया (ओ.एस.ए.) की बीमारी से जूझ रहे थे और सीने में संक्रमण की शिकायत के बाद उन्हें जूहू के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। स्वास्थ्य में कुछ सुधार के बाद डॉक्टर्स ने 15 फरवरी को उन्हें घर भेज दिया गया था लेकिन रात में अचानक दोबारा तबीयत बिगड़ने के कारण उन्हें फिर से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार रात 11 बजकर 45 मिनट पर 69 वर्षीय संगीतकार इस दुनिया को अलविदा कह गये। बप्पी दा के नाम से मशहूर, संगीतकार एवं गायक का वास्तविक नाम अलोकेश लाहिरी था। उनका जन्म सन् 1952 में जलपाईगुड़ी में, गायकों के परिवार, अपरेश लाहिरी और बांसुरी लाहिरी के घर में हुआ था। सन् 2018 में फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमैंट पुरस्कार से नवाज़े गए बप्पी लहिरी ने 1974 में, बंगाली फिल्म दादू में गायक के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। बॉलीवुड में डिस्को म्यूज़िक का रंग घोलने का श्रेय बप्पी लाहिरी को ही जाता है। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में, चलते चलते, डिस्को डांसर, नमक हलाल और शराबी जैसी कई फिल्मों में बेहद लोकप्रिय संगीत दिया। बॉलीवुड फिल्मों के लिए आखिरी गीत उन्होंने 2020 में आई फिल्म बागी-3 के लिए कम्पोज़ किया था।*

# सुप्रीम कोर्ट न्यायिक ट्रिब्युनल्स में रिक्त पदों के मामले में सख्त नाराज

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, नौकरशाही इस मामले को हल्के में ले रही है, अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को ट्रिब्यूनल में खाली पड़े पदों की भर्ती को लेकर हो रही लापरवाही पर नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि नौकरशाही मामले को हल्के में ले रही है और पदों को भरने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। कोर्ट का कहना है कि ट्रिब्यूनल में काफी पद खाली हैं जिनमें से कुछ ही पदों पर भर्तियां हुई हैं।

मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमना की अध्यक्षता वाली पीठ, जो देश भर के विभिन्न न्यायाधिकरणों में खाली पदों के मुद्दे पर सुनवाई कर रही है, ने कहा कि शुरू में कुछ नियुक्तियां की गई और उसके बाद आगे कुछ खास नहीं किया गया। पीठ ने बताया कि, हमें कुछ याचिकाएं मिली हैं, जिनमें एन.सी.एल.टी. (नैशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल) के सदस्यों के लिए समय बढ़ाने की मांग की गई है। वहीं, ट्रिब्यूनल में काफी कम नियुक्तियां हुई हैं और उसके बाद इस मामले में कुछ नहीं किया गया। कई सदस्य सेवानिवृत्त हो रहे हैं। फिर भी नौकरशाही इसे मुद्दे को हल्के में ले रही है।

अटार्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल, जो रिक्तियों से संबंधित मामलों से निपटने में पीठ की सहायता कर रहे हैं, ने रिक्तियों की सूची और उन्हें भरने के लिए उठाए गए कदमों को दिखाने का प्रयास किया।

पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर दो हफ्ते बाद सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत केंद्र से उन न्यायाधिकरणों में नियुक्तियां करने के लिए कह रही है जो पीठासीन अधिकारियों के साथ-साथ न्यायिक और तकनीकी सदस्यों की गंभीर कमी का सामना कर रहे हैं।

### अज्ञात वाहन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पहुंची वन विभाग की टीम ने पैंथर के शव को कब्जे में ले लिया और सज्जनगढ़ के बायोलॉजिकल पार्क ले गई जहां उसका पोस्टमार्टम करवा कर अंतिम संस्कार किया गया। मृत पैंथर नर है तथा उसकी उम्र आठ वर्ष के करीब बताई गई है। देबारी जिंक चौराहे के समीप बीते तीन माह में यह तीसरी घटना है जिसमें वाहन की टक्कर से पैंथर की मौत हुई है।

### कोविड की भांति...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

नहीं देनी चाहिये, जैसे- नफरत और आक्रामकता के द्विपक्षीय कार्यक्रमों को मदद करना।'' उन्होंने भारत को यू.एन. की उन कोशिशों का विरोध करने के लिये चुनौती भी दी, जो भारत में मुस्लिमों पर हो रहे आतंकी हमलों की बढ़ती संख्या को रोकने के लिये की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस्लामोफोबिया को मुख्यधारा का अंग न बनाया जाये।

### नये...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

9 साल तक के बच्चों को साथ ले जाने के लिये मोटर साइकिल चलाने वाले के लिये ये सुरक्षा-उपाय इसलिये अनिवार्य किये गये हैं क्योंकि सेफ्टी हार्नैस के उपयोग से बच्चा, ड्राइवर से सटा हुआ रहेगा। सेफ्टी एक ऐसी ''एडजस्टेबल'' पोशाक होगी, जिसे बच्चा पहनेगा तथा जिसके कंधे पर लगी हुई बैल्ट मोटर साइकिल चालक पहनेगा, जिससे बच्चे का धड़ पूरी तरह सुरक्षित रूप से ड्राइवर के साथ सटा हुआ रहेगा, चिपटा रहेगा।

अधिसूचना में उदाहरण के लिये सेफ्टी हार्नेस की तस्वीर तथा उसके बारे में विस्तृत जानकारी भी दी गई है।

# राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के घर में अनाधिकृत प्रवेश की चेष्टा

## डोभाल के घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे एक युवक को सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार किया

नई दिल्ली, 16 फरवरी (वार्ता)। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के राजधानी दिल्ली स्थित आवास में बुधवार को जबरन घुसने की कोशिश के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

अजीत डोभाल को जैड प्लस कैटिगरी की सुरक्षा मिली हुई है। इसके बावजूद इतनी बड़ी चूक से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शख्स को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पूछताछ में शख्स ने दावा किया कि किसी ने उसके शरीर में चिप लगा रखी है और उसे कंट्रोल कर रहा है। दिल्ली पुलिस के सूत्रों के मुताबिक हिरासत में लिए गए इस शख्स से पूछताछ की जा रही है। वह कौन है और एन.एस.ए. के घर में किस मंशा से घुस रहा था, यह जानने की कोशिश की जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, डोभाल के आवास में जबरन घुसने की कोशिश कर रहा यह शख्स बहकी-बहकी बातें कर रहा था। वह कह रहा था कि उसे अजीत डोभाल से मिलना है। उसकी समस्या वही सुलझा सकते हैं। शुरुआती जांच के बाद, दिल्ली पुलिस ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से परेशान लग रहा है। वह किराए की कार चला रहा था। अजित डोभाल दिल्ली के बेहद हाई सिक्यॉरिटी वाले इलाके लुटियंस जोन के 5 जनपथ बंगले में रहते हैं। उनसे पहले पूर्व प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल इस बंगले में रहते थे। डोभाल के बंगले के पास ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बंगला है। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में जन्मे डोभाल का करियर बतौर आई.पी.एस. ऑफिसर शुरू हुआ था। देश के भीतर दुश्मनों से निपटने के साथ-साथ विदेश में, खासतौर पर पाकिस्तान में डोभाल ने अपने काम से अलग छाप छोड़ी है। 90 के दशक की शुरुआत में डोभाल को कश्मीर भेजा गया था। करीब एक दशक तक उन्होंने खुफिया ब्यूरो की ऑपरेशन शाखा का नेतृत्व किया।

- मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में युवक ने दावा किया कि, किसी ने उसके शरीर में चिप लगा रखी है और उसे कंट्रोल किया जा रहा है।
- अजीत डोभाल दिल्ली के बेहद हाई सिक्युरिटी वाले इलाके लुटियंस जोन के 5 जनपथ बंगले में रहते हैं। डोभाल के बंगले के पास ही कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का बंगला है।

### भाजपा, पहले. ..

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

रहे आये थे या फिर उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोट दिये थे। दरअसल, उस समय जहाँ भाजपा की हिन्दुत्व की अपील तथा प्रधानमंत्री का विकास का एजेंडा- दोनों ही मिलकर काफी प्रभावी रूप से आ गये थे, वहीं अखिलेश यादव पारिवारिक अनबन के संकट से जूझते दिखाई दे रहे थे। जहाँ भाजपा की हिन्दुत्व की अपील इस बार उतनी कारगर नहीं हो रही है, वहीं अखिलेश भी अपने विशिष्ट तरीके से, एक नेता के रूप में स्वयं को स्थापित करने में सफल हो गये हैं। ज़मीनी रिपोर्टों के अनुसार, यादव मतदाता यह महसूस कर रहे हैं कि केवल सपा की जीत ही उनके समुदाय को राजनैतिक महत्व प्रदान कर सकती है। पिछले वर्षों में, यादवों के उत्पीड़न के बहुत से प्रकरण सामने आये हैं, तथा इस समुदाय के मन में यह बात भी घर कर चुकी है कि उन्हें सरकारी नौकरियों, खासतौर से पुलिस विभाग में, आनुपातिक रूप से प्रतिनिधित्व, पदोन्नति तथा पदस्थापन नहीं मिल रहे हैं।

# यौन शोषण मामले में प्रिंस एंड्रयू समझौते के तौर पर 1.6 करोड़ डॉलर देंगे

## ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू ने उन पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली युवती वर्जीनिया गिफ्रे के साथ ''आउट ऑफ कोर्ट'' सैटलमैंट किया

लंदन, 16 फरवरी (वार्ता/स्पूतनिक)। यौन शोषण मामले में फंसे ब्रिटेन के प्रिंस एंड्रयू न्यायालय के बाहर पीड़ित पक्ष हुए एक समझौते में 1.6 करोड डॉलर देने को तैयार हो गये हैं। मीडिया में शाही परिवार से जुड़े स्त्रोतों के हवाले से बुधवार को आई रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी।

प्रिंस एंड्रयू ने वर्जीनिया गिफ्रे के साथ न्यायालय के बाहर एक समझौता किया, गिफ्रे ने प्रिंस पर उनके साथ 17 साल की उम्र में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उम्मीद है कि दोनों पक्षों 30 दिनों के भीतर इस मामले को सुलझा लेंगे। इसके अलावा प्रिंस एंड्रयू हिंसा से पीड़ितों की सहायता के लिए एक संस्था को पर्याप्त राशि का भुगतान करेंगे। स्थानीय अखबार मिरर न्यूजपेपर के अनुसार, इसमें से सिर्फ दो मिलियन पाउंड ही संस्था को दिया जाएगा तथा बाकी के 10 मिलियन पाउंड (16 मिलियन डॉलर) गिफ्रे को व्यक्तिगत तौर पर मिलेंगे।

- वर्जीनिया गिफ्रे ने प्रिंस पर उनके साथ 17 साल की उम्र में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है।
- एग्रीमैंट के अनुसार इस राशि में से दो मिलियन पाउंड ही एक समाजसेवी संस्था को दिया जाएंगे तथा बाकी के 10 मिलियन पाउंड (16 मिलियन डॉलर) गिफ्रे को व्यक्तिगत तौर पर मिलेंगे।

अखबार ने सूत्रों का हवाला देते हुए कहा कि महारानी एलिजाबेथ और प्रिंस चार्ल्स ने मामले को निपटाने के लिए प्रिंस एंड्रयू पर काफी दबाव डाला ताकि महारानी की 70वीं वर्षगांठ के कार्यक्रमों पर इस विवाद का कोई असर न हो। इस समझौते के बावजूद, प्रिंस एंड्रयू अभी भी कथित तौर पर खुद को बेगुनाह बता रहे हैं और सार्वजनिक जीवन में लौटने का प्रयास कर रहे हैं।

प्रिंस एंड्रयू पर 38 वर्षीय गिफ्रे और उनके वकील ने कथित तौर पर उसके साथ 17 साल की उम्र में यौन शोषण करने पर आरोप लगाया था। ग्रिफे एक अमेरिकी-ऑस्ट्रेलियाई कार्यकर्ता है।

### यू.ए.ई के शेख से वर्चुअल मीटिंग करेंगे प्र.मंत्री मोदी

नई दिल्ली, 16 फरवरी (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अबू धाबी के उत्तराधिकारी शहजादे तथा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के सैन्य बलों के सर्वोच्च कमांडर शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नह्यान के साथ वीडियो कांफ्रेंस के जरिए 18 फरवरी को भारत-यूएई शिखर वार्ता करेंगे।

एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार दोनों नेता इस अवसर पर दोनों पक्षों के बीच ऐतिहासिक और मित्रवत संबंधों को आगे बढ़ाने के संबंध में अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत करेंगे।

भारत-यूएई कि शिखर बैठक ऐसे समय हो रही है जबकि भारत में आजादी का अमृत महोत्सव और यूएई की स्थापना की 50 वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है।

### आधार कार्ड कोई कवच...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

तहत लाभार्थी को चिन्हित करने और उसका सही और प्रमाणित डेटा पी.एम.- किसान पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेवारी संबंधित राज्य सरकार की है। यह जानकारी कृषि मंत्रालय ने 11 फरवरी 2022 को राज्य सभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में दी थी।

पी.एम. किसान लाथार्थियों की लिस्ट की एक अन्य अनियमितता गुजरात, आंध्र प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल से मिली है यहां आयकर दाता लाभार्थी किसानों की संख्या पात्र किसानों की संख्या से अधिक है।

योजना में स्पष्ट कहा गया है कि वे परिवार अपात्र हैं जिनके परिवार के सदस्य वर्तमान में किसी संवैधानिक पद पर हो या रहे हो, केंद्र व राज्य सरकार के वर्तमान या भूतपूर्व मंत्री, संसद के वर्तमान या पूर्व सदस्य, विधानसभा या विधानपरिषद के पूर्व या वर्तमान सदस्य, नगर निगम के वर्तमान या भूतपूर्व मेयर, जिला पंचायत; केंद्र व राज्य सरकार के सभी सेवारत या सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारी केंद्र व राज्य सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के या सरकार की स्वायत्तशासी संस्थाओं के कर्मचारी, स्थानीय निकायों के कर्मचारी, इसमें चतुर्थ श्रेणी के और ग्रुप डी के कर्मचारी शामिल नहीं हैं; दस हजार रू. या उससे अधिक की पैशन पाने वाले, इसमें चतुर्थ श्रेणी व ग्रुप डी के कर्मचारी शामिल नहीं है; वे सभी व्यक्ति जिन्होंने गत वित्त वर्ष में आयकर अदा किया है; डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टड एकाउण्टैंट, आर्किटैक्ट, जो प्रोफेशनल संस्थाओं द्वारा अधिसूचित है और काम कर रहे हैं; अपात्र हैं।

# 'आपने सशस्त्र बलों की पैंशन बढ़ोतरी के मामले में सिर्फ ''गुलाबी तस्वीर'' पेश की'

नई दिल्ली, 16 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वन रैंक वन पैंशन (ओ.आर.ओ.पी.) यानी की समान पद समान पैंशन नीति का केंद्र द्वारा बढ़ा-चढ़ा कर बखान किया गया और सशस्त्र बलों के पेंशन भोगियों को वास्तव में दिये गये लाभ की तुलना में कहीं अधिक ''गुलाबी तस्वीर'' पेश की गई है। न्यायालय ने केंद्र से यह बताने को कहा है कि सशस्त्र बलों में कितने कर्मियों को 'फोडीफाइड एश्योर्ड करियर प्रोगेशन (एम.ए.सी.पी.) मिला है, कितने कर्मी एश्योर्ड करियर प्रोगरेशन (ए.सी.पी.) में हैं और यदि न्यायालय ओ.आर.ओ.पी. में एम.ए.सी.पी. को भी शामिल करने को कहे तो वित्तीय आवंटन कितना होगा।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचुड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने केंद्र की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसीटर जनरल एन. वेंकटरमण से कुछ सवाल किये। पीठ ने जानना चाहा कि क्या 17 फरवरी 2014 को संसद में किये गये वादे से पहले ऐसी कोई नीति थी कि सरकार ओ.आर.ओ.पी. प्रदान करने के लिए सैद्धांतिक रूप से राजी है। न्यायालय ने कहा, ''हमे इस तथ्य पर गौर करना होगा कि ओ.आर.ओ.पी. की कोई सांविधिक परिभाषा नहीं है।

यह एक नीतिगत फैसला है। उनकी (याचिकाकर्ताओं की) यह दलील है कि संसद में जो कुछ कहा गया था और नीति के बीच विसंगति है। सवाल यह है कि क्या यह अनुच्छेद 14 का हनन करता है। आपके (केंद्र के) द्वारा ओ.आर.ओ.पी. नीति का बढ़ा-चढ़ा कर बखान किये जाने ने, याचिकाकर्ताओं को वास्तव में मिले लाभ की तुलना में कहीं अधिक गुलाबी तस्वीर पेश की है।''

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि, सशस्त्र बलों को पैंशन वृद्धि का उतना लाभ नहीं मिला, जितना सरकार ने बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया
- सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सशस्त्र बलों के लिए 'वन रैंक वन पैंशन' मामले में सुनवाई करते हुये केन्द्र सरकार के खिलाफ कड़ी नाराजगी जाहिर की।
- सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अगली सुनवाई 23 फरवरी को करेगा।

### शादी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

थी जब उसकी सास की मृत्यु हो गई थी पर तब भी वह वहां एक ही दिन रही थी।

# दुर्लभजी अस्पताल की प्रमुख सुमेधा दुर्लभजी का निधन

## 2003 में ढाई करोड़ के लिए हुआ था अपहरण

- प्रकाश भण्डारी -

जयपुर, 16 फरवरी। गुलाबी शहर के रत्न व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठित दुर्लभजी परिवार की बहू तथा सन्तोकबा दुर्लभजी ट्रस्ट, जो सन्तोकबा दुर्लभजी मेमोरियल अस्पताल (एस.डी.एम.एच.) की संचालक संस्था है, की चेयरपर्सन सुमेधा दुर्लभजी का आज यहां 81 वर्ष की अवस्था में निधन हो गया। वह अपने पीछे पुत्र मेहुल और पुत्री टीना बाफना के साथ भरा-पूरा परिवार छोड़ गईं।

रश्मिकांत दुर्लभजी की पत्नी और पद्मश्री खेलशंकर दुर्लभजी की पुत्रवधू सुमेधा जी के निधन से शहर के रत्न व्यापार और संतोकबा दुर्लभजी अस्पताल में शोक छा गया। सुमेधाजी खेलशंकर दुर्लभ जी आवेदना आश्रम की भी चेयरपर्सन थी। आवेदना आश्रम वृद्ध, असहाय बेसहारा, निर्धन और दुर्बल लोगों की आश्रय स्थली है, जहाँ उन्हें पूरे सम्मान के साथ रखा जाता है।

आवेदना आश्रम जयपुर शहर की प्रतिष्ठित संस्था है जिसकी स्थापना रश्मिकांत दुर्लभजी ने मानव कल्याण के लिए की थी और उनके बाद सुमेधाजी ने उसे पूरी तन्मयता से विकसित किया और संभाला। अपने पति की मृत्यु के पश्चात आवेदना आश्रम का सारा खर्च सुमेधा जी सहर्ष उठा रही थीं। उनके निधन से आवेदना आश्रम को अपूरणीय क्षति हुई है।

सुमेधा दुर्लभजी सरल, शांत और करुणामयी महिला के रूप में जानी जाती थीं और वह बेहद सादगी का जीवन जी रही सुमेधा जी अपना अधिकांश समय अस्पताल और आश्रम को देती थीं।

सुमेधा दुर्लभजी का 6 फरवरी 2003 को बिहार के युवकों ने उस समय अपहरण कर लिया था जब वह राजस्थान विश्वविद्यालय के खुले क्षेत्र में प्रातः टहलने के लिए गई थीं।

पूरे विश्व में ''एमरल्ड किंग'' के नाम से जाने वाले दुर्लभजी परिवार की इस बहू का सात लोगों ने अपहरण किया और उनके पति स्वर्गीय रश्मिकांत से ढाई करोड़ की फिरौती मांगी।

अपहरण में लिप्त लोग सुमेधा को दिल्ली के नम्बर वाली मारूति एस्टीम कार में जबर्दस्ती धकेल कर दिल्ली ले गए। अपहरणकर्ताओं का प्रमुख बिहार का अजय कुमार सिंह था जिसने 1991 में छतरा से लोकसभा चुनाव भी लड़ा था पर 12 हजार मतों से हार गया था। माना जाता था कि वह स्वर्गीय प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर के करीबी था। राजनीति में असफल होने के बाद वह अपराध जगत में लिप्त हो गया और अपना गैंग बनाकर अपराध करने लगा था। इसी अपराध के क्रम में जयपुर आकर अपने साथियों राजीव रंजन, अभय सिंह, अनिल कुमार, प्रमोद प्रताप, राजू कुमार सिंह और उमेश कुमार के साथ मिलकर सुमेधा का अपहरण किया। अपहरण के दिन केवल चार लोग ही शामिल थे और बंदूक की नोक पर अकेले टहल रही सुमेधा को जबर्दस्ती कार से दिल्ली ले गए। इस अपहरण में काम ली गई एक कार वे बनीपार्क में एक स्थान पर छोड़ गए। सुमेधा को फरीदाबाद के 19 सैक्टर के एक मकान में पहले रखा गया।



सुमेधा दुर्लभजी

इस पूरे मामले में दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और बिहार की पुलिस तत्पर होकर जाँच में जुट गई। जाँच दल का नेतृत्व भारतीय पुलिस सेवा के अजित सिंह शेखावत कर रहे थे। अपहरण के बाद दो दिनों तक सुमेधा ने कुछ भी नहीं खाया था और वह डरी और सहमी हुई थी। अपहरणकर्ता विभिन्न नम्बरों से दुर्लभजी परिवार से सम्पर्क कर फिरौती मांग रहे थे। एक छोटे से कमरे में जिसमें हवा और पानी की सुविधा नहीं थी में एक पखवाड़े तक सुमेधा जी को बंधक बनाए रखा गया। वह केवल फल और फलों का रस तथा कॉफी आदि पर आश्रित थी। उन्हें समाचार पत्र आदि नहीं दिए जाते थे। हालांकि टी.वी. की सुविधा थी। इन्हें बसंत कुंज के फ्लैट में भी रखा गया था। राजस्थान और विशेषकर दिल्ली पुलिस ने गहन अभियान चलाकर जिसका नेतृत्व ए.सी.पी. रविशंकर कर रहे थे। मोबाइल फोन की लोकेशन को तलाशते हुए वह स्थान ढूंढ निकाला जहां सुमेधा जी को रखा गया था। अचानक छापा मारकर पुलिस ने उस घर में प्रवेश किया और वहां पहरा दे रहे तीन लोगों को दबोच कर पूरे 21 दिन बाद सुमेधा को आज़ाद कराया। जयपुर के एक न्यायालय ने इस अपहरण के लिए सात लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और चार लोगों को अपराध में सीधे लिप्त नहीं पाया।

सभी अपराधी जयपुर सैन्ट्रल जेल में सजा काट रहे हैं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908

Skilling You

# SKILLING YOU

# जिंदगी जिंदाबाद !

## हर रोज़ - मोटिवेशन का डोज़



## MR. AMAR CHAUDHARY

MotivACtional Speaker

## TIME- 8:45 AM - 9:00 AM

# बिल्कुल फ्री




## ONLY ON SKILLING YOU APP

एप डाउनलोड करने के लिए **971-777-9377** पर मिस्ड कॉल करें
या अभी डाउनलोड करें **SKILLING YOU** एप GET IT ON Google Play से

WWW.SKILLINGYOU.COM

*conditions apply